

ग्यारह महत्वपूर्ण रणनीतिक खनिज ब्लॉक की नीलामी रद्द - 12



निवेशकों को 51 लाख करोड़ रुपये का नुकसान, सेंसेक्स 11 प्रतिशत टूटा- 12




होर्मुज अगर एक महीना और बंद रहा तो 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचेगी तेल की कीमत - 13



एलएसजी का पहला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से आज - 14



आज का मौसम

30.0° अधिकतम तापमान

18.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.02 सूर्यास्त 06.30

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 07:06 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2083

बुधवार, 1 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 35, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# इस्फहान परमाणु केंद्र पर तीसरी बार अमेरिकी हमला, ईरान ने कुवैत का तेल टैंकर उड़ाया

- घटनाओं से क्षेत्रीय तनाव और वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता बढ़ी
- रूस बोला- अमेरिका-इजराइल शांति नहीं चाहते

दुबई, एजेंसी



अमेरिका-ईरान संघर्ष के बीच मंगलवार तड़के अमेरिका ने तीसरी बार ईरान के इस्फहान शहर में स्थित परमाणु ठिकाने को निशाना बनाया, जबकि तेहरान ने जवाबी कार्रवाई में दुबई तट के पास एक कुवैती तेल टैंकर पर हमला किया। इन घटनाओं ने क्षेत्रीय तनाव और वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता को और बढ़ा दिया है। इस्फहान में हुए हमले के बाद आसमान में काफी ऊंचाई तक आग फैलती हुई दिखी। यह वही क्षेत्र है जहां पिछले साल जून में भी अमेरिकी सेना ने कार्रवाई की थी।

अमेरिकी कार्रवाई के बाद भी इस्फहान में ईरान का संवर्धित यूरेनियम संग्रहित होने की आशंका जताई जाती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमले का वीडियो साझा करते हुए कहा कि संघर्ष विराम के लिए कूटनीतिक प्रयास जारी हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि ईरान केवल अमेरिकी बलों को निशाना बना रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर लिखा कि अमेरिकी बलों को क्षेत्र से बाहर किया जाना चाहिए। उधर, क्षेत्रीय तनाव के बीच बहरीन में सायरन की आवाज सुनाई दीं, जबकि सऊदी अरब ने राजधानी रियाद की ओर दागी गईं तीन बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराने का दावा किया। लेबनान में जारी सैन्य अभियान के दौरान इजराइल के चार सैनिकों और दो संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की मौत की भी खबर है, जिसके बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने आपात बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। वहीं, अमेरिका के सहयोगी खाड़ी देशों ने ईरान के खिलाफ युद्ध को जारी रखने का ट्रंप से अनुरोध किया है। रूस ने कहा है कि- अमेरिका-इजराइल दोनों ही शांति नहीं चाहते। चीन और पाकिस्तान ने मंगलवार को पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए पांच सूत्री शांति प्रस्ताव रखा, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के सुरक्षित आवागमन की मांग भी शामिल है।

## अमेरिका ने हिंद महासागर में तैनात की जल-थल सेना

**वॉशिंगटन।** ईरान के खिलाफ संभावित अमेरिकी जमीनी अभियान की अटकलों के बीच, उभयचर आक्रमण पोत यूएसएस ट्रिपोली को हिंद महासागर में तैनात किया गया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। सेंटकॉम द्वारा जारी एक तस्वीर में 45,000 टन वजनी युद्धपोत को रविवार को हिंद महासागर में नौवहन करते हुए दिखाया गया, हालांकि ईरान से इसकी सटीक दूरी का खुलासा नहीं किया गया। अमेरिका के रक्षा विभाग द्वारा 26 मार्च को साझा की गयी तस्वीरों के अनुसार, ट्रिपोली पर 31वें समुद्री अभियान दल के लगभग 1,800 नौसैनिक तैनात हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ऑपरेशन एपिक फ्यूरी योजना के अनुसार सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है। अब तक 11,000 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया गया है और ईरान की बैलिस्टिक तथा ड्रोन हमलों में 90 प्रतिशत की कमी आयी है।

## ऊंची कीमतों से परेशान देश अपना तेल स्वयं हासिल करें



**दुबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि तेल की ऊंची कीमतों से परेशान देश अपने तेल का इंतजाम स्वयं करें क्योंकि ईरान होर्मुज पर अपना नियंत्रण बनाए हुए है। ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन सहयोगियों के प्रति अपनी निराशा जतायी जोकि महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को फिर से खोलने में अमेरिका की मदद करने को तैयार नहीं हैं। ट्रंप ने लिखा, अपने तेल का स्वयं इंतजाम करें। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे देशों को अमेरिका से खरीद करनी चाहिए क्योंकि हमारे पास पर्याप्त मात्रा में तेल है। ट्रंप की मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में ये टिप्पणी ऐसे समय आईं जब अमेरिका में पेट्रोल की औसत कीमत चार डॉलर प्रति गैलन से ऊपर पहुंच गई है।

## इटली का अमेरिका को सैन्य बेस देने से इनकार

इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने अमेरिका को सिगोनेला बेस के इस्तेमाल की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इटली की मीडिया के अनुसार ऐसा तब किया गया जब इटली को अमेरिका के कुछ हवाई विमानों की उड़ान योजना के बारे में पता चला, जिसमें पश्चिम एशिया जाने से पहले सिगोनेला में उतरना शामिल था।

## ब्रीफ न्यूज

### चौकी इंचार्ज, उप आबकारी निरीक्षक सस्पेंड

**देहरादून।** रिटायर्ड ब्रिगेडियर मौत के मामले में मुख्यमंत्री के निर्देश पर उप आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 मसूरी सोबन सिंह और कुठालगेट चौकी प्रभारी अशोक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कानून-व्यवस्था से जुड़ी घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरी नाराजगी जताते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राज्य में किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश भर में व्यापक अभियान चलाकर अवांछित तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सीबीआई ने रिश्वत लेने के आरोप में अधिकारी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने रतलाम में तैनात सीजीएसटी के एक सहायक आयुक्त को कथित तौर पर 1.5 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने शंकर परमार को 1.5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। यह कार्रवाई परमार द्वारा 5 लाख की रिश्वत मांगने के मामले में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज किये जाने के कुछ घंटों बाद की गई। सीबीआई ने 31.03.2026 को रतलाम में तैनात सीजीएसटी के सहायक आयुक्त, सीजीएसटी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# मंदिर में भगदड़, 8 की गई जान

## नालंदा के शीतला माता मंदिर में जान गंवाने वालों में ज्यादातर महिलाएं, 25 हजार श्रद्धालु थे मौजूद | वीआईपी मूवमेंट पर तैनात थे हजारों सुरक्षाकर्मी मंदिर में नहीं थे सुरक्षा व्यवस्था के कोई इंतजाम

बिहार शरीफ, एजेंसी

बिहार के नालंदा जिले में दीपनगर थानाक्षेत्र के मघड़ा गांव में प्राचीन शीतला माता मंदिर में मंगलवार सुबह भगदड़ मचने से आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल नजर आया। बता दें कि नालंदा में ही राष्ट्रपति का वीआईपी मूवमेंट भी था, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था में हजारों कर्मी तैनात थे।

भगदड़ के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। भगदड़ के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मंदिर में करीब 25 हजार श्रद्धालु थे। बिहारशरीफ के सहायक पुलिस अधीक्षक नूरुल हक ने कहा, मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में भगदड़ के दौरान कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिनमें अधिकतर महिलाएं थीं। नालंदा के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शुभम कुमार ने कहा कि मंदिर में अत्यधिक भीड़ के कारण यह हादसा हुआ होगा। इस बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा शोक व्यक्त कर मृतकों के परिजनों को छह-छह लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। कुमार ने अधिकारियों को घायलों का बेहतर उपचार सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने इस घटना को कथित प्रशासनिक कुप्रबंधन का परिणाम बताते हुए राज्य सरकार की आलोचना की। प्रधानमंत्री मोदी ने घटना में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की और मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। वहीं राष्ट्रपति ने भगदड़ की घटना को अत्यंत हृदयविदारक बताया।



नालंदा : शीतला माता मंदिर परिसर में भगदड़ मचने के बाद मची चीत्कार।



### भगदड़ कांड की जांच के लिए खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

डीएम ने बताया कि घायल लोगों का इलाज निजी और सरकारी अस्पतालों में चल रहा है और प्रशासन की टीम लगातार उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराया जा रहा है। घटना के कारणों को लेकर डीएम कुंदन कुमार ने कहा कि मंदिर परिसर में भगदड़ कैसे मची, इसकी जांच सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय लोगों के बयान के आधार पर की जा रही है। जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एक-दूसरे के ऊपर गिर गए श्रद्धालु

घटना उस समय हुई जब चैत्र माह के आखिरी मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। मौके पर मेला भी लगा था, जिससे भीड़ और बढ़ गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ को नियंत्रित करने के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। दर्शन की जल्दी में धक्का-मुक्की शुरू हो गई और अफरातफरी से कई लोग भीड़ में दब गए। घटना के बाद प्रशासन ने मंदिर और मेला दोनों को बंद करवा दिया है।

### थानाध्यक्ष तत्काल प्रभाव से निलंबित

इस बीच पुलिस कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में दीपनगर के थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है तथा घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं। बयान के अनुसार मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जांच में मदद के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों को भी लगाया गया है।

# जंग का फायदा उठाने के लिए कांग्रेस 'राजनीतिक गिद्ध' की तरह घात लगाए हुए है : मोदी

थराद(गुजरात), एजेंसी



- बोले- भारत ने मजबूत विदेश नीति व अपनों की एकजुटता से इस स्थिति का मुकाबला प्रभावी ढंग किया

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कहा कि जहां दुनिया युद्ध, अशांति और ईंधन की बढ़ती कीमतों का सामना कर रही है वहीं भारत ने अपनी मजबूत विदेश नीति और अपने लोगों की एकजुटता के कारण इस स्थिति का मुकाबला प्रभावी ढंग से किया है। मोदी ने कांग्रेस पर लोगों में दहशत फैलाने का आरोप लगाया ताकि लोग पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें लगा सकें। उन्होंने मुख्य विपक्षी पार्टी की तुलना 'राजनीतिक गिद्धों' से करते हुए कहा कि वह (पश्चिम एशिया युद्ध से उत्पन्न) स्थिति का राजनीतिक फायदा उठाने की फिराक में है।

मोदी ने गुजरात के वाव थराद जिले के नानी गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ऐसे समय में जब दुनिया युद्ध, अशांति और बढ़ती ईंधन कीमतों से जूझ रही है, भारत ने अपनी मजबूत विदेश नीति से स्थिति को प्रभावी ढंग से संभाला है। कहा कि कुछ दल, विशेषकर कांग्रेस, राष्ट्रीय एकता का समर्थन करने के बजाय भय फैलाकर स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। आज कांग्रेस लोगों को उकसाने में व्यस्त है। राजनीतिक गिद्धों की तरह, यह स्थिति के बिगड़ने की प्रतीक्षा कर रही है ताकि फायदा उठाकर राजनीतिक बढ़त हासिल की जा सके।

### संघर्ष ने हर देश को प्रभावित किया

मोदी ने दावा किया कि प. एशिया की परिस्थितियों ने हर देश को प्रभावित किया है, लेकिन भारत ने स्थिति को अच्छी तरह से संभाला है। विपक्ष पर अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि वे अराजकता फैलाना चाहते हैं। हालांकि, कांग्रेस लोगों को पेट्रोल पंप पर लंबी कतारें लगाने और अव्यवस्था फैलाने के लिए उकसाने की कोशिश कर रही है।

# चम्पावत को 36.83 करोड़ की योजनाओं की सौगात



योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करते सीएम धामी।

- मुख्यमंत्री धामी ने चम्पावत में 17 योजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया
- गांधी चौक पर स्थापित 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण किया

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत के समग्र विकास को नई दिशा देते हुए जनकल्याण एवं आधारभूत संरचना को सशक्त बनाने के लिए मंगलवार को 36.83 करोड़ रुपए की 17 योजनाओं शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

इन योजनाओं में 7.12 करोड़ की 4 योजनाओं का लोकार्पण तथा 29.71 करोड़ की 13 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से चम्पावत के अंतिम छोर तक विकास का लाभ पहुंचेगा और जनपद तेजी से ''आदर्श जनपद'' के रूप में स्थापित होगा। साथ ही उन्होंने गांधी चौक पर स्थापित 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का विधिवत अनावरण करते हुए कहा कि, तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता का प्रतीक है, जो प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रसेवा का भाव जागृत करता है तथा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता है।

कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड विकास और समृद्धि के नए आयाम स्थापित कर रहा है तथा चम्पावत को आदर्श जनपद बनाने का संकल्प इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि जनपद में 117 करोड़ से अधिक की लागत से गोल्ज्यू कॉरिडोर का निर्माण प्रगति पर है।

### 57 करोड़ की लागत से बन रहा साइंस सेंटर

मुख्यमंत्री ने बताया कि 57 करोड़ की लागत से बन रहा साइंस सेंटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस युग में बच्चों को आधुनिक ज्ञान से जोड़ते हुए उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। शारदा कॉरिडोर के निर्माण से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# आफत : हल्द्वानी में यूजर चार्ज दुकानों का किराया बढ़ा

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी-काठगोदाम नगर निगम की मंगलवार को बोर्ड बैठक में आम जनता और व्यापारियों पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ डालने वाले फैसले लिए गए।

बैठक में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का यूजर चार्ज 60 रुपये से बढ़ाकर 70 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया, जबकि शहर में सफाई व्यवस्था पहले से ही सवालों के घेरे में है। आम जनता की शिकायत रहती है कि कई वार्डों में कूड़ा गाड़ियां नियमित नहीं पहुंच रहीं, बावजूद इसके यूजर चार्ज बढ़ाना गलत है। वहीं, निगम की दुकानों के किराए में बढ़ोतरी को लेकर भी कोई राहत नहीं दी गई। व्यापारी पहले से ही किराया बढ़ाए जाने का विरोध कर रहे हैं, लेकिन बैठक में उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लेते हुए बढ़ोतरी का प्रस्ताव पास कर दिया गया। इससे व्यापारियों में नाराजगी और बढ़ गई है। मेयर गजराज सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में 16 प्रस्ताव पारित किए गए और 216 करोड़ रुपये के बजट पर चर्चा हुई।

(संबंधित पेज-3)

# राहत : उत्तराखंड में नहीं बढ़ेंगी बिजली दरें

मुख्य संवाददाता, देहरादून



- नियामक आयोग ने टैरिफ वृद्धि को अस्वीकार किया

**अमृत विचार:** महंगाई के इस दौर में उत्तराखंड के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग (यूईआरसी) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित 18.86 फीसदी बिजली टैरिफ वृद्धि को अस्वीकार कर दिया है।

इस फैसले से आम बिजली उपभोक्ताओं को बढ़े हुए बिजली बिलों के बोझ से सीधी बड़ी राहत मिली है। साथ ही आयोग ने 25 किलोवाट ऊर्जा खर्चने वालों को सौर ऊर्जा का उपयोग करने पर भी राहत दी है। आयोग के अध्यक्ष एमएल प्रसाद, सदस्य तकनीकी प्रभात कुमार डिमरी और सदस्य न्यायिक अनुराग शर्मा ने मंगलवार को संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में वर्ष 2026 की विद्युत दरों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि ऊर्जा कंपनियों यूपीसीएल, यूजेवीएनएल और पिटकुल की ओर से टैरिफ बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन आयोग ने दरों को यथावत रखते हुए केवल टैरिफ रेशनलाइजेशन (संरचनात्मक सुधार) लागू किए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक भार डाले बिना बिजली व्यवस्था को अधिक संतुलित, पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में लिया गया है।

(संबंधित पेज-2)

# टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** बंगाल चुनाव से पहले मंगलवार को यहां भाजपा में शामिल हुए टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने कहा कि यह महज औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है और राष्ट्र की सेवा करने का एक बड़ा अवसर भी है। भाजपा में उनका स्वागत करते हुए किरेन रीजीजू ने उम्मीद जताई कि पार्टी की ओर से पेस अब अब राजनीति में बड़ी पारी खेलेंगे। पेस (52) रीजीजू और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए।

(विस्तृत खेल पेज पर)

बदलाव | एफएंडओ सौदों पर एसटीटी बढ़ेगी, भारत में डेटा सेंटर सेवाएं लेने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक 20 वर्ष की कर छूट

# नया आयकर कानून एवं कई बजटीय प्रावधान आज से लागू

नई दिल्ली, एजेंसी




नए आयकर कानून और अन्य बजटीय प्रावधान एक अप्रैल से लागू होंगे। इन बजटीय प्रावधान में वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) व्यापार पर उच्च प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और चिकित्सा तथा शिक्षा उद्देश्यों के लिए विदेशी पर्यटन पैकेज एवं एलआरएस प्रेषणों पर कम टीसीएस शामिल हैं।

इसके अलावा, भारत में डेटा सेंटर सेवाएं लेने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक 20 वर्ष की कर छूट और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए 'सेफ हार्बर' प्रावधानों की सीमा बढ़ाने से संबंधित बजट घोषणाएं भी वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ बुधवार से प्रभावी हो जाएंगी।

आयकर अधिनियम, 2025 एक अप्रैल 2026 से आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। नए कानून का उद्देश्य उसी कर नीति को अधिक तार्किक, सुलभ एवं पाठक-अनुकूल प्रारूप में प्रस्तुत करना है। आयकर विभाग ने कहा कि बदलाव अवधि के दौरान उसका ई-फाइलिंग मंच पुराने और नए दोनों आयकर कानूनों के तहत अनुपालन की सुविधा देगा। साथ ही, पिछले वर्षों से संबंधित सभी आकलन, अपील एवं अन्य कार्यवाही अंतिम निपटान तक पुराने कानून के तहत ही जारी रहेंगी। आकलन वर्ष 2026-27 (जो पुराने कानून की अवधि से संबंधित है) के लिए जुलाई 2026 में रिटर्न दाखिल करने वाले करदाता पुराने कानून के तहत निर्धारित प्रपत्रों का ही उपयोग करेंगे। कर वर्ष 2026-27 के लिए अग्रिम कर भुगतान जो जून 2026 से शुरू होगा। उसे नए कानून के अनुसार किया जाएगा। आयकर अधिनियम, 2025 में आकलन वर्ष और पूर्व वर्ष के अंतर को समाप्त कर एकल 'कर वर्ष' व्यवस्था लागू की गई है। साथ ही, समय सीमा के बाद आयकर रिटर्न दाखिल होने पर भी टीडीएस की वापसी बिना किसी दंड शुल्क के लेने की अनुमति दी गई है। एक अप्रैल से लागू होने वाला एक अन्य बड़ा बदलाव एफएंडओ सौदों पर एसटीटी में वृद्धि है। वायदा अनुबंधों पर एसटीटी 0.02 प्रतिशत से बढ़कर 0.05 प्रतिशत हो जाएगा।

### अब टोल प्लाजा पर नहीं चलेगा कैश

1 अप्रैल 2026 से देश के सभी टोल प्लाजा पूरी तरह से कैशलेस हो जाएंगे और आप अगर कैश देकर टोल पेमेंट करना चाहेंगे तो फंस जाएंगे। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने देश के राजमार्गों पर सफर को ज्यादा आसान और और पारदर्शी बनाने के लिए टोल कलेक्शन से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए कैश ट्रांजेक्शन को खत्म करने का फैसला किया है और आप अब सिर्फ फास्टैग या ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिये ही टोल फीस का भुगतान कर सकते हैं। एनएचएआई का यह कदम पूरे देश में उसके सभी टोल प्लाजा पर लागू होगा। एनएचएआई के अधिकारियों का मानना है कि पूरी तरह से डिजिटल सिस्टम से वाहनों को टोल प्लाजा से तेजी से गुजरने में मदद मिलेगी और इससे जहां एक तरफ लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा, वहीं ट्रैवल टाइम भी बचेगा।

**स्टेट ब्रीफ**

### हाईकोर्ट ने दो सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने नदियों में जमा सिल्ट हटाने संबंधी स्वत: संज्ञान जनहित याचिका पर सुनवाई की। खंडपीठ ने राज्य सरकार से दो सप्ताह में पूर्व के आदेशों के क्रम में अब तक नदियों में जमा सिल्ट हटाने की कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट शपथ पत्र के साथ पेश करने को कहा है।

### हाईकोर्ट ने मांगा अतिरिक्त शपथपत्र

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने नैनीताल के वर्ष 2016-17 के बीच रहे डीएम द्वारा 18 स्टोन क्रशरों का अवैध खनन एवं भंडारण पर लगाए 50 करोड़ से अधिक का जुर्माना माफ कर देने संबंधी याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिककर्ता भुवन पोखरिया को दो सप्ताह में संबंधित दस्तावेज अतिरिक्त शपथपत्र के माध्यम से पेश करने के निर्देश दिए हैं।

### पनवाली कांठा में बनेगा नया ट्रैक

**देहरादून :** पर्यटन को नई दिशा देने के उद्देश्य से जीएमवीएन रुद्रप्रयाग जनपद के पनवाली कांठा क्षेत्र में नया ट्रैकिंग मार्ग बनाएगा। निगम के एमडी प्रतीक जैन ने मंगलवार को बताया कि यह ट्रैक बांगर क्षेत्र से होते हुए पधानी ताल के ऊपर स्थित खूबसूरत पहाड़ी इलाकों से गुजरते हुए चिरवटिया तक पहुंचता है, जो रुद्रप्रयाग-टिहरी बॉर्डर के पास स्थित है।

# नॉर्थ ईस्ट के साथ सभी छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: सीएम

## एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत नॉर्थ ईस्ट के युवाओं से मुख्यमंत्री धामी ने किया संवाद

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अंतर्गत उत्तर-पूर्वी राज्यों के युवाओं ने संवाद किया। ये युवा देहरादून से उत्तरकाशी की यात्रा पर तीन दिवसीय राज्य भ्रमण कार्यक्रम के तहत आए हुए हैं। इस दौरान विभिन्न उत्तर-पूर्वी राज्यों के छात्रों ने मुख्यमंत्री से कई महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका मुख्यमंत्री ने विस्तारपूर्वक आत्मीयता के साथ उत्तर दिया।

त्रिपुरा की एक छात्रा द्वारा छात्रों की सुविधा और सुरक्षा के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में देश-विदेश से छात्र शिक्षा ग्रहण करने आते हैं और उनकी सुविधा और सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

वहीं, अरुणाचल प्रदेश के एक छात्र द्वारा उत्तराखंड और उत्तर-पूर्वी राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों क्षेत्रों की भौगोलिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियाँ काफी हद तक समान हैं, जिससे 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को और मजबूती मिलती है। उत्तराखंड में महिलाओं की भूमिका पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में 2.65 लाख से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं तथा महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार ने 19 हजार करोड़ रुपये का जेंडर बजट निर्धारित किया है।




देहरादून में शासकीय आवास पर नॉर्थ ईस्ट के छात्रों के साथ संवाद करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### सभी छात्र उत्तराखंड में पूर्णत: सुरक्षित

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे उत्तर-पूर्व से आए छात्रों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार रखें और 'अतिथि देवो भव:' की भावना को बनाए रखें। कहा कि राज्य सरकार नॉर्थ ईस्ट के छात्रों की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन, सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम और एंटी-रेसिज्म वर्कशॉप भी चला रही है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सभी छात्र उत्तराखंड में पूर्णत: सुरक्षित हैं और यह देवभूमि सभी की है। यदि किसी छात्र को कोई समस्या हो तो वे सिद्धि फाउंडेशन या सीमा जागरण मंच के माध्यम से अपनी बात सरकार तक पहुंचा सकते हैं। कहा कि उत्तर-पूर्व के युवा देश को नई दिशा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं और उत्तराखंड सरकार उनके साथ हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने स्टूडेंट एक्सचेंज, स्किल ट्रेनिंग और ऑर्गेनिक फार्मिंग जैसे क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने पर जोर दिया।

### 'लुक ईस्ट' नीति 'एक्ट ईस्ट' में परिवर्तित

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर-पूर्वी राज्य आज विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। बीते वर्षों में नॉर्थ ईस्ट में इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, व्यापार, पर्यटन और डिजिटल सशक्तिकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। पिछले 11 वर्षों में 800 से अधिक बार केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नॉर्थ ईस्ट का दौरा किया गया है और 'लुक ईस्ट' नीति को 'एक्ट ईस्ट' में परिवर्तित कर क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा में लाया गया है।

### विकास योजनाओं को वित्तीय मंजूरी

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विभिन्न विकास योजनाओं को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इनमें खटीमा विस क्षेत्र अन्तर्गत्त राज्य मार्ग-70 सत्रहमील से नानकसागर प्रभाग का 1.5 लेन में उच्चीकरण करने के लिए 34.44 करोड़ तथा चम्पावत के ग्राम नीड से नैनी ग्रामीण मोटर मार्ग के निर्माण नई ग्रामीण सड़क योजना के विस्तृत आगणन की धनराशि 6.58 करोड़ स्वीकृत की गई। इसके अलावा हरिद्वार, देहरादून, पिथौरागढ़ में विभिन्न योजनाओं के लिए वित्तीय स्वीकृति के साथ ही राज्य अतिथि गृह, उत्तराखंड निवास नई दिल्ली के कार्यों हेतु 2.73 करोड़ स्वीकृत करने का अनुमोदन प्रदान किया है।

### केनरा बैंक ने किए 25 लाख भेंट

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को केनरा बैंक के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को शासकीय आवास में बैंक की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 25 लाख रुपये की धनराशि का चेक भेंट किया। सीएम ने कहा कि, मुख्यमंत्री राहत कोष आपदा, दुर्घटना एवं अन्य आपात स्थितियों में प्रभावित लोगों की सहायता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम है। यह सहयोग समाज के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचायक है।



खटीमा में आम जन की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। • अमृत विचार

# गैस को लेकर घबराने की जरूरत नहीं: धामी

संवाददाता, खटीमा

- मुख्यमंत्री धामी ने अफवाहों और भय के बीच दिया स्पष्ट संदेश

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गैस संकट को लेकर फैल रही अफवाहों और भय के बीच मंगलवार को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा है कि आम जनता को घबराने की बिल्कुल जरूरत नहीं है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को खटीमा दौरे के दौरान लोहियाहेड हेलीपैड और कैम्प कार्यालय में जनप्रतिनिधियों और आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनसमस्याओं का शीघ्र निस्तारण है इसलिए अधिकारी हर शिकायत को गंभीरता से लें। खास तौर पर गैस की उपलब्धता को लेकर उन्होंने भरोसा दिलाया कि स्थिति नियंत्रण में है और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति गैस की कालाबाजारी करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, आम जनता से अपील की कि ऐसे मामलों की तुरंत जिलाधिकारी से शिकायत करें। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी हाल में कालाबाजारी न होने दी जाए। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी जनता की समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# विद्युत फिक्स्ड चार्ज में कोई बदलाव नहीं

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- सब्सिडी राष्ट्रीय टैरिफ नीति के तय दायरे में

**अमृत विचार:** उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग (यूईआरसी) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित 18.86 फीसदी बिजली टैरिफ वृद्धि को अस्वीकार कर दिया है।

आयोग ने क्रॉस-सब्सिडी को राष्ट्रीय टैरिफ नीति के तय दायरे (20 फीसदी) में रखा है, जबकि फिक्स्ड चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस निर्णय से आम बिजली उपभोक्ताओं के हित में बड़ा कदम माना जा रहा है। जहां एक ओर आम जनता को राहत मिली है, वहीं उद्योग, सौर ऊर्जा और स्मार्ट बिजली प्रबंधन को बढ़ावा देकर राज्य की ऊर्जा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में संतुलित प्रयास भी किया गया है।

आयोग ने सबसे बड़ा बदलाव सिंगल पॉइंट बल्क सप्लाई (आरटीएस-1) श्रेणी में किया है, जहां दर को 7.50 रुपए से घटाकर 6.25 रुपए प्रति किलोवाट कर दिया गया है। इससे बड़ी आवासीय सोसायटी, अपार्टमेंट और समूह कनेक्शनों को सीधा लाभ मिलेगा। औद्योगिक सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए आयोग ने लोड फैक्टर आधारित टैरिफ में बदलाव किया है। अब 50 फीसदी से अधिक लोड फैक्टर पर 6.60 रुपए प्रति किलोवाट की कम दर लागू होगी, जबकि कम उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को अधिक दर चुकानी होगी।

### स्मार्ट मीटरिंग लागू करने के निर्देश

विद्युत नियामक आयोग ने यूपीसीएल को स्मार्ट मीटरिंग लागू करने, लाइन लॉस कम करने और वित्तीय दक्षता सुधारने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं जबकि 25 किलोवाट से अधिक लोड वाले उपभोक्ताओं को दिन के समय (सुबह 9 से शाम 5 बजे) 22.5 फीसदी तक छूट और निरंतर आपूर्ति अधिभार 15 से घटाकर 7.5 फीसदी, ऑनलाइन भुगतान पर 1.5 और अन्य माध्यमों पर 1 फीसदी शीघ्र भुगतान छूट दी है। साथ ही प्रीपेड स्मार्ट मीटर अपनाने पर अतिरिक्त लाभ तथा ग्रीन टैरिफ 0.39 पैसा प्रति यूनिट नियत किया गया है। जिससे उपभोक्ता स्वेच्छा से स्वच्छ ऊर्जा चुन सकेंगे।

### दो बार संचालकों पर अभियोग दर्ज

**देहरादून:** राजधानी में रात में शराब पीकर हुडदंग मचाने वाले लोगों और निर्धारित समयावधि के उपरान्त बार/रेस्टोरेंट खोलने वाले प्रतिष्ठान संचालकों के खिलाफ पुलिस ने राजपुर क्षेत्र में अभियान चलाया।

इस दौरान सभी पब/बार/रेस्टोरेन्ट संचालकों को निर्धारित समयावधि के बाद अपने प्रतिष्ठानो को न खोलने तथा नियमों का उल्लंघन करने पर उनके विरूद्ध कडी कार्यवाही की चेतावनी दी गई। इस दौरान निर्धारित समयावधि के बाद अपने बार में लोगों को शराब पिलाने पर राजपुर क्षेत्रान्तर्गत 2 बार संचालकों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 11 वाहन चालकों को गिरफ्तार करते हुए वाहन सीज किए गए।

# दून को वीकेंड पर न बनने दें हुड़दंगियों का अड्डा

- रोड रेज और हुड़दंग की घटनाओं पर मुख्य सचिव बर्द्धन नाराज
- लॉ एंड ऑर्डर को लेकर बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राजधानी में रोड रेज और हुड़दंग की घटनाओं के बढ़ने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव (सीएस) आनंद बर्द्धन ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए निगरानी बढ़ाए जाने और हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को सचिवालय में राजधानी में कानून व्यवस्था को लेकर गृह और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि देहरादून शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों में पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए। एसएसपी देहरादून को अपने सभी थानेदारों को पीक ऑवर में गश्त बढ़ाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि, डे-नाइट पेट्रोलिंग के साथ ही मॉर्निंग पेट्रोलिंग को भी बढ़ाया जाए। सीएस बर्द्धन ने कहा कि, बार और रेस्टोरेंट क्लोजिंग के लिए निर्धारित समय को कठोरता से लागू किया जाए। सप्ताहांत में देहरादून को पार्टी और हुड़दंगियों को अड्डा न बनने दिया जाए, इसके लिए हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने के साथ ही बार संचालकों को भी इसके लिए जागरूक करते हुए समय पर बार बंद कराये जाने को बाध्य कराया जाए। मुख्य सचिव ने बार संचालन के नियमों का पालन न करने वाले बार और अवैध बार संचालकों पर भी कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि अपनी ड्यूटी को मुस्तैदी से न करने वाले लापरवाह अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए। शहर के आसपास के क्षेत्रों में खुले होम स्टे की भी निगरानी किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए होम स्टे की मैपिंग की जाए एवं निगरानी रखी जाए कि ये होम स्टे जो टूरिज्म प्रमोशन के लिए बने थे, कहीं लगातार बार लाइसेंस लेकर इसका दुरुपयोग तो नहीं कर रहे हैं।



मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन।

### दिल्ली-दून हाइवे खुलने पर ज्यादा सतर्क रहें

मुख्य सचिव ने कहा कि दिल्ली-देहरादून हाइवे खुलने के बाद सप्ताहांत के लिए और भी अधिक तैयार रहने की आवश्यकता है। इसके लिए अभी से तैयारी करने की आवश्यकता है। हुड़दंगियों की पहचान हो सके, इसके लिए किरायेदारों और पीजी में रहने वालों का भी सघन सत्यापन अभियान चलाया जाए। बैठक में पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, सचिव गृह शैलेश बगौली, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडेय, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, एसएसपी देहरादून प्रमेंद्र सिंह डोभाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### चारधाम यात्रा:1350 डॉक्टर होंगे तैनात

**देहरादून:** सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए स्वास्थ्य विभाग ने यात्रा रूट पर 1350 डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल कर्मियों की तैनाती हेतु विस्तृत रोस्टर तैयार किया है। ये टीमें विभिन्न पड़ावों, कैंपों एवं प्रमुख स्थलों पर 24 घंटे सेवाएं प्रदान करेंगी। सभी चिकित्सा कर्मियों को संबंधित जनपदों के सीएमओ के अधीन रखा गया है। यात्रा के प्रमुख प्रवेश बिंदुओं पर स्क्रीनिंग एवं मेडिकल चेकअप की सख्त व्यवस्था की जा रही है। साथ ही, यात्रा मार्गों पर आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी एडवाइजरी भी प्रदर्शित की जाएगी, ताकि श्रद्धालु यात्रा के दौरान सतर्क एवं सुरक्षित रह सकें। डीजी हेल्थ डॉ. सुनीता टम्टा ने मंगलवार को इस योजना की विस्तृत जानकारी दी।

### राज्य में गैस की कोई कमी नहीं: रेखा

**देहरादून:** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में कहा कि, राज्य में कुकिंग गैस की कोई कमी नहीं है। वर्तमान हालात के अनुसार, भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानक शहरी क्षेत्रों में 25 एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की उपलब्धता का अनुपालन हो रहा है। प्रदेश में डीजल व पेट्रोल की कोई समस्या देखने को नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी व मुनाफाखोरी के सम्बन्ध में 15 एफआईआर दर्ज की गयी है। छापेमारी की 173 कार्यवाही कर दोषियों पर करीब 90 हजार रुपए पेनल्टी लगायी गयी। मंत्री ने गैस कम्पनियों आईओसी, बीपीसी व एचपीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी व मुनाफाखोरी जैसी घटनाएं न होने पाएं।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर अब 'ऑपरेशन प्रहार'

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** देहरादून में हाल ही में हुई आपराधिक घटनाओं की संवेदनशीलता के दृष्टिगत डीजीपी दीपम सेठ ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट रूप से जिम्मेदारियां निर्धारित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार 'ऑपरेशन प्रहार' चलाने के निर्देश दिए।

डीजीपी ने आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप को देहरादून की कानून-व्यवस्था की दैनिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसएसपी देहरादून प्रमेंद्र सिंह डोबाल को अधीनस्थ अधिकारियों की स्पष्ट टास्किंग कर उनकी जवाबदेही सुनिश्चित करने को कहा गया, साथ ही क्षेत्र में प्रभावी पुलिसिंग बनाए रखने के निर्देश दिए। निर्देश दिए कि सभी सीओ और थानेदार स्वयं फील्ड में सक्रिय रहकर चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में पुलिस की विजिबिलिटी बढ़ाएं तथा बैरियर्स पर सघन चेकिंग सुनिश्चित करें। विशेष रूप से प्रातःकालीन समय में सीओ पुलिसबल की उपस्थिति और सक्रियता बढ़ाएं। आईजी एसटीएफ नीलेश आनन्द भरणे और एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह को देहरादून में सक्रिय आपराधिक तत्वों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

डीजीपी ने सत्यापन अभियान के अंतर्गत पीजी एवं किरायेदारों का सघन सत्यापन कराने तथा होम-स्टे में संचालित गतिविधियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। निर्धारित समय के बाद संचालित हो रहे बार एवं पब्स पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। डीजीपी ने स्पष्ट कहा कि राजधानी में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूर्ण मुस्तैदी, सतर्कता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



डीजीपी दीपम सेठ।

### लॉ एंड ऑर्डर पर सीएम सख्त, चेतावनी

**देहरादून :** कानून-व्यवस्था से जुड़ी घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरी नाराजगी जताते हुए सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राज्य में किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था से समझौता नहीं होगा। इस प्रकरण में लापरवाही बरतने पर चौकी प्रभारी कुठालगेट अशोक कुमार और उप आबकारी निरीक्षक सोबन सिंह को सीएम के निर्देश पर सस्पेंड किया गया है। सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में रोड रेज, फायरिंग और देर रात तक चलने वाली अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाए। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता आम जनता की सुरक्षा है और इसके लिए हर जरूरी कदम उठाया जाएगा।

# उत्तराखंड को 113.90 करोड़ की केंद्रीय मदद

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा वित्त आयोग प्रभाग के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि (एसडीएमएफ) की केंद्रीय हिस्सेदारी जारी करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस क्रम में उत्तराखंड को 113.90 करोड़ रुपये की राशि द्वितीय किश्त के रूप में मंगलवार को स्वीकृत की गई है। इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह सहायता राज्य में आपदा प्रबंधन तंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा राज्य की आपदा से निपटने की क्षमता को और मजबूत करेगी। उल्लेखनीय है कि यह राशि 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के आधार पर जारी की गई है, जिसका उद्देश्य राज्यों में आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं आपदा प्रबंधन की क्षमताओं को सुदृढ़ करना है। भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह धनराशि सीधे संबंधित राज्य सरकार के खाते में भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।

गृह मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, इस निधि का उपयोग राज्य स्तर पर आपदा न्यूनीकरण से संबंधित कार्यों में किया जाएगा।

**धर्म क्षेत्र**

श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण हरिद्वार में वैदिक रीति से भव्य उत्सव में हुआ पट्टाभिषेक

# मिश्री मठ के परमाध्यक्ष करौली शंकर महादेव बने महामंडलेश्वर

संवाददाता, हरिद्वार

**अमृत विचार:** श्री करौली शंकर महादेव धाम कानपुर और मिश्री मठ हरिद्वार के परमाध्यक्ष करौली शंकर महादेव महाराज का मंगलवार को हरिद्वार में वैदिक पद्धति और परंपरा से पट्टाभिषेक समारोह आयोजित कर महामंडलेश्वर की उपाधि से अलंकृत किया गया।

श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण में आयोजित भव्य समारोह के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधियों से पूरा वातावरण सनातन की आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण के मुखिया महंत भगतराम महाराज ने पट्टाभिषेक समारोह में कहा कि करौली शंकर महादेव योग, मंत्र दीक्षा, ध्यान साधना व भारतीय संस्कृति के संवाहक हैं। वह देश-दुनिया में मानव मात्र को कष्टों से मुक्ति दिलाने का भागीरथ कार्य कर रहे हैं। अब अखाड़ा की परम्पराओं का पालन करते हुए मान-मर्यादा व सम्मान को और आगे बढ़ाएंगे। सचिव मुखिया महंत जगतार मुनि ने कहा कि महामंडलेश्वर के रूप में करौली शंकर महादेव श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण की गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाएंगे।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव महंत रविन्द्र पुरी ने कहा कि करौली शंकर महादेव महाराज विलक्षण संत हैं। श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा महंत ज्ञानदेव सिंह महाराज ने कहा कि करौली शंकर महादेव उच्च कोटि के साधक हैं। नया अखाड़ा ने उन्हें महामंडलेश्वर बनाकर संत समाज को नयी ऊर्जा व शक्ति प्रदान की है। समारोह में कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि पट्टाभिषेक समारोह में उमड़ा संतों व भक्तों का सैलाब इस बात का प्रमाण है कि करौली शंकर महादेव हमारी आस्था के केन्द्र हैं। संचालन महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानन्द महाराज ने किया।

पट्टाभिषेक समारोह में मुखिया महंत आकाश मुनि, मुखिया महंत मंगलदास, अध्यक्ष महंत धूनी दास महाराज, अध्यक्ष महंत गोपाल दास महाराज शामिल रहे। समारोह में श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन से कोठारी राघवेंद्र दास, श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा के महंत ज्ञानदेव सिंह, महामंडलेश्वर हरिचेतनानंद बड़ा उदासीन अखाड़ा, महामंडलेश्वर रूपेन्द्र प्रकाश, महामंडलेश्वर चंद्र मुनि, महामंडलेश्वर योगेंद्रानंद, उपस्थित रहे।



हरिद्वार में मिश्री मठ के परमाध्यक्ष करौली शंकर महादेव का अभिषेक करते संत।

# ऋषिकेश बाइपास 4-लेन के लिए 1105 करोड़ हुए मंजूर

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निरंतर प्रयासों और प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप ऋषिकेश बाइपास के 4-लेन निर्माण कार्य को भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से बड़ी स्वीकृति प्राप्त हुई है। मंत्रालय द्वारा इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए 1105.79 करोड़ की तकनीकी, प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

यह बहुप्रतीक्षित परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-7 पर टीनपानी फ्लाईओवर (किमी 529.750) से लेकर खरासोटे पुल (किमी 542.420) तक विकसित की जाएगी। लगभग 12.670 किलोमीटर लंबा यह बाइपास भट्टोवाला एवं ढालवाला गांवों से होकर गुजरेगा और इसे ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एवं कंस्ट्रक्शन) मोड पर क्रियान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी ने इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सड़क कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ऋषिकेश बाइपास परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा, जाम की समस्या से राहत मिलेगी और स्थानीय नागरिकों के साथ चारधाम यात्रा एवं पर्यटन गतिविधियों को भी बड़ी सुविधा प्राप्त होगी।

### तीन साल में पूरी होगी परियोजना

मंत्रालय के अनुसार, इस परियोजना के लिए प्रारंभिक अनुमान 1151.18 करोड़ रुपए था, जिसे संशोधित कर 1139.40 करोड़ रुपए किया गया और अंतत: 1105.79 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना को तीन वर्षों की समयावधि में पूरा किया जाएगा और कार्य में किसी प्रकार की लागत या समय वृद्धि स्वीकार नहीं की जाएगी। परियोजना पूरी होने से ऋषिकेश क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम होगी, जाम की समस्या में कमी आएगी तथा राज्य के आर्थिक और पर्यटन विकास को नई गति मिलेगी।

अमृत विचार



## सिटी ब्रीफ

### ई-रिक्शा में बैठी महिला का मंगलसूत्र उड़ाया

**हल्द्वानी** : हल्द्वानी कोतवाली में दी तहरीर में जयदेवपुर तल्ला मुखानी निवासी मेघा जोशी ने बताया कि बीती 21 मार्च की शाम वह बहन सावित्री के साथ बाजार से ई-रिक्शा से घर लौट रही थी। सावित्री ने ढाई तोले सोने का मंगलसूत्र पहना था। मुखानी चौराहे के पास ई-रिक्शा में दो महिलाएं सवार हुईं जो हम दोनों के बगल में बैठ गईं। महिलाओं के साथ एक बच्चा भी था। दोनों बहनें सेंट्रल हॉस्पिटल के पास ई-रिक्शा से उतरीं और जब घर पहुंची तो गले से मंगलसूत्र गायब था। कोतवाल ने बताया कि सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं, आरोपी महिला जल्द पकड़ में होंगी।

### घर से अस्पताल को निकली महिला लापता

**हल्द्वानी** : घर से अस्पताल के लिए निकली महिला घर नहीं लौटी। हल्द्वानी कोतवाली में दी तहरीर में हेडी बैल निवासी नवीन चंद्र पलडिया ने बताया कि उसकी 27 वर्षीय पत्नी बीना देवी 17 मार्च को उपचार के लिए बेस अस्पताल जाने की बात कहकर घर से निकली थी लेकिन लौटर नहीं। काफी तलाश के बाद भी उसका सुराग नहीं लगा। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश की जा रही है।

### कट्टे में ले जा रहा था शराब, पकड़ा गया

**हल्द्वानी** : काठगोदाम पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर 54 टेट्रा पाउच देसी शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार, गश्त के दौरान बलवंत सिंह बिष्ट निवासी पूर्वी खेड़ा गौलापार को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

### बाइक चोरी की रिपोर्ट छह माह बाद दर्ज

**हल्द्वानी** : दुर्गा मंदिर इंद्रानगर निवासी सुजीत कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते वर्ष 14 अक्टूबर को डॉ .सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के बाहर से उसकी बाइक चोरी हो गई थी, जो अभी तक नहीं मिली। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार घायल

**हल्द्वानी** : रामपुर रोड पर ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। कोतवाली हल्द्वानी में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को दी तहरीर में देवलचौड़ बंदोबस्ती रामपुर निवासी यश दरम्वाल ने लिखा कि बीती 24 मार्च की शाम 28 वर्षीय तरुण दरम्वाल स्कूटी पर सवार देवलचौड़ बंदोबस्ती स्थित अपने घर लौट रहा था। पचांयत घर से देवलचौड़ की ओर आने के दौरान ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना में तरुण गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### बनभूलपुरा से लोडर वाहन चोरी

**हल्द्वानी** : बनभूलपुरा थानाक्षेत्र से मारुति सुजूकी सुपर कैरी (छोटा हाथी) चोरी कर लिया गया। पुलिस को दी तहरीर में चिराग अली शाह बाबा की मजार के पास रहने वाले नावेद पुत्र नबी हुसैन ने लिखा कि बीती 28 मार्च को उन्होंने अपना वाहन चिराग अली शाह बाबा मजार की ग्राउंड में खड़ा किया था। अगली सुबह लगभग साढ़े 3 बजे नावेद ग्राउंड पहुंचा तो वाहन चोरी हो चुका था। कोतवाल डीएस फर्त्याल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी गई है।

**50.43 किमी की बहुप्रतीक्षित रिंग रोड परियोजना फिलहाल सर्वे, एलाइन्मेंट और डीपीआर तैयार करने तक ही है सीमित**

# कागजों में ही सिमटकर रह गया हल्द्वानी का रिंग रोड प्लान

वरिष्ठ संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर की बहुप्रतीक्षित रिंग रोड परियोजना को लेकर आरटीआई के जरिए बड़ा खुलासा हुआ है। दस्तावेजों से पता चल रहा है कि सरकार ने पहले सर्वे और प्रारंभिक कार्यों को स्वीकृति दी है, लेकिन परियोजना अभी तक निर्माण चरण में नहीं पहुंच पाई है। आपत्तियां लगने के बाद नए विकल्पों के लिए सर्वे किया जाएगा।

तिकोनिया निवासी हेमंत गौनिया की आरटीआई से सामने आया है कि रिंग रोड परियोजना फिलहाल केवल सर्वे, एलाइन्मेंट और डीपीआर तैयार करने तक ही सीमित है। पांच अलग-अलग एलाइन्मेंट विकल्पों पर अभी भी निर्णय नहीं हो पाया है। यानी घोषणा के बावजूद जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं हुआ। परियोजना की कुल प्रस्तावित लंबाई 50.43 किमी है, जिसे चार सेक्टरों में बांटा गया है। आरटीआई के अनुसार वर्ष 2017 में 1.57 करोड़ रुपये सर्वे और फिजिबिलिटी स्टडी के लिए स्वीकृत किए गए थे।

वहीं 2025 में विस्तृत सर्वे और डीपीआर के प्रथम चरण के लिए 26.35 लाख रुपये मंजूर हुए। 2025-26 में तत्काल खर्च के लिए मात्र 10 हजार रुपये जारी किए गए।



### कई बार हुआ सर्वे, फिर भी निर्णय नहीं

**हल्द्वानी** : रिंग रोड को लेकर पहला विस्तृत सर्वे 6 से 8 फरवरी 2018 के बीच किया गया था, जबकि 23 मई 2018 को ड्राफ्ट फिजिबिलिटी रिपोर्ट पर बैठक हुई। इसके बाद भी कई बार संशोधन और पुन: सर्वे की प्रक्रिया चलती रही, लेकिन अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। 25 जुलाई 2017 को सर्वे और फिजिबिलिटी स्टडी के लिए शासनादेश जारी हुआ था। इसके बाद 16 अक्टूबर 2025 को विस्तृत सर्वे और डीपीआर के लिए प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति दी गई। पहले इसे चार चरणों में बनाया जा रहा था लेकिन कई आपत्तियां लगने के बाद परियोजना में संशोधन किया जा रहा है। अब इसे पांच चरणों में बनाया जाएगा। जिसके लिए सर्वे कराया जाएगा।

### प्रोजेक्ट अटकने की मुख्य वजहें

- स्थानीय लोगों की आपत्तियां
- जनप्रतिनिधियों के सुझाव
- वन क्षेत्र और भूमि अधिग्रहण की जटिलताएं
- सड़क चौड़ाई 45 मीटर से घटाकर 25 मीटर करने का प्रस्ताव

"सर्वे के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। फाइनल बिड खुलने वाली है। इसके बाद आगे के चरण का काम पूरा किया जाएगा। यह हल्द्वानी के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है।
**-प्रत्यूष कुमार**, ईई, लोनिवि, हल्द्वानी

इससे साफ है कि अब तक पैसा केवल कागजी प्रक्रिया और सर्वे पर ही खर्च हुआ है।

### पांच नए विकल्प ये हैं

1-प्रारंभ लामाचौड़ चौराहा से समाप्ति गन्ना सेंटर तक चौड़ाई 45 की जगह 25 मीटर और लंबाई 11 किमी

2-प्रारंभ भाखड़ा पुल से समाप्ति बेलबाबा। जंगल एवं नाप भूमि के किनारे-किनारे और लंबाई 16 .50 किमी

3-रामपुर रोड एसएच-05 अपेक्षित लंबाई 11 .50 किमी

4- लामाचौड़ चौराहा से पंचायतघर तक आनंदपुर रोड होते हुए और लंबाई 10 किमी

5-आंशिक रूप से प्रिफर्ड एलाइन्मेंट

### दो बाइकें भिड़ीं, युवक की मौत हुई, 3 गंभीर

**रामनगर:** कानिया चौराहे पर मंगलवार रात दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

ग्राम सांवल्दे निवासी अमित उर्फ दिगंबर (19) पुत्र गोविंद सिंह, भास्कर और उमेश एक ही बाइक से रामनगर आ रहे थे। इस दौरान दूसरी ओर से ग्राम पाटकोट निवासी पंकज बुलेट बाइक से आ रहा था। कानिया चौराहे के पास दोनों बाइकों की जोरदार भिड़ंत में चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने अमित को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल अन्य तीनों युवकों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है।

# गैस की कालाबाजारी पर हंगामा, लगा महंगाई का तड़का

**हंगामेदार रही नगर निगम की बोर्ड बैठक, मेयर ने इंडेन प्रबंधक को दिए तीन दिन में व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश, बैठक में 16 प्रस्ताव हुए पारित**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम की बोर्ड बैठक मंगलवार को नगर निगम सभागार में हुई। बैठक में मेयर गजराज सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में कुल 16 प्रस्ताव पारित किए गए और वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित 216 करोड़ रुपये के बजट पर चर्चा हुई। हालांकि पूरी बैठक में एलपीजी सिलेंडर का मुद्दा ही छाया रहा।

बैठक की शुरुआत ही एलपीजी गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और आपूर्ति व्यवस्था चरमराने को लेकर हंगामे के साथ हुई। इस दौरान पार्षदों ने इंडेन गैस की कालाबाजारी और आपूर्ति सुचारू नहीं होने को लेकर सवाल उठाए। पार्षद रवि जोशी, भागीरथी देवी, नीमा बिष्ट, राजेंद्र जीना, रवि वाल्मीकि सहित अन्य पार्षदों ने काफी देर तक हंगामा किया। पार्षदों ने कहा कि वार्डों में लोगों ने दो सप्ताह पहले से गैस की बुकिंग की है, लेकिन डीएसी मिलने के बाद भी उन्हें सिलेंडर नहीं दिया जा रहा है। जबकि शहर में लगातार कालाबाजारी की शिकायतें मिल रही हैं। पार्षद डीएसओ को बैठक में बुलाने पर अड़े रहे। फोन पर सूचना देने के बाद पूर्ति निरीक्षक राहुल डांगी बैठक में पहुंचे। मेयर की ओर से डीएसओ के कुछ देरी बाद पहुंचने के आश्वासन पर बोर्ड के प्रस्तावों पर चर्चा हुई। जब बैठक समाप्त होने के बाद भी डीएसओ नहीं पहुंचे तो पार्षदों ने फिर से हंगामा शुरू कर दिया।

इस दौरान पार्षदों ने नारेबाजी करते हुए पूर्ति विभाग और सरस मार्केट स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर कालाबाजारी का आरोप लगाया। हंगामा शांत नहीं होने पर इंडेन एजेंसी के प्रबंधक भरत खाती को बुलाया गया। सभागार में पहुंचते ही पार्षदों ने प्रबंधक को घेर लिया और उस पर सवाल दागने शुरू कर दिए। मेयर ने प्रबंधक को तीन दिन में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए, जिसके बाद माहौल शांत हुआ। उन्होंने कहा कि तीन दिन में व्यवस्थाएं ठीक नहीं हुई तो कार्रवाई भुगतनी होगी। बैठक में नगर आयुक्त परितोष वर्मा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तोलिया, सहायक लेखाधिकारी गणेश भट्ट, कर अधीक्षक महेश पाठक, एई नवल नौटियाल सहित सभी पार्षद उपस्थित रहे।



निगम सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में रसोई गैस को लेकर भड़के पार्षदों को समझाते मेयर गजराज सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार



नगर निगम सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में रसोई गैस के संकट को लेकर आपस में भिड़तीं पार्षद। ● अमृत विचार

### यूजर चार्ज बढ़ा, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन अभी भी अनियमित

बोर्ड बैठक में यूजर चार्ज बढ़ाने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। जिससे आम आदमी पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन को लेकर लिया जाने वाला यूजर चार्ज अब 60 रुपए प्रतिमाह से बढ़कर 70 रुपए हो गया है। लेकिन कई वार्डों में अभी भी गाड़ियों के नियमित नहीं पहुंचने की शिकायतें आ रही हैं। जबकि निगम की ओर से 20 नई कूड़ा गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही निगम की दुकानों के किराए में बढ़ोत्तरी को लेकर भी कोई राहत नहीं दी गई है। इसे लेकर भी व्यवसायी लगातार अपना विरोध दर्ज कर रहे हैं। मेयर ने सभी वार्डों में गाड़ियां नियमित पहुंचने के लिए एक माह का समय मांगा।

### इन प्रमुख प्रस्तावों पर भी हुई चर्चा

बैठक में कार्यकारिणी समिति के गठन, राजपुरा में सार्वजनिक शौचालय निर्माण, फ्रेश वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना, जजी कोर्ट के पास आंचल मिल्क कैफे खोलने, 10 हजार आवारा कुत्तों के बधियाकरण और जेसीबी मशीन खरीदने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव शामिल रहे।

### पार्षदों की एनओसी के बाद ही जारी होगा सफाई कार्मिकों का वेतन

शहर के सभी वार्डों में अब संबंधित पार्षद की एनओसी के बाद ही सफाई कार्मिकों का वेतन जारी किया जाएगा। दरअसल बैठक में यह भी सामने आया कि कुछ पर्यावरण मित्र बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने के बाद कार्यस्थल से नदारद हो जाते हैं। जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है। इस पर बोर्ड ने निर्णय लिया कि अब कर्मचारियों का वेतन संबंधित क्षेत्र के पार्षद की ओर से मासिक उपस्थिति प्रमाणित किए जाने के बाद ही जारी किया जाएगा। वहीं, पार्षदों ने बताया कि कुछ पर्यावरण मित्रों की ओर से सफाई के नाम पर अवैध तरीके से पैसा लिया जा रहा है। साथ ही बैणी सेना के अतिरिक्त अन्य माध्यमों से भी यूजर चार्ज लिया जा रहा है। इस पर मेयर ने केवल बैणी सेना को यूजर चार्ज देने के लिए कहा।

# ब्रिगेडियर की हत्या कानून व्यवस्था पर काला धब्बा

वरिष्ठ संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** देहरादून में मॉर्निंग वॉक के दौरान सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश जोशी की दो पक्षों के बीच गोलीबारी में हुई मौत को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है।



नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने इस घटना को प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर काला धब्बा बताते हुए सरकार पर तीखा हमला बोला है। कहा कि इस घटना से एक बार फिर सरकार के दावों की हकीकत सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक हत्या नहीं, बल्कि उत्तराखंड की सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी विफलता है। यशपाल आर्य ने सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और कानून का कोई डर नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि हत्या, लूट और डकैती जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जबकि सरकार और प्रशासन निष्क्रिय बने हुए हैं। कहा कि जो उत्तराखंड कभी शांति और सौहार्द का प्रतीक था, आज वह अराजकता और भय के माहौल की ओर बढ़ता जा रहा है। सरकार की नीतिगत विफलता और कमजोर इच्छाशक्ति के चलते प्रदेश अपराधियों के हवाले होता दिख रहा है।

### काठगोदाम में आज से डायवर्ट रहेगा ट्रैफिक

**हल्द्वानी:** जमरानी बांध परियोजना के तहत नहर पुनर्निर्माण व वृक्ष पातन के चलते काठगोदाम क्षेत्र में 1 और 2 अप्रैल को यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

पुलिस के डायवर्जन प्लान के अनुसार यह व्यवस्था दोनों दिन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रभावी रहेगी। प्लान के तहत पर्वतीय क्षेत्र से आने वाले सभी प्रकार के वाहन नारिमन तिराहा, काठगोदाम से डायवर्ट होकर गोलापार रोड के रास्ते गंतव्य तक पहुंचेंगे। वहीं काठगोदाम क्षेत्र से हल्द्वानी शहर की ओर आने वाले वाहनों को कॉल्टेक्स तिराहा से डायवर्ट कर पुराना फायर स्टेशन तिराहा के रास्ते भेजा जाएगा। हल्द्वानी से काठगोदाम की ओर जाने वाले वाहनों को हाइडिल तिराहा से डायवर्ट कर पुराना फायर स्टेशन तिराहा होते हुए कॉल्टेक्स तिराहा से भेजा जाएगा।

# रुचि के अनुसार करें करियर का चुनाव : रावत

- महिला डिग्री कॉलेज में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने दिए सफलता के मंत्र
- 23 स्टॉल के जरिए रोजगार व मार्गदर्शन पर किया गया फोकस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** महिला डिग्री कॉलेज हल्द्वानी में आयोजित एक दिवसीय करियर काउंसलिंग एक्सपो एवं कार्यशाला का शुभारम्भ मंडलायुक्त दीपक रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को करियर चयन को लेकर महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए उन्हें प्रेरित किया।

आयुक्त ने कहा कि यदि किसी में सीखने की तीव्र इच्छा और जिज्ञासा है, तो वह जीवन में किसी भी मुकाम को हासिल कर सकता है। छात्राओं को सलाह दी कि करियर वही चुनें, जिसमें उनकी रुचि हो और जिसके माध्यम से वे समाज को कुछ बेहतर दे सकें।

उन्होंने आत्म-जागरूकता, जुनून और सामाजिक योगदान को करियर का आधार बताते हुए कहा कि सही दृष्टिकोण करियर को केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि व्यक्तिगत संतुष्टि और समाज सेवा का माध्यम बनाता है।

कार्यक्रम में आयुक्त ने बताया कि एक्सपो में आयोजित साइकोलॉजिकल टेस्ट के जरिए छात्राओं की रुचि, व्यक्तित्व, तर्क क्षमता और कार्यशैली का मूल्यांकन कर उनके लिए उपयुक्त करियर विकल्पों की पहचान की जा रही है। इससे उनकी छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद मिलेगी। महिला डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा ने बताया कि कॉलेज में पहली बार इस तरह के करियर एक्सपो का आयोजन किया गया है। इसका उद्देश्य छात्राओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ना और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देना है। उन्होंने बताया कि एक्सपो में सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों के कुल 23 स्टॉल लगाए गए हैं।

इस दौरान स्वयं सहायता समूह की बसंती राणा और नीमा बिष्ट को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. बीएन खाली, मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नवीन चन्द लोहनी, एमबीपीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बीएन बनकोटी, प्रो. रश्मि पंत सहित बड़ी संख्या में छात्राएं और कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।



महिला डिग्री कॉलेज में लगे एक्सपो का उद्घाटन करते मंडलायुक्त दीपक रावत।

**शिकंजा** | **हल्द्वानी कोतवाली के सभागार में एडीजी डॉ . वी .मुरूगेशन ने ली दरागाओं की क्लास, बोले-अपराध नियंत्रण में ढिलाई बर्दाश्त नहीं**

# एडीजी एलओ खफा, नप सकते हैं नैनीताल और यूडीएन के कई दरोगा

वरिष्ठ संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पिछले दो दिन से नैनीताल जिले में घूम-घूमकर भ्रमण कर रहे एडीजी एलओ डॉ.वी.मुरूगेशन ने मंगलवार को नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले के विवेचकों की क्लास लगाई। दरोगाओं की विवेचना से खफा एडीजी ने उन्हें अल्टीमेटम दिया है और तय समय के भीतर सभी जांचों के निपटाने के निर्देश दिए। ऐसा न होने पर नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले के कई दरोगाओं पर कार्रवाई की गाज गिर सकती है।

उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) डॉ. वी. मुरुगेशन ने नैनीताल और ऊधमसिंह नगर पुलिस के कामकाज की सख्त समीक्षा करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि कानून व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में दोनों जिलों के राजपत्रित अधिकारियों के कार्यों का बारीकी से विश्लेषण किया गया। एडीजी ने लंबित विवेचनाओं, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी और शिकायतों के निस्तारण की धीमी गति पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

एडीजी ने थानों और पुलिस कार्यालयों के नियमित निरीक्षण के साथ-साथ मालखानों में लंबित माल का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करने को कहा। साथ ही ई-साक्ष्य और नैटग्रिड जैसे पोर्टल्स पर डेटा अपलोड करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

एडीजी ने स्पष्ट किया कि निर्देशों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में डॉ. मंजूनाथ टीसी, अजय गणपति समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कुल मिलाकर, इस समीक्षा बैठक ने साफ कर दिया कि अब पुलिसिंग में ढिलाई की कोई गुंजाइश नहीं है और परिणाम आधारित काम ही स्वीकार्य होगा। एडीजी ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।



विवेचनाओं की समीक्षा करते एडीजी डॉ .वी मुरूगेशन, साथ में एसएसपी डॉ .मंजूनाथ टीसी।



एडीजी की समीक्षा बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

### चार बिंदुओं पर फोकस

**हल्द्वानी** : बैठक में चार प्रमुख फोकस एरिया तय किए गए। जिसमें महिला अपराध, नशा तस्करी, गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश और अज्ञात शवों की शिनाख्त शामिल है। महिला अपराधों की जांच 60 दिन के भीतर पूरी करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। जबकि नशा तस्करी पर कड़ा रुख अपनाते हुए एडीजी ने बड़े तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई और उनकी संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया तेज करने को कहा। वहीं गुमशुदा, खासकर नाबालिग बच्चों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। अज्ञात शवों की शिनाख्त के लिए आधुनिक तकनीक और व्यापक प्रचार-प्रसार का सहारा लेने पर भी जोर दिया गया।

# मार्च के अंतिम दिन पारा पहुंचा 34 डिग्री के पार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हल्द्वानी में 31 मार्च को माह के अंतिम दिन पारा 34 डिग्री पार कर गया लेकिन फिर भी मार्च माह में पश्चिमी विक्षोभों की वजह से दो साल बाद सबसे कम पारा रहा है। इस माह पारा 35 डिग्री तक नहीं पहुंचा है।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार साल 2025 में मार्च माह में अधिकतम तापमान 27 मार्च को 36.6 डिग्री था तो वहीं साल 2024 में मार्च माह में 30 तारीख को अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री था। इस साल 31 मार्च को अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री रहा जो पिछले दो साल में मार्च माह में दर्ज किया गया सबसे कम पारा है। मार्च माह में आज तक सबसे ज्यादा पारा साल 2017 में 30 मार्च को 36.9 डिग्री दर्ज किया गया है तो वहीं बीते 10 सालों में सबसे ठंडा मार्च 2023 में था। इस साल मार्च में सबसे अधिक पारा 32.4 डिग्री तक ही पहुंचा था।

- दो साल बाद सबसे कम पारा हुआ दर्ज

### नैनीताल जिले में 42.3 मिमी बारिश

**हल्द्वानी** : नैनीताल जिले में मार्च माह में 42 .3 मिमी बारिश हुई जो सामान्य से 15 प्रतिशत कम है। मार्च के दूसरे पखवाड़े से बारिश होना शुरू हुई। बारिश की वजह से फायर सीजन पर भी लगाम लगी और वनाग्नि से काफी राहत मिली। उत्तराखंड में एक बार फिर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। मुनस्यारी, थराली, सोन, नीता, धारचूला में अच्छी बारिश दर्ज हुई है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में

कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

बरेली का एकमात्र PET CT

पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

हमारी सेवाएं

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी

डे केयर थेरेपी

इम्यूनोथेरेपी

कैंसर आईसीयू

फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री

मैमोग्राफी

कैंसर के रोकथाम की ओपीडी

इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी

प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त

Call to find out more

9582831744, 9258116087

8679315050, 8679415050

www.rohilkhandcancerinstitute.com

रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस

सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# वन पंचायत की भूमि पर बन रही सड़क का निर्माण रोका

## एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश, वन सरपंच को किया निलंबित

- धारी तहसील में अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

संवाददाता, धानाचूली



मौके पर पहुंच अतिक्रमण रुकवाते एसडीएम अंशुल भट्ट और तहसीलदार मनीषा बिष्ट।

**अमृत विचार:** धारी तहसील के वन पंचायत की भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की है। मंगलवार को उपजिलाधिकारी धारी अंशुल भट्ट के नेतृत्व में प्रशासन और वन विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम मनाघेर स्थित सुंदरखाल वन पंचायत क्षेत्र का निरीक्षण किया, जहां अतिक्रमण की पुष्टि हुई।

निरीक्षण में पाया गया कि कुछ बिल्डर्स द्वारा लगभग 10 नाली वन पंचायत भूमि पर अवैध रूप से सड़क निर्माण किया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तुरंत निर्माण कार्य रोकवाया और भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। तहसीलदार मनीषा बिष्ट ने बताया कि इस मामले में सुंदरखाल के वन सरपंच को वन पंचायत अधिनियम के तहत निलंबित कर दिया गया है। अवैध सड़क निर्माण को जेसीबी की मदद से बंद कराया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है। उप जिलाधिकारी धारी अंशुल भट्ट ने पूरे प्रकरण में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं और राजस्व उपनिरीक्षक को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। उप जिलाधिकारी अंशुल भट्ट ने स्पष्ट किया कि सरकारी और वन पंचायत भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक प्रवीण ह्यांकी, नारायण वर्मा, राजस्व उपनिरीक्षक निर्मल बोरा और वन दरोगा पूरन मेलकानी सहित अन्य अधिकारी व स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

## भूमि फ्री होल्ड कराने की पैरवी सुप्रीम कोर्ट से कराएं

**रामनगर:** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश सचिव अनिल अग्रवाल खुलासा ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि उत्तराखंड में लंबित नजूल भूमि की फ्री होल्ड प्रक्रिया की पैरवी सुप्रीम कोर्ट में शीघ्र की जाए।अनिल अग्रवाल ने कहा कि नजूल भूमि पर लाखों वर्गमीटर भूमि पर आज जनता के आशियाने और व्यवसाय चल रहे हैं। लेकिन भूमि पर मालिकाना हक न होने के कारण लोगों को बैंकों से ऋण लेने में समस्या आती है और व्यवस्थित मकान निर्माण भी नहीं हो पाता।

वहीं, सरकार और पालिकाओं को भी इस वजह से हर साल करोड़ों रुपए का राजस्व नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रदेश सरकार को नजूल भूमि की लंबित फ्री होल्ड प्रक्रिया को तुरंत प्रारंभ कराना चाहिए। इससे न केवल जनता को स्वामित्व मिलेगा, बल्कि सरकार को भी अरबों रुपए के राजस्व की प्राप्ति सुनिश्चित होगी। अनिल अग्रवाल ने जोर देकर कहा कि सुप्रीम कोर्ट में प्रभावी पैरवी से यह प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी कराई जानी चाहिए, ताकि प्रदेश की जनता और सरकार दोनों को लाभ मिल सके।

# खुर्पाताल में लापरवाही पर सख्त एक्शन, एई और जेई का वेतन रोका

संवाददाता, नैनीताल



निरीक्षण के दौरान झील किनारे हुए अतिक्रमण पर नाराजगी जताते आयुक्त दीपक रावत।

**अमृत विचार:** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को खुर्पाताल क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जिला विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर कड़ा रुख अपनाया। काम में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने प्राधिकरण के सहायक अभियंता अभिषेक और अवर अभियंता बबीता का वेतन रोकने के आदेश दिए, साथ ही उनके खिलाफ विभागीय जांच के निर्देश भी जारी किए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने खुर्पाताल झील के किनारे 30 मीटर परिधि के भीतर बनाए गए होटल और भवनों पर नाराजगी जताई। उन्होंने मौके से ही सचिव, जिला विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए कि ऐसे अवैध निर्माणों के खिलाफ तत्काल चालान की कार्रवाई की जाए। साथ ही झील से सटी प्राधिकरण की जमीन पर किए गए कब्जों को दो दिन के भीतर हटाने के आदेश भी दिए।

इस दौरान प्राधिकरण की भूमि पर कचरा डाले जाने का मामला भी सामने आया। इस पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए आयुक्त ने राजस्व निरीक्षक और उप निरीक्षक को निर्देशित किया कि दो दिन के भीतर कचरा डालने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए 5-5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाए। भ्रमण के दौरान आयुक्त ने प्राथमिक विद्यालय खुर्पाताल के गेट पर ताला लगाने को लेकर चल रहे विवाद का भी मौके पर समाधान कराया। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालय गेट पर नया ताला लगाया जाए, जिसकी चाबियां प्राथमिक विद्यालय, ग्राम पंचायत और परिसर में संचालित उद्यान विभाग के पास रहेंगी, ताकि सभी जरूरत अनुसार परिसर का उपयोग कर सकें। इसके अलावा स्थानीय निवासियों द्वारा उठाई गई पेयजल समस्या पर भी आयुक्त ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राथमिक विद्यालय, राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, पंचायत घर और प्राधिकरण की भूमि का भी जायजा लिया। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट, ग्राम प्रधान हंशी नेगी, जिला शिक्षा अधिकारी पीएल. टम्टा मौजूद रहे।

# ज्वाला वन क्षेत्र में बाघिन का कंकाल मिला, हड़कंप

संवाददाता, रामनगर



बाघिन का क्षत-विक्षत कंकाल।

**अमृत विचार :** तराई पश्चिमी वन विभाग, रामनगर के अंतर्गत आने वाले ज्वाला वन क्षेत्र में एक बाघिन का कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही वन विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि बीते दिनों प्लॉट संख्या 10 में बाघिन का कंकाल बरामद हुआ। एसडीओ किरण शाह ने तुरंत मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

प्रथम दृष्टया जांच में यह पता चला कि बाघिन का शव करीब तीन से चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। अनुमान है कि यह लगभग तीन से चार वर्ष की मादा बाघ थी। एसडीओ किरण शाह ने बताया कि विभागीय पशु चिकित्सक डॉ. दुष्यंत शर्मा की देखरेख में बाघिन का पोस्टमार्टम एनटीसीए की गाइडलाइन के तहत किया गया। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शव को नष्ट कर दिया गया। वन विभाग ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि बाघिन की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं की जाँच की जा रही है। इस घटना के बाद वन्यजीव क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी पर भी सवाल उठ रहे हैं। वन विभाग यह भी जांच कर रहा है कि कहीं इस घटना में अवैध गतिविधि या शिकार की आशंका तो नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## टैक्स न भरने वाले 89 व्यापारियों की आरसी काटी

**नैनीताल:** राज्य कर विभाग ने टैक्स जमा न करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों के 89 व्यापारियों को आरसी काटी गई है।राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त प्रकाश चंद्र त्रिवेदी ने बताया कि टैक्स चोरी रोकने को पंजीकरण रद्द करने और आरसी काटने की कार्रवाई कर रहा है।

नैनीताल, भीमताल, मुक्तेश्वर, बेतालघाट, भवाली, कैंची आदि क्षेत्रों में बीते दो साल से टैक्स जमा नहीं करने वाले 89 व्यापारियों की आरसी काट दी है। इन पर राज्य विभाग की 23 करोड़ 28 लाख रुपये की देनदारी है। कई बार नोटिस जारी करने के बाद भी ये व्यापारी टैक्स जमा नहीं कर रहे थे।ऐसे में अब संबंधितों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि 62 व्यापारियों पर जीएसटी की दो करोड़ आठ लाख रुपये की देनदारी अभी शेष है।

# भीमताल में गैस वितरण को लेकर लोगों में रोष

संवाददाता, भीमताल



गैस एजेंसी के आफिस में विरोध जताते सभासद रामपाल सिंह गंगोला

**अमृत विचार:** भीमताल क्षेत्र में गैस वितरण व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी नाराज़गी है। गैस समय पर न मिलने से परेशान दर्जनों निवासी वार्ड संख्या 3 के सभासद रामपाल सिंह गंगोला के नेतृत्व में गैस बुकिंग कार्यालय पहुंचे और अपना विरोध दर्ज कराया।

सभासद रामपाल सिंह गंगोला ने गैस वितरण कार्यालय के अधिकारियों से मांग की कि बिलासपुर, नौल, बिजरौली, भीमताल डांठ सहित उन सभी क्षेत्रों में तुरंत गैस आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जहां अभी तक गैस वाहन नहीं पहुंचा है। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग को गैस वितरण का एक निश्चित रोस्टर तैयार कर उसे कार्यालय और गैस एजेंसी में चस्पा करना चाहिए, ताकि लोगों को वितरण की सही जानकारी मिल सके और व्यवस्था में पारदर्शिता आए। सभासद ने चेतावनी दी कि यदि 3 अप्रैल 2026 तक क्षेत्र में गैस वितरण वाहन नहीं पहुंचा, तो क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर बिलासपुर स्थित गैस एजेंसी में तालाबंदी की जाएगी। वहीं, गैस अधिकारियों ने जल्द ही व्यवस्था सुधारने और रोस्टर बनाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान क्षेत्र के कई निवासी मौजूद रहे।

### गैस वितरण को पुलिस सहायता की मांग

**भीमताल :** भीमताल स्थित इंडियन गैस सर्विस ने गैस सिलेंडरों की सुचारु होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस सहायता की मांग की है। गैस सर्विस के प्रबंधक द्वारा पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि कुछ लोग रास्ते में गैस वाहनों का घेराव कर अपने-अपने क्षेत्रों में पहले वितरण कराने का प्रयास कर रहे हैं। इस कारण गैस वाहन निर्धारित गंतव्य तक समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे वितरण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। एजेंसी ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए वितरण का रोस्टर तैयार कर लिया गया है और वितरण स्थल की सूचना एक दिन पूर्व थाने को उपलब्ध करा दी जाएगी। इंडियन गैस सर्विस ने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि गैस वाहनों को सुरक्षित रूप से निर्धारित स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि सभी क्षेत्रों में समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से गैस आपूर्ति हो सके।

## अतिक्रमण करने पर पालिका ने 6 दुकानों का सामान जब्त किया

**नैनीताल:** नैनीताल में नगर पालिका अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को तल्लीताल बाजार, माल रोड, पंत पार्क में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया।

इस दौरान अतिक्रमण करने पर अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने छह दुकानों का सामान जब्त किया गया। अधिशासी अधिकारी शर्मा ने बताया कि नालियों के ऊपर अतिक्रमण, गंदगी करने वाले, कूड़ेदान का उपयोग नहीं करने वाले छह व्यापारियों पर कार्रवाईकी गई। कार्रवाई के दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक अमित चौधरी भी मौजूद रहे।

# समस्याओं को लेकर कुलपति का घेराव

संवाददाता, नैनीताल



नैनीताल में मांगों को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी कार्यकर्ता।

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कुमाऊं विश्वविद्यालय में व्याप्त विभिन्न समस्याओं और छात्र हितों की अनदेखी को लेकर आवाज उठाई है। मंगलवार को परिषद के जिला संयोजक धीरज गड़कोटी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।

एबीवीपी ने तीन प्रमुख मुद्दों को उठाया। पहली मांग पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया को लेकर की गई, जिसमें वर्तमान में जारी विज्ञप्ति को निरस्त करने की मांग करते हुए विश्वविद्यालय से स्वयं पारदर्शी प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का आग्रह किया गया। दूसरी मांग के तहत परिषद ने प्रयोगात्मक परीक्षा शुल्क जमा करने की समय सीमा बढ़ाने की आवश्यकता बताई। उनका कहना है कि मौजूदा समय सीमा बहुत कम है, जिससे दूरदराज क्षेत्रों के छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। तीसरी और महत्वपूर्ण मांग नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पांचवें सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए स्पेशल बैक परीक्षा आयोजित करने की है। परिषद के अनुसार, परीक्षा न होने से छात्रों का एक पूरा शैक्षणिक वर्ष प्रभावित हो रहा है। जिला संयोजक गड़कोटी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो एबीवीपी छात्र हितों की रक्षा के लिए उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। वहीं, कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने छात्रों की समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया है।

## गैस बुकिंग के नाम पर पूर्व कुलपति से 1.91 लाख की ठगी

**नैनीताल:** मल्लीताल निवासी रुहेलखंड विवि की पूर्व कुलपति बीना साह से साइबर ठगों ने गैस बुकिंग के नाम पर 1.91 लाख रुपये ठग लिए। 20 मार्च को बीना साह ने इंडेन गैस बुकिंग का प्रयास किया। भुगतान में दिक्कत आने पर उन्होंने पेटीएम के जरिए शिकायत करने की कोशिश की, जहां उन्हें एक व्हाट्सएप नंबर दिया गया। संपर्क करने पर ठगों ने स्क्रीन शेयर के माध्यम से उनके फोन तक पहुंच बनाई और कुछ ही देर में उनके खाते से 84,539 और 9,999 रुपये ट्रांसफर कर लिए। अगले दिन फिर झांसे में लेकर 96,949 रुपये अन्य खाते में भेजवा लिए गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सूचना साइबर सेल को भी दे दी गई है।

# टिप्पणी को लेकर विवाद माफी के बाद मामला शांत

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** हनुमान जयंती पर निकली शोभा यात्रा के दौरान कथित टिप्पणी को लेकर विवाद खड़ा हो गया। बालाजी मंदिर समिति ने करणी सेना के अध्यक्ष सूरज चौधरी और उनके साथियों पर यात्रा में नृत्य कर रहे कलाकारों के साथ अभद्रता तथा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया।

मंगलवार को मामला तूल पकड़ने पर समिति के सदस्य कोतवाली पहुंचे और कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। सुनवाई न होने पर महंत समेत श्रद्धालु मंदिर के बाहर धरने पर बैठ गए। उनका आरोप था कि सोशल मीडिया पर साझा वीडियो में यात्रा को लेकर भ्रामक और आपत्तिजनक बातें कही गई हैं, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

कोतवाली में वरिष्ठ उप निरीक्षक दीपक बिष्ट और पीरुमदारा पुलिस चौकी इंचार्ज वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी भी मौके पर पहुंची। ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी भी मौके पर पहुंचीं। आयोजकों का कहना था कि शोभा यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण रही थी और वीडियो भ्रामक है। देर रात सूरज चौधरी धरना स्थल पर पहुंचे और सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त किया। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ और मामला शांत हो गया।

कार्यक्रम

पीएमश्री बालिका इंटर कॉलेज भीमताल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

# वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने बिखेरे सांस्कृतिक रंग

संवाददाता, भीमताल



कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट।

**अमृत विचार :** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भीमताल में विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट एवं प्रधानाचार्य ईला कैड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद कुमाउनी, गढ़वाली, पंजाबी, हरियाणवी, राजस्थानी और नेपाली संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर प्रस्तुत नाटक ने भी दर्शकों को जागरूक किया। मुख्य अतिथि डॉ. बिष्ट ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र-छात्राएं देश का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालय भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, खेल और विद्यार्थियों की रुचि के अनुरूप उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने छात्राओं को निराश न होकर दोगुनी मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वर्षभर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की छात्रा हिना कोहली ने भीमताल एवं अपने विद्यालय के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य ईला कैड़ा ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सभासद प्रकाश चंदोला, ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार, एसएमसी अध्यक्ष दिनेश सांगुड़ी, बीडीसी मोहित टम्टा, यशपाल आर्य, व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज जोशी, एडवोकेट सुनीता पांडे सहित कई अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।



कालाढूंगी में सम्मानित किए गए मेधावी विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### चकलुवा में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**कालाढूंगी :** सरस्वती शिशु मंदिर चकलुवा में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण व मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि जगदीश चंद्र, प्रबंध समिति के अध्यक्ष पूरन मेहरा और विशिष्ट अतिथियों के साथ प्रधानाचार्य ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य बच्ची सिंह बिष्ट ने अतिथियों का परिचय कराया। विद्यालय का वार्षिक परीक्षाफल 100 प्रतिशत रहा। टॉपर रही छात्रा दिव्या पडलिया, जबकि पलक, कनिका द्विवेदी, अवनी सैनी और निहारिका ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त अनु, सोनिया, गीता और दिशा सैनी ने भी बेहतर परिणाम प्राप्त किए। सम्मान समारोह में संरक्षक अनिल सिंह बिष्ट, भगवान सिंह कुमटिया, रमेश लाल सैनी, त्रिभुवन पड़लिया, राम सिंह बोरा, विक्रम जंतवाल, कुंदन सिंह बसेड़, गोविंद सिंह बोरा और सुच्चा सिंह मौजूद रहे।

## जिला बार चुनाव के लिए मतदान आज

**नैनीताल:** नैनीताल में जिला बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर मंगलवार को कुल 16 अधिवक्ताओं ने टेंडर वोट डाले।

मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश चंदोला ने बताया कि बुधवार को होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा जिसके बाद मतगणना और शाम तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। चुनाव में कुल तीन पदों के लिए 290 अधिवक्ता मतदान करेंगे। अध्यक्ष पद के तीन उम्मीदवार मैदान में हैं जबकि उपाध्यक्ष और सचिव पद के लिए दो-दो प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं संयुक्त सचिव सहित कार्यकारिणी के चार पदों पर निर्विरोध निर्वाचन तय है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सहायक चुनाव अधिकारी प्रमोद बहुगुणा, शंकर चौहान, मुकेश चंद्र व शिवांशु जोशी रहे।

## सिटी ब्रीफ

### गौलापार स्विमिंग पूल अग्रिम आदेश तक बंद

**हल्द्वानी :** अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार स्थित स्विमिंग पूल में वॉर्मअप पूल को अग्रिम आदेश तक बंद कर दिया गया है। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने यह निर्णय पूल में चल रहे कवरिंग कार्य के चलते लिया है। विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार वॉर्मअप पूल में इन दिनों मरम्मत और कवरिंग का कार्य प्रगति पर है। ऐसे में सुरक्षा कारणों को देखते हुए तैराकों के लिए पूल को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने तैराकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कार्य कराया जा रहा है।

### वरिष्ठ नागरिक समिति का स्थापना दिवस 3 को

**हल्द्वानी :** वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति ने 3 अप्रैल को अपने 28वें स्थापना दिवस को मनाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम पंडित गोविंद बल्लभ पंत पुस्तकालय भवन में सुबह 11 बजे से होगा। मुख्य अतिथि के रूप में समिति के वरिष्ठ सदस्य आनंद सिंह ठठोला और शंकर दत्त तिवारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में नए सदस्यों रमेश चन्द्र पाण्डे, निर्मल तिवारी और गायत्री चौहान को आजीवन सदस्यता दी गई। समिति अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे ने कहा कि सभी नए सदस्यों का स्वागत स्थापना दिवस पर किया जाएगा। बैठक में अनेक पदाधिकारी और सदस्य रहे।

# सिटी मजिस्ट्रेट ने मारा छापा नशे में मिला बाबू, सस्पेंड

## काठगोदाम स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय की घटना

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** सरकारी दफ्तर जनसेवा के केंद्र हैं या मयखाने? यह सवाल मंगलवार को तब खड़ा हुआ जब काठगोदाम हाइडिल स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी के औचक निरीक्षण में एक कार्यालय सहायक शराब के नशे में धुत मिला। मजिस्ट्रेट ने मौके पर ही कर्मचारी को सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिए।

प्रशासन को पिछले कुछ समय से सूचना मिल रही थी कि हाइडिल विभाग के सेकेंडरी वर्क डिवीजन कार्यालय में अनुशासन की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सोमवार सुबह करीब 11 बजे सिटी मजिस्ट्रेट को जानकारी मिली कि एक कर्मचारी नशे में ड्यूटी कर रहा है। बिना वक्त गंवाए मजिस्ट्रेट अपनी टीम के साथ दफ्तर जा धमके। छापेमारी के दौरान दफ्तर में अफरा-तफरी मच गई। वहां तैनात कार्यालय सहायक दीपक बोरा नशे में था। हालत यह थी कि सिटी मजिस्ट्रेट के सामने वह न तो ठीक से खड़े हो पा रहा था और न ही उनके सवालों का जवाब दे पा रहे था। फाइलों के ढेर के बीच शराब की महक देख सिटी मजिस्ट्रेट का पारा चढ़ गया। सिटी मजिस्ट्रेट ने आरोपी कर्मचारी को जमकर फटकार लगाते हुए स्पष्ट किया कि सरकारी मर्यादा से समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने तुरंत विभाग के उच्चाधिकारियों को दीपक बोरा के सस्पेंड के आदेश दिए।



कार्यालय सहायक दीपक बोरा को साथ ले जाते पुलिस कर्मी।

### मेडिकल के लिए बेस अस्पताल भेजा

**हल्द्वानी :** नशे की आधिकारिक पुष्टि के लिए प्रशासन ने पुलिस की मदद से कर्मचारी को बेस अस्पताल भेजा, जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। इस कार्रवाई के बाद से काठगोदाम से लेकर शहर के अन्य सरकारी कार्यालयों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

> सरकारी दफ्तरों में अनुशासनहीनता और लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो कर्मचारी ड्यूटी के दौरान शराब का सेवन कर जनता के कार्यों में बाधा डालेंगे, उनके खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। **-एपी वाजपेयी,** सिटी मजिस्ट्रेट, हल्द्वानी

## हैमर और विवेकानंद विनिंग एज ने जीते क्रिकेट के मुकाबले

**हल्द्वानी:** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में आयोजित कॉर्पोरेट कप (सीजन 1) के अंतर्गत खेले जा रहे क्रिकेट मुकाबलों में मंगलवार को तीसरे दिन दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच हैमर और मां बाराही एकादश के बीच मुकाबला खेला गया।

टॉस जीतकर मां बाराही ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाए। टीम की ओर से गौतम त्यागी ने 43 गेंदों में 46 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। गेंदबाजी में किशन बिष्ट ने 3 विकेट हासिल किए, जबकि कमल कौशिक और अजय ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैमर की टीम शुरुआत में संघर्ष करती नजर आई, लेकिन कमल बिष्ट ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 40 रन बनाए और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। अंत में अजय पांडेय ने 25 रनों की उपयोगी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। इस मैच में कमल बिष्ट को 40 रन और 3 विकेट के शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मुकाबला अल्मोड़ा वॉरियर्स और विवेकानंद विनिंग एज के बीच खेला गया।

# चीतल के मांस के साथ एक गिरफ्तार, दो फरार



वन कर्मियों द्वारा पकड़ा गया आरोपी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार:** तराई पश्चिमी वन विभाग ने वन्यजीव तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी के कब्जे से करीब 12 किलो चीतल का मांस बरामद किया गया है। जबकि दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए जिनकी तलाश जारी है। बताया जाता है कि कार्रवाई तराई पश्चिमी वन प्रभाग के वन कर्मियों को मुखबिर से सूचना मिली कि मालधन चौड़ क्षेत्र में एक मुर्गी के मीट की दुकान पर अवैध रूप से चीतल का मांस काटा और बेचा जा रहा है। सूचना मिलते ही आम पोखरा रेंज के रेंजर पूरन सिंह खनायत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने मौके से संजय कुमार नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया। जो आनंद नगर नंबर 7, मालधन चौड़ का निवासी बताया जा रहा है। जांच में सामने आया कि आरोपी अपनी दुकान में खुलेआम चीतल का मांस काट रहा था। वन विभाग की टीम ने उसके कब्जे से करीब 12 किलो मांस बरामद किया, जिसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है ताकि इसकी पुष्टि की जा सके। डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। और उसे न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में शामिल दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए।

## एआई से शिक्षण में आएगा क्रांतिकारी बदलाव : प्रो. लोहनी

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के सीआईक्यूए की ओर से आयोजित विशेष व्याख्यान श्रृंखला के तहत हाऊ टू यूज एआई इन टीचिंग विषय पर विवि परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शिक्षण प्रक्रिया में एआई के प्रभावी उपयोग पर चर्चा की गई।

कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने कहा कि एआई शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। उन्होंने कहा कि यदि एआई का उपयोग जिम्मेदारी और सावधानी के साथ किया जाए, तो यह शिक्षण को अधिक सरल, प्रभावी और रोचक बना सकता है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे एआई आधारित तकनीक अपनाकर शिक्षण को छात्र-केंद्रित बनाएं। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रो. शिवानंद कनवी ने बताया कि शिक्षक एआई टूल्स की मदद से शिक्षण सामग्री तैयार करने, छात्रों के प्रदर्शन का विश्लेषण करने और पर्सनलाइज्ड लर्निंग को बढ़ावा दे सकते हैं। इससे पहले सीआईक्यू के निदेशक प्रो. गिरिजा प्रसाद पांडे ने कहा कि इस तरह के व्याख्यान शिक्षकों को नई तकनीक से जोड़ते हैं। इस मौके पर प्रो. नीरजा सिंह सहित शिक्षक, शोधार्थी उपस्थित रहे।

# विधायक भगत ने सीएम से की भेंट, क्षेत्र के विकास की मांग उठाई

- विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं की जानकारी दी
- सीएम ने शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की और विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं व विकास योजनाओं को उनके समक्ष प्रमुखता से रखा।

इस दौरान विधायक भगत ने सड़क, पेयजल, विद्युत, सिंचाई, शिक्षा और अन्य आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुख्यमंत्री से विस्तारपूर्वक चर्चा की और इन कार्यों को जल्द पूरा करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री धामी ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने और समस्याओं के शीघ्र समाधान का निर्देश देने का आश्वासन दिया।

विधायक भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में विकास कार्य निरंतर गति से चल रहे हैं और उनके मार्गदर्शन से कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को और अधिक तेज़ी मिलेगी, जिससे क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा।


देहरादून में मुख्यमंत्री धामी के साथ कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

# सुगम में अटैचमेंट पर बवाल सालों से प्रतीक्षारत हैं शिक्षक

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** दुर्गम क्षेत्रों में सालों से तैनात शिक्षकों के ट्रांसफर का इंतजार लंबा होता जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ शिक्षकों को मनमाने तरीके से सुगम क्षेत्रों में अटैच किए जाने पर शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। राजकीय शिक्षक संघ ने इसे स्थानांतरण नियमावली के विपरीत बताते हुए नाराजगी जताई है। शिक्षकों का कहना है कि विभाग एक ओर अटैचमेंट समाप्त करने की बात करता है, जबकि दूसरी ओर खुद ही अटैचमेंट के आदेश जारी कर रहा है। इससे पारदर्शिता और समानता दोनों पर सवाल उठ रहे हैं। प्रतिनिधियों के अनुसार, दुर्गम ब्लॉकों से शिक्षकों को हल्द्वानी और आसपास के स्कूलों में अटैच किया जा रहा है, जबकि सालों से कठिन क्षेत्रों में सेवा दे रहे शिक्षक अब भी नियमित ट्रांसफर की प्रतीक्षा में हैं। उनका कहना है कि यदि किसी शिक्षक को समस्या है, तो उसका समाधान नियमानुसार स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत ही किया जाना चाहिए, न कि अस्थायी अटैचमेंट के जरिए। सबसे गंभीर चिंता उन स्कूलों को लेकर जताई गई है, जहां से शिक्षकों को हटाया जा रहा है। शिक्षकों ने सवाल उठाया कि क्या उन स्कूलों में संबंधित विषय में छात्र संख्या शून्य है। यदि छात्र मौजूद हैं, तो उनके शिक्षण और पाठ्यक्रम पूरा होने पर संकट खड़ा होना तय है। इसके साथ ही अटैचमेंट व्यवस्था की एक और खामी सामने आई है।

# दो माह से सड़क की मरम्मत नहीं

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** शहर के व्यस्त रामपुर रोड पर सरगम सिनेमा के पास सीवर लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क अब लोगों के लिए परेशानी और खतरे का कारण बन गई है। सीवर लाइन का काम तो पूरा कर दिया गया, लेकिन इसके बाद सड़क को दोबारा ठीक नहीं किया गया, जिससे क्षेत्र में दुर्घटनाओं का जोखिम लगातार बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, सीवर निर्माण कार्य के दौरान सड़क को खोदकर यहां चैंबर भी बनाया गया है। लेकिन चैंबर सड़क की सतह से ऊपर उठा हुआ है, जिससे गुजरने वाले वाहनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर रात के समय यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, जब कम रोशनी में वाहन चालकों को चैंबर दिखाई नहीं देता और दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन पिछले दो माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों में विभागीय लापरवाही को लेकर नाराजगी भी देखने को मिल रही है। इधर, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता प्रत्यूष कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है और जल्द ही सड़क को दुरुस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि संबंधित ठेकेदार को निर्देशित कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। फिलहाल, क्षेत्रवासी जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत की मांग कर रहे हैं ताकि किसी बड़े हादसे से पहले स्थिति को संभाला जा सके।


रामपुर रोड स्थित सरगम सिनेमा के पास कार शो रूम के सामने टूटी पड़ी सड़क।



हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन में आयोजित विदाई कार्यक्रम के दौरान मौजूद कर्मचारी।

### वरिष्ठ लिपिक राजेंद्र सिंह हुए सेवानिवृत्त

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड परिवहन निगम के हल्द्वानी डिपो में वरिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यरत राजेंद्र सिंह नेगी मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए। इस दौरान रोडवेज स्टेशन में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। उनकी सेवानिवृत्ति पर हल्द्वानी डिपो के सभी कर्मचारियों ने उन्हें विदाई दी। इस मौके पर एआरएम हल्द्वानी संजय पांडे ने राजेंद्र सिंह के सेवाकाल के बारे में बताया। इस मौके पर वरिष्ठ केंद्र प्रभारी नवीन कोठारी, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी विद्या जोशी, उमेश जोशी, जगदीश कांडपाल, सुरेंद्र सिंह रावत, कौशल जोशी, दिनेश भंडारी, राजीव भट्ट, अमित जंगवाल, अमित कुमार सिंह, रमेश कपिल, गिरीश दानी, नवनीत कपिल, जीवन आर्य, गौरव जोशी आदि उपस्थित रहे।

# कैंपस प्लेसमेंट में लिया भाग

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में मंगलवार को कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम हुआ। कॉलेज के कॅरियर काउंसलिंग सेल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और उन्हें उद्योग जगत की जरुरतों के बारे में बताया गया।

प्लेसमेंट ड्राइव संसेरा इंजीनियरिंग लिमिटेड के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में बीएससी, बीए, बीकॉम और बीबीए के करीब 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के तहत अभ्यर्थियों के लिए ओरिएंटेशन, स्क्रीनिंग और इंटरव्यू की प्रक्रिया पूरी की गई। कंपनी की ओर से एचआर मैनेजर दीक्षा मनराल और एचआर एडमिन भास्कर भट्ट ने इंटरव्यू लिए और योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को कंपनी की कार्य संस्कृति, रोजगार के अवसर और उद्योग की अपेक्षाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। कॉमर्स संकाय के डॉ. रोहित जोशी ने छात्रों को रोजगार की संभावनाओं और चुनौतियों से अवगत कराते हुए उन्हें लक्ष्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। प्लेसमेंट के तहत चयनित अभ्यर्थियों को 17,000 प्रतिमाह (सीटीसी) का ऑफर दिया गया। 18 से 28 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों को इसका लाभ मिला। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।इस मौके पर डॉ. नवल कुमार लोहनी, प्रो. टीसी पांडे मौजूद रहे।



एमबीपीजी कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान इंटरव्यू देतीं अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

# टेनिस लीग: प्रदीप पंत बने टॉपस्पिन टाइटंस के कप्तान

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** खेल और पेशेवर प्रतिभा के संगम प्रोफेशनल प्रीमियर टेनिस लीग के तीसरे सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया रविवार को जयपुर में हुई। देहरादून की टांस ब्रिज एकेडमी के प्रदीप पंत ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए लीग की टीम टॉपस्पिन टाइटंस की कप्तानी संभाली है।

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ऑक्शनर चारू शर्मा के संचालन में हुई इस नीलामी में उत्तराखंड के कई खिलाड़ियों पर जमकर दांव लगा। इस ऑक्शन का संचालन प्रो-कबड्डी लीग के को-फाउंडर चारु शर्मा ने अपने रोचक और अनूठे अंदाज में किया। इस लीग में कुल 16 टीमों के मालिकों द्वारा देश भर के 128 चुनिंदा खिलाड़ियों का चयन किया गया। टॉपस्पिन टाइटंस की टीम में प्रदीप पंत (कप्तान) के साथ देहरादून के संचित जैन और हल्द्वानी के हेम कुमार पांडे को जगह मिली है। वहीं अन्य टीमों से देहरादून के सेहज सेठी और मोहित डबराल का चयन हुआ है। लीग के आयोजक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सीजन-3 का रोमांच 9 से 12 अप्रैल तक उदयपुर के फील्ड क्लब में देखने को मिलेगा।



प्रदीप पंत (कैप्टन) और हेम कुमार पांडे।

## जल संस्थान ने तेज की बिलों की वसूली

**हल्द्वानी:** मार्च क्लोजिंग से पहले अपने बकाया बिलों की वसूली अभियान में ऊर्जा निगम और जल संस्थान ने वसूली अभियान चलाया। शहरी क्षेत्रों में ऊर्जा निगम के पास कुल 28 करोड़ रुपये की वसूली करनी थी, जिसमें से 19 करोड़ रुपये वसूली कर ली गई।

वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 32 करोड़ रुपये का बकाया था, जिसमें निगम ने 22.26 करोड़ रुपये वसूली की। जल संस्थान के पास भी कुल 43 करोड़ रुपये वसूली का लक्ष्य था, जिसमें से उसने 39 करोड़ रुपये की वसूली पूरी की। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली और ऊर्जा निगम के ग्रामीण ईई एसके गुप्ता ने बताया कि यह वसूली अभियान लगातार जारी रहेगा और बकाया राशि वसूलने के लिए कार्रवाई जारी रहेगी।

**अपराध** | पार्षद अमित बिष्ट उर्फ चिंटू और उसके बेटे जय पर हत्या का आरोप, बीती 4 जनवरी की रात 22 साल के नितिन को दौड़ाकर भूना गोलियों से

# नितिन हत्याकांड : 48 घंटे में कोर्ट में चार्जशीट पेश करेगी पुलिस

- पुलिस के अनुसार चार्जशीट बेहद मजबूत तैयार की गई है
- गवाहों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया हो चुकी है पूरी

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** डहरिया क्षेत्र में हुए बहुचर्चित नितिन हत्याकांड में अब पुलिस कार्रवाई निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। मामले की विस्तृत जांच के बाद पुलिस ने चार्जशीट पूरी कर ली है। पुलिस का दावा है कि 48 घंटों के भीतर चार्जशीट को सीजेएम कोर्ट में दाखिल कर दिया जाएगा है। दावा यह भी है कि चार्जशीट बेहद मजबूत है और आरोपियों को उनके अंजाम तक ले कर जाएगी।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, चार्जशीट में घटना से जुड़े हर पहलू को विस्तार से शामिल किया गया है, ताकि अदालत में अभियोजन पक्ष मजबूत स्थिति में रह सके। गवाहों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है, जिसके बाद अंतिम रूप देकर चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की जाएगी।

बता दें कि यह सनसनीखेज घटना बीती 4 जनवरी की रात डहरिया इलाके में हुई थी। जज फार्म, मुखानी निवासी 22 वर्षीय नितिन लोहनी अपने कमल भंडारी के साथ पार्षद अमित बिष्ट उर्फ चिंटू के घर के बाहर पहुंचा था। इसी दौरान विवाद की स्थिति में पार्षद ने अपने घर की दूसरी मंजिल से फायरिंग कर दी। नितिन और उसका परिचित दोस्त भागा तो अमित बिष्ट ने अपने बेटे जय बिष्ट के साथ दोनों को दौड़ाकर फायर झोंके। गोली लगने से नितिन गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे अस्पताल ले जाया गया। हालांकि अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी पार्षद अमित बिष्ट और उसके पुत्र को गिरफ्तार कर लिया था। अब जांच पूरी होने के बाद पुलिस चार्जशीट के जरिए पूरे घटनाक्रम को अदालत के सामने पेश करेगी।


नितिन लोहनी का फाइल फोटो।


हत्या का आरोपी अमित बिष्ट उर्फ चिंटू।

### चश्मदीद की गवाही पर निर्भर है काफी कुछ

**हल्द्वानी :** घटना की रात नितिन के साथ उसका दोस्त कमल भंडारी भी साथ था और कमल भंडारी पूरी घटना का चश्मदीद गवाह है। इस मामले में कमल पहले ही पुलिस के सामने न सिर्फ अपने बयान दर्ज करा चुका है, बल्कि सूत्रों का कहना है कि कोर्ट के सामने गवाही में भी वह पूरा घटनाक्रम बयां कर चुका है। अब जब चार्जशीट दाखिल होने वाली है तो कोर्ट में सुनवाई शुरू होगी। ऐसे में कमल इस केस को अंजाम तक पहुंचाने वाला अहम किरदार साबित होगा।

### चार्जशीट में क्या क्या शामिल

**हल्द्वानी :** तैयार की गई चार्जशीट में घटना की पूरी टाइमलाइन, इस्तेमाल किए गए हथियार की बरामदगी, प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयान, संबंधित धाराएं, फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट को शामिल किया गया है। एसपी सिटी मनोज कत्याल के अनुसार, "मामले की जांच पूरी कर ली गई है और जल्द ही चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी जाएगी।" चार्जशीट दाखिल होने के बाद अब इस हाई-प्रोफाइल केस की सुनवाई अदालत में शुरू होगी, जहां सभी सबूतों के आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया तय होगी।


सेवानिवृत्ति पर काठगोदाम डिपो की कर्मचारी के सम्मानित करते रोडवेज कर्मचारी।

### काठगोदाम डिपो में महिला कर्मचारी को दी विदाई

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** काठगोदाम डिपो में वर्कशाप में सीनियर बुकिंग क्लर्क के पद से सेवानिवृत्ति होने पर सुमन अग्रवाल को विदाई दी गई। सीनियर बुकिंग क्लर्क पद से 29 वर्ष की सेवा के बाद सुमन अग्रवाल मंगलवार को सेवानिवृत्त हुई। सुमन ने सभी अधिकारियों -कर्मचारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम में साथी कर्मचारियों के साथ बीते पल हमेशा याद रहेंगे। कर्मचारियों ने भी उन्हें भविष्य के लिए उनके शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद बिष्ट, शाखा अध्यक्ष मनोज भट्ट, हरीश रावत, गुंजन अग्रवाल, ललित पांडे मौजूद रहे।

## सीएम ने लिया राजरानी पपनेजा से आशीर्वाद

**किच्छा :** रुद्रपुर से खटीमा जा रहे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सितारगंज मार्ग स्थित ग्राम बरा में भाजपाइयों ने भव्य स्वागत किया। ग्राम बरा में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पपनेजा की वयोवृद्ध माता राजरानी पपनेजा के पैर छूकर मुख्यमंत्री धामी ने आशीर्वाद लिया और उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद गंगवार, सुरेंद्र पपनेजा, सुरेश पपनेजा, रतनलाल गंगवार, चंपत सिंह, अरविंद शर्मा, प्रेम सिंह ठाकुर मौजूद रहे।



किच्छा में सीएम धामी को आशीर्वाद देतीं राजरानी पपनेजा। ● अमृत विचार


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, तिकोनिया, हल्द्वानी (नैनीताल)

(Phone/Fax): 05946-223352, E-mail-ee ndhal@rediffmail.com

पत्रांक : 1027/2ए०सी० दिनांक : 31/03/2026

### ई-निविदा सूचना (E-Tendering)

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, हल्द्वानी द्वारा निम्नलिखित सिविल कार्य हेतु सिंगल बिड ऑन लाईन आईटम रेट ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें वेबसाइट http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 07-04-2026 से उपलब्ध होगी।

| क्रम सं० | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु०) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु०) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने हेतु समय | ठेकेदार/फर्म की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र हल्द्वानी के वार्ड नं० 30 के आन्तरिक मार्गो का इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा मार्ग का पुनः निर्माण कार्य। Work Code-22W1710 | 143500.00 | 4000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "डी" एवं उच्चतर "मार्ग कार्य हेतु" |
| 2 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र हल्द्वानी के वार्ड नं० 31 के आन्तरिक मार्गो का इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा मार्ग का पुनः निर्माण कार्य। Work Code-22W1711 | 136500.00 | 4000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "डी" एवं उच्चतर "मार्ग कार्य हेतु" |
| 3 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र कालाढूंगी में करायल जौलासाल के गणपति विहार में विनोद गोस्वामी, रमेश जोशी आदि की सड़क का पी०सी० द्वारा नव निर्माण का कार्य। Work Code-22W1712 | 71000.00 | 2500.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "डी" एवं उच्चतर "मार्ग कार्य हेतु" |
| 4 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र लालकुआं के मदनपुर, बसन्तपुर और गंगापुर के लिंक मार्गो का पी०सी० द्वारा निर्माण का कार्य। | 133500.00 | 4000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "डी" एवं उच्चतर "मार्ग कार्य हेतु" |
| 5 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र लालकुआं के अन्तर्गत हिम्मतपुर, मोटाहल्दू, फतताबंगर में दुर्गादत्त जोशी, सुरेश आर्या व अन्य के घर के पास सार्वजनिक मार्ग, हिम्मतपुर, मोटाहल्दू, फतताबंगर में शंकर दत्त पुत्र नरोत्तम बचखेती व अन्य के घर के पास सार्वजनिक मार्ग हिम्मतपुर मोटाहल्दू पोस्ट अर्जुनपुर में पूरन चन्दौला व अन्य ग्रामवासियों हेतु सार्वजनिक मार्ग, फत्ताबंगर में जगदीश चन्द्र व अन्य के घर के पास सार्वजनिक मार्ग, हरिपुर शिवदत्त अर्जुनपुर में गोविन्द बल्लभ तिवारी, बीना नेगी व अन्य के घर के पास सार्वजनिक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | 173500.00 | 4000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "डी" एवं उच्चतर "मार्ग कार्य हेतु" |
| 6 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र लालकुआं के अन्तर्गत भगवान सिंह बिष्ट, मीना गिरी, दिपांजली खोलिया, हरेन्द्र सिंह, भूवन चन्दोला व अन्य के घर के पास एवं खड़कपुर मुख्य मार्ग से नंदू पाण्डे व अन्य के घर तक सार्वजनिक मार्गो का पी०सी० द्वारा निर्माण का कार्य। | 130000.00 | 4000.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | श्रेणी "डी" एवं उच्चतर "मार्ग कार्य हेतु" |

1. संविदा मूल्य की धनराशि में वस्तु एवं सेवाकर (जी०एस०टी०) भी सम्मलित है एवं तद्नुसार धनराशि पर धरोहर धनराशि आदि का मूल्यांकन किया गया।
2. संविदाकार से आमंत्रित मदवार दरें बिना वस्तु एवं सेवाकर (जी०एस०टी०) की है एवं जिस पर विभाग द्वारा प्रचलित जी०एस०टी० अतिरिक्त देय होगी।
3. किसी भी निविदा अथवा सम्पूर्ण निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०
हल्द्वानी (नैनीताल)


# विभाग ने उर्वरक की 28 दुकानों पर मारा छापा

## चार कारोबारियों को कारण बताओ नोटिस जारी, दो के लाइसेंस निरस्त, उर्वरक दुकानदारों में मचा हड़कंप

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर जनपद में रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति तय करने के लिए कृषि विभाग की टीम ने उर्वरक की 28 दुकानों पर छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने एक दुकान स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, जबकि दो दुकानदारों के लाइसेंस निरस्त किए हैं। इसके अलावा चार कारोबारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

मंगलवार को मुख्य कृषि अधिकारी डॉ.वीके यादव ने बताया कि जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देश पर विभाग की टीम ने जनपद में स्थित सहकारी समितियों एवं निजी विक्रेताओं के यहां छापेमारी कर सत्यापन किया गया। इसमें विसंगति पाई गई है। इसके आधार पर कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कार्रवाई में वैभव अरोड़ा मैसर्स अजंता फर्टीलाईजर गल्ला मंडी रुद्रपुर के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इसके अलावा वैभव अरोड़ा मैसर्स अजंता फर्टीलाइजर गल्ला मंडी, रुद्रपुर और बहुउद्देशीय बाजपुर प्रथम किसान सेवा सहकारी समिति बाजपुर के लाइसेंस निरस्त किए गये हैं। इसके अलावा चार को कारण बताओ नोटिस दिया गया। उन्होंने बताया कि जनपद में रसायनिक उर्वरकों की आपूर्ति तय करने के लिए दुकानदारों को निर्देश दिए गये हैं। इसके अलावा किसानों से अपील की गयी है कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों को क्रय करें और किसी के बहकावे में न आएं।




अजंता फर्टिलाइजर्स की दुकान। ● अमृत विचार

### अजंता फर्टिलाइजर्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर :** यूरिया खरीद की कालाबाजारी पर कोतवाली पुलिस ने रुद्रपुर की फेमस वैभव अरोड़ा मैसर्स अजंता फर्टिलाइजर्स फर्म पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ.वीके यादव की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली में सौंपी तहरीर के अनुसार मार्च माह में अधिक यूरिया खरीद की सूची के सत्यापन के दौरान फर्म में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। 28 मार्च को कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी और तहसीलदार ने संयुक्त निरीक्षण किया। इसमें पाया गया कि फर्म ने उर्वरक स्टॉक और मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं की जो उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 का उल्लंघन है। निरीक्षण के दौरान पीओएस मशीन के अनुसार 558 बैग यूरिया स्टॉक होना चाहिए था, जबकि मौके पर केवल 9 बैग ही मिले इसके अलावा फर्म संचालक ने स्वीकार किया कि 15 बैग यूरिया उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति को बेचे गए जो नियमों के खिलाफ है। जांच में यह भी सामने आया कि फर्म ने लाइसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए जिले से बाहर उर्वरक की बिक्री की और निर्धारित सीमा से अधिक यूरिया बिना अनुमति बेचा। सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि मुख्य कृषि अधिकारी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही सभी अभिलेखों को सीज कर दिया गया है।

### ये दिए गए निर्देश

- प्रत्येक कृषक को उर्वरक यूरिया बिक्री करने से पूर्व कृषक से आधार कार्ड एवं खतौनी प्राप्त कर ली जाए।
- एक कृषक को पांच बैग से अधिक यूरिया की बिक्री बिना अनुमति के (मोबाइल पर) न की जाए।
- कृषक को उसकी खतौनी में दिए गये क्षेत्रफल के अनुसार यूरिया उर्वरक बिक्री की जाए। अगर उसकी भूमि का क्षेत्रफल अधिक है तो पांच बैग से अधिक यूरिया की बिक्री की स्थिति में यूरिया उर्वरक की अनुमति उनके मोबाइल नंबर 9412987380 पर ली जाए।
- विक्रय किये जा रहे यूरिया उर्वरक का अंकन खतौनी विवरण सहित पंजिका में अनिवार्य रूप से किया जाए। पंजिका में कृशक का नाम, पता, मोबाइली नंबर, खसरा नंबर एवं क्षेत्रफल का अंकन किया जाएगा।
- जनपद में जो कृषक ठेके व लीज या संस्थान की भूमि पर कृषि कार्य कर रहे हैं। ऐसे कृषकों से भू-स्वामी की खतौनी व लीज से संबंधित अभिलेख व संस्थान का प्रमाण उर्वरक बिक्री से पूर्व प्राप्त कर लिया जाए।
- जनपद की सीमा उत्तर प्रदेश एवं नेपाल से लगती है। यदि किसी विक्रेता द्वारा जनपद के बाहर के कृषकों को रसायनिक उर्वरक विक्रय किया जाता है तो इसे उर्वरकों की कालाबाजारी माना जाएगा। साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी।
- कृषकों को उनकी मांग के बिना रासायनिक उर्वरकों यूरिया, डीएपी, एनपीके के साथ अनावश्यक रूप से अन्य कृषि निवेशों को टैगिंग के रूप में लेने के लिये बाध्य नहीं किया जाएगा।

# हादसे में नवोदय के संविदा कर्मी की मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर रोड पर तेज रफ्तार कार ने पुलिस कर्मी के भाई को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक नवोदय विद्यालय में संविदा कर्मी था और ड्यूटी कर पैदल घर लौट रहा था। पुलिस ने संदिग्ध कार चालक की सरगर्मी से तलाश तेज कर दी है।



संतोष (फाइल)।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से पिथौरागढ़ निवासी 45 वर्षीय संतोष कुमार गाबा चौक स्थित नवोदय विद्यालय में संविदा कर्मी था और पुलिस कर्मी का भाई था। रोजमर्रा की भांति वह सोमवार की रात्रि पैदल ही ड्यूटी कर घर लौट रहा था। इस बीच जब संतोष ने सड़क पार की तो तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। खून से लथपथ व्यक्ति को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के वक्त मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

मंगलवार की सुबह सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर को देखकर परिजनों ने मृतक की शिनाख्त संतोष कुमार के रूप में की थी।

# संगठनात्मक रणनीति पर की चर्चा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भाजपा जिला कार्यालय में एक संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठनात्मक रणनीति पर चर्चा की गयी। साथ ही कार्यकर्ताओं को सक्रिय होने का आह्वान किया गया।

मंगलवार को बैठक में आपदा प्रबंधन मंत्री विनय रुहेला ने कहा कि अब चुनाव का समय आ गया है। सभी कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ मैदान में उतरें। साथ ही उन्होंने विधानसभा की सभी सीटों पर विजय प्राप्त करने का लक्ष्य रखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने और उत्तराखंड में कमल खिलाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यकर्ताओं से 2027 के चुनावों को लेकर अभी से बूथ स्तर तक मजबूती के साथ कार्य करने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री तरुण दत्ता, जिला कोषाध्यक्ष रोशन अरोरा, जिला मंत्री गजेंद्र प्रजापति, जिला मंत्री प्रमोद मित्तल, प्रीत ग्रोवर, राजेश तिवारी, कार्यालय मंत्री मोर सिंह, आईटी संयोजक मानस जायसवाल, मीडिया संयोजक विजय तोमर, मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विपिन सिंह, महामंत्री शशांक वर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद आपदा प्रबंधन मंत्री विनय रुहेला व अन्य। ● अमृत विचार

# धमाके के साथ फटा सिलेंडर, मां-बेटे सहित चार झुलसे

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाका उस समय तेज धमाके के साथ दहल उठा जब एक महिला ने गैस चूल्हा जलाने के लिए तीली जलाई। धमाका इतना तेज था कि इससे कमरे की दीवार टूट गई और अग्निकांड में दंपति, उसका बेटा सहित एक महिला बुरी तरह से झुलस गए। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां दंपति परिवार की नाजुक हालत को देखते हुए हल्द्वानी रेफर कर दिया गया है। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग और पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और आग पर काबू पाया।

यहां बता दें कि मूलरूप से खमरियापुल पीलीभीत एवं हाल निवासी कृष्णा कॉलोनी का रहने वाला लोकेश कुमार अपने परिवार के साथ रहता है। रोजमर्रा की भांति मंगलवार की सुबह लोकेश, उसकी पत्नी गोमती देवी और दस साल का बेटा नीरज घर पर थे। सुबह साढ़े 7 बजे जैसे ही गृहस्वामिनी गोमती ने खाना बनाने के लिए गैस चूल्हा जलाने की कोशिश की और माचिस की तीली जलाई। गैस रिसाव होने के कारण आग भड़क गई और पलक झपकते ही तेज धमाके के साथ गैस सिलेंडर फट गया।

इसके बाद इलाके में भगदड़ मच गई और परिवार कमरे में फंस गया। जिसे देख वहां मौजूद मीरा देवी नाम की महिला भागती है और बचाने की कोशिश करती है, लेकिन वह भी झुलस गई। दरवाजा तोड़ने पर अंदर फंसा परिवार बाहर की ओर भागा और गश खाकर नीचे गिर गया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर कर्मी भी घटनास्थल पहुंचे और आग पर काबू पाया। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा झुलसे परिवार के अलावा पड़ोसी महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने दंपति व उसके बेटे की नाजुक हालत को देखते हुए हल्द्वानी रेफर कर दिया। वहीं मीरा देवी की हालत स्थिर बनी हुई है।

गैस सिलेंडर फटने के कारण जहां कमरे का बाथरुम और दीवार टूट गई। वहीं दंपति के परिवार की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। डॉक्टरों के अनुसार गोमती और दस वर्षीय बेटा नीरज 90 फीसदी जल चुके हैं, जबकि लोकेश 50 फीसदी झुलसा है।

### गैस रिसाव की नहीं लगी भनक

रुद्रपुर। मंगलवार की सुबह साढ़े 7 बजे जैसे ही माचिस की तीली जलाई तो धमाके के साथ आग की लपटें उठने लगीं। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि शायद सोमवार की रात्रि को खाना बनाने के बाद से ही गैस का रिसाव होने लगा होगा और कमरा बंद होने के कारण गैस भरी रही। गोमती ने जब चाय या फिर खाना बनाने के लिए तीली जलाई तो आग नहीं, बल्कि गैस का दबाव इतना ज्यादा रहा होगा कि आग पकड़ते ही तेज धमाका हो गया और परिवार आग की चपेट में आया। गैस रिसाव को लेकर अग्निशमन विभाग ने भी जांच शुरू कर दी है।

### मीरा ने दिखाई हिम्मत, हाथ झुलसा

**रुद्रपुर :** मामूली झुलसी मीरा देवी ने बताया कि जिस कमरे में लोकेश किराए पर रहता है। उसके अगल-बगल भी किराएदार रहते हैं। सुबह साढ़े सात बजे जैसे ही धमाका हुआ। उस वक्त कमरा बंद था और आग की लपटे बाहर की ओर निकल रही थी। अंदर से चीख पुकार की आवाज आ रही थी तो उसने फौरन दरवाजा खोला। आग की तपिश इतनी तेज थी कि उसका बाया हाथ झुलस गया और मुंह पर आग की लपटे आई। दरवाजा खुलते ही परिवार जान बचाने को बाहर की ओर भागा। थोड़ी देर हो जाती तो परिवार की जान भी जा सकती थी।


### वर्ष 2013 से वर्ष 2023 तक के 41/102 सीआरपीसी के वाहनों के वाहन स्वामियों हेतु सूचना

थाना हाजा में वर्ष 2013 से वर्ष 2023 तक के 41/102 सीआरपीसी के वाहनों की नीलामी की जानी है। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :-

| क्र० सं० | दिनांक | धारा | वाहन का मेक मॉडल | वाहन नंबर | चैचिज नंबर | इंजन नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 187/21 | 379/411 IPC 41/102 CRPC | मो०सा० यामाहा 5 Speed | बिना नंबर प्लेट | ME135B04BB2036743 | 35B4037681 |
| 2 | 187/21 | 379/411 IPC 41/102 CRPC | मो०सा० हीरो होण्डा पैसन | बिना नंबर प्लेट | 03H21C13868 | 03H2LM13693 |
| 3 | 187/21 | 379/411 IPC 41/102 CRPC | मो०सा० हीरो होण्डा स्पलैण्डर | बिना नंबर प्लेट | MBLHA10ASD9C12146 | HA10ELD9C18837 |
| 4 | 187/21 | 379/411 IPC 41/102 CRPC | मो०सा० हीरो होण्डा CD डिलैक्स | बिना नंबर प्लेट | MBLHA11EE89G07308 | HA11EA89600822 |
| 5 | 251/21 | 379/411 IPC 41/102 CRPC | मो०सा० हीरो होण्डा स्पलैण्डर | बिना नंबर प्लेट | MBLHAW113LH307336 | HA11EVLHB-54656 |
| 6 | 47/23 | 379/411 IPC 41/102 CRPC | मो० सा० हीरो होण्डा HF डीलक्स | बिना नंबर प्लेट | MBLHA11ENA9E9686 | HA11ECA9E40100 |
| 7 | 47/23 | 379/411 IPC 41/102 CRPC | मो० सा० प्लेटिना | UK06M0252 | MDZDDDZZZRPC29853 | अस्पट है |
| 8 | 47/23 | 379/411 IPC 41/102 CRPC | मो० सा० सिटी 100 | बिना नंबर प्लेट | MDZA18AZ5FPM04631 | DUZTFM04895 |
| 9 | 47/23 | 379/411 IPC 41/102 CRPC | मो०सा० सुपर स्पलैण्डर | बिना नंबर प्लेट | अस्पट है | 96EACE22071 |
| 10 | 47/23 | 379/411 IPC 41/102 CRPC | मो०सा० प्लेटिना | UP22U-7890 | MDZA18AZCEPK41096 | अस्पट है |
| 11 | 47/23 | 379/411 IPC 41/102 CRPC | मो० सा० हीरो स्पलैण्डर | बिना नंबर प्लेट | MBLHAR088JHM49102 | HA10AGJHM73878 |
| 12 | 53/13 | 379/411 IPC 41/102 CRPC | मो० सा० CD 100 | UP218-6142 | अस्पट है | 93M10E03518 |
| 13 | 53/13 | 379/411 IPC 41/102 CRPC | मो०सा० हीरो स्पलैण्डर | UA06B-3398 | 04L16C31595 | 04L15M32439 |

अतः सभी वाहन स्वामीयों के सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाहन जिस किसी भी वाहन स्वामी का हो 07 दिवस के अंदर अपने वाहन को अपने पक्ष में मा० न्या0 से रिलीज करने की कृपा करें।

ईमेल आईडी- ps.dineshpur.udn.uk@gmail.com
M.no-9411112903
दिनांक-31-03-2026

थानाध्यक्ष
थाना दिनेशपुर
जनपद-ऊधमसिंह नगर


### भक्ति और कीर्तन से मन को मिलती है शांति

**रुद्रपुर :** पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने ग्राम सुंदरपुर स्थित मंदिर प्रांगण में आयोजित अखंड महानाम संकीर्तन में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने संकीर्तन मंडली के साथ बैठकर हरे रामा हरे कृष्णा महामंत्र का श्रद्धापूर्वक जाप किया। साथ ही क्षेत्रवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। आयोजक समिति ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को अंग वस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया। अखंड महानाम संकीर्तन में पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि भक्ति और कीर्तन से मन को शांति मिलती है और समाज में आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का संचार होता है। महानाम संकीर्तन जैसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को जीवित रखते हैं। इस अवसर पर आनंद शर्मा, गगन ग्रोवर, सुदीप ठाकुर, केरू मंडल, विजय बाछाड़, ठाकुर राय, जितेंद्र राय, दुलाल मंडल, महानंद मंडल, तारक मंडल, बाबू मंडल, सुभाष मंडल, देवु मंडल, अतुल कृष्ण, प्रदीप मंडल, भवतोष बाछाड़, परि बाछाड़, दिलीप ढाली, तपन ढाली, तरूण मंडल, बनमाली मिस्त्री, निमाई ढाली, शुभांकर मंडल, गौरपद सरकार, राजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

सूचना

मेरे FST DOCUMENT में भूलवश मेरे छोटे पुत्र रितेश कलौनी की जन्मतिथि 28/02/1995 गलत दर्ज है मै सही जन्मतिथि 28/05/1995 दर्ज कराना चाहता हू। **घनश्याम कलौनी पुत्र श्री हरि कृष्ण कलौनी, निवासी- भूड़ महोलिया, खटीमा, उधम सिंह नगर**


### दो बाइकें चोरी

**रुद्रपुर :** कोतवाली क्षेत्र के पॉश इलाके सिविल लाइन में ऑटो लिफ्टर गिरोह ने पुलिस को चुनौती देते हुए दिनदहाड़े दो बाइकें पार कर दीं। पहली घटना में भूरारानी निवासी बैंककर्मी जितेंद्र कुमार की बाइक कार्यालय के बाहर से चोरी हो गई। वहीं, दूधियानगर निवासी सुशील वर्मा की बाइक भी इसी क्षेत्र से चोरी हुई। वारदात के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर दो संदिग्ध बाइक ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। शहर में लगातार हो रही चोरियों से पुलिस की गश्त पर सवाल उठ रहे हैं, हालांकि पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### 32 हजार उपभोक्ताओं ने अपनाया स्मार्ट मीटर

**खटीमा :** 52 हजार के लक्ष्य के विपरीत ऊर्जा निगम द्वारा 32 हजार स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। उपखंड अधिकारी अंबिका यादव ने बताया कि 26 करोड़ वसूली के लक्ष्य के विपरीत 21 करोड़ 50 लाख के राजस्व की वसूली की जा चुकी है। अवर अभियंता पवन कुमार उप्रेती ने बताया कि शत प्रतिशत बकाया वसूली को लेकर उपभोक्ताओं पर निरंतर दबाव बनाया जा रहा है। बकाया भुगतान न करने वाले 960 बकायेदारों के कनेक्शन भी विच्छेद किए गए हैं।

### सीएम से भूमिया मंदिर में धर्मशाला बनवाने की मांग

**खटीमा :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खटीमा आगमन पर ग्राम पंचायत कुटरी की ग्राम प्रधान दीपा देवी और जनप्रतिनिधि नरेंद्र बिष्ट ने ज्ञापन सौंपकर पंचारिया गांव के भूमिया मंदिर में धर्मशाला बनवाने की मांग की।



खटीमा में किसानों की बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष गुरु सेवक सिंह।

### गेहूं की खरीद में कोताही नहीं बरतने की चेतावनी

**खटीमा :** भारतीय किसान यूनियन एवं भाकियू चढ़ूनी गुट की संयुक्त बैठक में किसानों ने गेहूं खरीद में होने वाली परेशानियों पर चर्चा की। बाद में बिंदुवार सभी समस्याओं को वरिष्ठ विपणन निरीक्षक केसी आर्य के समक्ष रखा। किसानों ने गेहूं खरीद में किसी तरह की कोताही न बरतने की अपील की। मंडी परिसर स्थित कृषक सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाकियू जिलाध्यक्ष गुरु सेवक सिंह ने अन्य प्रदेशों की तर्ज पर किसानों को बोनस देने, शत प्रतिशत खरीद करने, 48 घंटे के अंदर भुगतान निर्गत कराने की मांग की। एक अप्रैल से संचालित होने वाले केंद्रों पर वारदाना, पर्याप्त लेबर सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष मनजिंदर सिंह भुल्लर ने गेहूं खरीद में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त न करने की चेतावनी दी। वक्ताओं ने बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा गठित कर प्रत्येक खरीद केंद्र पर खरीद संबंधी अवस्थाओं पर कड़ी नजर रखने का निर्णय लिया। इस अवसर पर जसविंदर सिंह पप्पू, हरप्रीत सिंह, अवतार सिंह, प्रितपाल सिंह, हीरा सिंह संधू, दलजीत सिंह, बलजीत सिंह, अनिल सिंह राणा, सुखविंदर सिंह, निर्मल सिंह, राजेंद्र सिंह, जनरल सिंह, जसपाल सिंह, बलदेव सिंह चांदा आदि शामिल रहे।

**अब तक एजेंसियों के गेहूं खरीद के लक्ष्य तक निर्धारित नहीं, गेहूं खरीद के लिए खोले गए हैं 123 क्रय केंद्र**

# आधी-अधूरी तैयारियों के बीच आज से शुरू होगी गेहूं खरीद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कुमाऊं में आधी-अधूरी तैयारियों के बीच आज से गेहूं की खरीद शुरू हो जाएगी। इसके लिए कुमाऊं में 123 क्रय केंद्र खेले जाने हैं। हालांकि अभी क्रय केंद्रों पर पूरी तरीके से व्यवस्था नहीं की गयी है। यहां तक की एजेंसियों के गेहूं खरीद के लक्ष्य तक निर्धारित नहीं किए गये हैं। ऐसे में पहले दिन किसी भी क्रय केंद्र में गेहूं की खरीद होना संभव नजर नहीं आ रहा है।

यहां बता दें कि गेहूं खरीद के लिए कुमाऊं में 123 क्रय केंद्र खोले गये हैं। इसमें जनपद ऊधमसिंह नगर में 108 क्रय केंद्र स्थापित किए गये हैं। इसमें खाद्य विभाग के 18, सहकारिता विभाग के 51, उत्तराखंड उपभोक्ता सहकारी संघ के 7, एनसीसीएफ के 15 व पीसीयू के 17 तोल कांटे खोले गये हैं। इसके अलावा नैनीताल जनपद में 12 क्रय केंद्र खोले गये हैं। इसमें खाद्य विभाग के 4 और सहकारिता विभाग के 8 क्रय केंद्र खोले गये हैं।

जबकि चंपावत जनपद में 3 क्रय केंद्र खोले गये हैं। इसमें खाद्य विभाग के एक और सहकारिता विभाग के दो क्रय केंद्र खोले गये हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार सभी क्रय केंद्रों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गयी है। सभी को क्रय केंद्रों में कांटे, बैनर और किसानों को दी जाने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गये हैं। ताकि गेहूं खरीद के दौरान किसानों की किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। सभी क्रय केंद्रों पर सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक गेहूं की खरीद होगी।





गल्ला मंडी में खुला खाद्य विभाग का क्रय केंद्र। ● अमृत विचार

### क्रय केंद्रों पर अभिलेखों का होना जरूरी

**रुद्रपुर :** गेहूं की खरीद के दौरान क्रय केंद्रों पर टोकन पंजिका, ऑनलाइन रसीद, बिल बुक, बोरा पंजिका, दैनिक क्रय पंजिका, स्टॉक पंजिका, रिजेक्शन पंजिका, बैंक लेखा, ऑनलाइन मूवमेंट चालान पत्रावली, शासनादेश की पत्रावली, खरीद और संप्रदान के दैनिक विवरण पत्रों की पत्रावली, शिकायत पंजिका, बैंक स्क्रॉल पत्रावली, दैनिक मंडी आवक पत्रावली।

> आज से कुमाऊं के सभी क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद शुरू हो जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। सभी क्रय केंद्रों पर सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक गेहूं की खरीद होगी।
>
> **-अशोक कुमार**, डिप्टी आरएमओ, कुमाऊं

# सर्वेश्वर हत्याकांड: आरोपी भाई-भतीजा गिरफ्तार

**एक किशोर भी पकड़ा, जमीनी विवाद में हुआ था हत्याकांड**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना गदरपुर इलाके में हुए सर्वेश्वर सिंह हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने हत्यारे सगे भाई व भतीजे सहित एक विधि विवादित किशोर को गिरफ्तार कर लिया और हत्याकांड में प्रयुक्त रिवाल्वर भी बरामद कर ली है। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर दिया है, जबकि विधि विवादित किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया है।

मंगलवार को हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने बताया कि 29 मार्च को थाना गदरपुर पुलिस को सूचना मिली कि जमीनी विवाद में गोलीकांड की वारदात हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौका मुआयना किया तो पता चला कि गांव बकैनिया निवासी सर्वेश्वर सिंह का अपने छोटे भाई व भतीजों के साथ जमीनी विवाद में कहासुनी हुई और सगे भाई ने पहले अन्य भाईयों के साथ मिलकर लाठियों से पीटा और फिर विधि विवादित किशोर भतीजे ने लाइसेंसी पिस्टल से अपने ही ताऊ पर गोलियों की बौछार कर डाली। जिससे सर्वेश्वर सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी उर्मिला सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। 30 मार्च की शाम को मिली सूचना के आधार पर थाना गदरपुर पुलिस ने सर्वेश्वर सिंह हत्याकांड के अभियुक्त सगे भाई सर्वजीत सिंह और रविशंकर उर्फ गुड्डु को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि ताऊ पर गोली चलाने वाले किशोर को पुलिस संरक्षण में लिया। अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने 32 बोर की लाइसेंसी रिवाल्वर, एक खोखा और पांच कारतूस भी बरामद किए। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर दिया है।



पुलिस की गिरफ्त में हत्याकांड के आरोपी। ● अमृत विचार

### अभियुक्त रविशंकर है गांव का प्रधान

**रुद्रपुर :** मृतक सर्वेश्वर सिंह की पत्नी उर्मिला सिंह का यह भी आरोप है कि पति के हत्यारे एक नहीं, बल्कि पूरा परिवार है। इन सभी को संरक्षण देने वाला गांव का प्रधान रविशंकर उर्फ गुडडू भी है। आरोप था कि जिस वक्त पति को बेरहमी से पीटा जा रहा था। उस वक्त प्रधान रविशंकर भी शामिल था। कारण प्रधान भी जमीन हड़पने की साजिश में शामिल हो सकता है। वादी का आरोप था कि प्रधान बार-बार पारिवारिक मामलों में हस्तक्षेप भी करता रहता था।

# जमीन के लिए भाई बना खून का प्यासा

- भाई की हत्या की खुलेआम दे चुका था धमकी
- पुलिस की कार्यशैली भी संदेहास्पद, पत्नी का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पुश्तैनी जमीन को हड़पने की खौफनाक साजिश में छोटे भाई ने बड़े भाई की हत्या कर दी। वहीं रिश्तों को तार-तार करते हुए किशोर ने भी ताऊ की हत्या में अपने हाथ खून से रंग लिए। इस जमीनी विवाद में पुलिस की कार्यशैली पर भी मृतक की पत्नी ने सवाल उठाए है। आरोप था कि चौकी में हुई पंचायत के बीच उसके देवर ने हत्या की चुनौती दी थी। बावजूद पुलिस ने ठोस कार्रवाई नहीं की।

सर्वेश्वर की पत्नी उर्मिला सिंह ने बताया कि उनके ससुर की गांव में कई स्थानों पर भूमि थी। ससुर ने वसीयतनामा बनाकर अपने बड़े बेटे को दे दिया था और ससुर का निधन हो गया। निधन के बाद जब हत्या अभियुक्त सर्वजीत सिंह ने संपत्ति के दस्तावेज दिए तो पता चला कि देवर ने पति की जमीन पर बैंक ऋण ले लिया है। बावजूद पति ने बैंक का ऋण चुकता किया और वसीयतनामा के अनुसार भूखंड पर कब्जा मांगा। पति के सगे तीन भाई एक राय हो गए और भूखंड व बगीचे को हड़पने की साजिश रचने लगे।

विवाद छह माह पहले ज्यादा बढ़ने लगा तो दो फरवरी को सकैनिया चौकी में पंचायत हुई। वहां भी देवर ने पति को हत्या की धमकी देनी शुरू कर दी। कई बार आला अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर सुरक्षा की गुहार भी लगाई, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाए। जब संपत्ति पति के नाम दर्ज होने लगी तो पति के सभी भाई एक राय हो गए और 29 मार्च को षड्यंत्र के तहत पति को बेरहमी से पीटा। फिर देवर के कहने पर किशोर भतीजे ने लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर पति की हत्या कर डाली। शिकायतकर्ता का कहना था कि यदि प्रकरण में पुलिस और प्रशासन ठोस कदम उठाता तो शायद पति जिंदा होते।

### पिता ने ललकारा, भतीजे ने दागी गोली

**रुद्रपुर :** 29 मार्च को जिस वक्त जमीनी विवाद के चलते हुए झगड़े के दौरान सर्वजीत अपने साथी रविशंकर के साथ मिलकर सर्वेश्वर सिंह को लाठी डंडों से बेरहमी से पीट रहा था। उस वक्त सर्वेश्वर सिंह का किशोर भतीजा भी अपने ताऊ के साथ हाथापाई कर रहा था। इस पर पिता ने ललकारा कि आज हत्या कर जमीनी विवाद का पटाक्षेप कर देंगे। इसके बाद वह भागता हुआ भतीजा कमरे में गया और अलमारी में रखी लाइसेंसी रिवाल्वर ताऊ पर तान दी। जिसे देखकर पिता ने बेटे से गोली मारने का आदेश दिया। आरोप था कि पिता का इशारा मिलते ही भतीजे ने रिवाल्वर से ताबड़तोड़ गोलियां दागनी शुरू कर दीं और पलक झपकते ही रिश्तों का कत्ल कर दिया।

### नामजद भाइयों की भूमिका की जांच होगी

**रुद्रपुर :** वादी उर्मिला सिंह का यह भी आरोप है कि 29 मार्च को पति की हत्या में देवर सर्वजीत सिंह व उसका किशोर बेटे के अलावा प्रधान सार्वजनिक तौर पर दोषी है, लेकिन हत्याकांड के पीछे पति के भाई प्रेम शंकर, कुणाल सिंह, शशांक सिंह निवासी किशनपुर चीनी मिल का भी हाथ हो सकता है। कारण नामजद अभियुक्त पति के भाई और भतीजे हैं और अक्सर हत्यारोपी सर्वजीत को संरक्षण देते रहते हैं। वादी की तहरीर में नामजद अभियुक्तों के नाम सामने आने के बाद पुलिस ने नामजद अभियुक्तों की भूमिका की तफ्तीश शुरू कर दी है।

# राज्य सरकार किसानों की कर रही उपेक्षा: व्यापारी



चितरंजनपुर में ग्रामीणों के साथ आप बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी।

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** आम आदमी पार्टी बंगाली समाज मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब मजदूर व किसान और बेरोजगारों की अपेक्षा करती आ रही है। क्षेत्र का बेरोजगार रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है। उनका कहना था कि प्रदेश की 60 प्रतिशत जनता गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रही है। सरकार मजदूर, किसान व बेरोजगारों युवकों को रोजगार के लिए प्रलोभन देती आ रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा आगे रहते है। इस दौरान उन्होंने 65 विधानसभा गदरपुर के 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए शंखनाद करते हुए आप प्रत्याशी को अपना समर्थन देने की अपील की।

मंगलवार को चितरंजनपुर नंबर एक-एक में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आप बंगाली समाज मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने जनसंपर्क किया। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि बेरोजगार युवाओं व मजदूरों को पंतनगर स्थित सिडकुल में रोजगार नहीं मिल पा रहा है। लोग रोजगार के लिए अन्य प्रदेशों में रोजगार करने जाते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि वह छोटी जोत के किसान है। बेमौसमी धान की रुपाई पर प्रशासन द्वारा रोक लगाने पर किसान यूपी में धान पौध की बिक्री के लिए तैयार कर रहे थे। प्रशासन ने उनकी कोई बात नहीं सुनते हुए हजारों रुपए की धान की पौध नष्ट कर दी। किसानों ने शासन प्रशासन से नष्ट की गई धान की पौध का मुआवजा देने की मांग की। इस मौके पर मृदुल अधिकारी, मनोरंजन बैरागी, सुभाष भक्त, मनोरंजन साना, तपन घराजमी आदि मौजूद रहे।

# सिपाही पर आरोप लगाकर फेसबुक पर डाली पोस्ट

संवादाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस में उस वक्त हड़कंप मच गया जब रम्पुरा बस्ती के युवक ने अपनी फेसबुक आईडी पर वीडियो वायरल की और अपनी मौत का जिम्मेदार चौकी में तैनात एक पुलिसकर्मी को बताया। वीडियो वायरल होने के पुलिस ने युवक की खोजबीन शुरु कर दी, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लग सका है।

मंगलवार की शाम साढ़े आठ बजे रम्पुरा बस्ती के रहने वाले राहुल नाम के युवक ने अपनी फेसबुक आईडी पर एक वीडियो वायरल की। जिसमे युवक रम्पुरा चौकी की सामुहिक फ़ोटो दिखाते हुए पूरन नाम के सिपाही पर मानसिक यातना देने का आरोप लगता हैं। बताया कि 27 नवंबर 2025 को उसके साथ एक झगड़ा होता है। ओर इस पुलिस कर्मी की वजह से वह न्याय के लिए भटकता रहा। बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं। मेरी मौत का जिम्मेदार यही पुलिस कर्मी होगा। वीडियो वायरल होते ही युवक ने फोन बंद कर दिया ओर कोतवाली पुलिस मैं हड़कंप मचा दिया। पुलिस ने युवक के घर दबिश दी। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। कोतवाल मनोज रतूडी ने बताया कि वीडियो की जाँच हो रही हैं। वीडियो कब और कितने बजे अपलोड की है। साथ ही आरोपी पुलिस कर्मी से भी आरोप प्रत्यारोप की जानकारी जुटाई जा रही हैं।

# होम डिलीवरी न एजेंसी में मिल रही गैस

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रुद्रपुर में इंडेन गैस एजेंसी में रसोई गैस सिलेंडर नहीं मिलने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इसको लेकर लोगों में एजेंसी के समक्ष प्रदर्शन किया। साथ ही कहा कि न तो घरों में गैस सिलेंडरों की डिलीवरी हो रही है और न ही बुक सिलेंडरों की दूसरी जगह डिलीवरी की जानकारी मिल रही है। एक व्यापारी नेता ने होम डिलीवरी के नाम पर 3500 रुपये मांगे जाने का आरोप लगाया। वहीं लोगों का आक्रोश बढ़ता देख सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची।

मंगलवार को काशीपुर बाईपास रोड स्थित इंडेन गैस एजेंसी में कई लोग सिलेंडर लेकर पहुंचे। गैस सिलेंडर नहीं मिलने पर लोगों ने आक्रोश जताया। इस बीच समाजसेवी सुशील गाबा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, हैप्पी रंधावा, गौरव गांधी भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि न तो गैस एजेंसी प्रबंधन होम डिलीवरी ही ढंग से कर पा रहे हैं और न ही उनके बुक सिलेंडरों की दूसरी जगह डिलीवरी के मामले को सुलझा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों को घर बैठे सिलेंडर मिल रहे हैं। वहीं व्यापार मंडल संरक्षक नरेश ग्रोवर ने होम डिलीवरी कर्मचारी द्वारा 3500 रुपये में सिलेंडर देने की बात कही। बात सामने आने पर भारी हंगामा शुरू हो गया।



इंडेन गैस एजेंसी में लोगों को समझाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

### गैस एजेंसियों में बढ़ता जा रहा बैकलॉग

**काशीपुर :** घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति कम होने से लोगों की मुसीबत बढ़ती जा रही है। डिमांड के अनुसार गैस सिलेंडर नहीं पहुंच रहे हैं। नेहा इंडेन गैस एजेंसी में मंगलवार केवल एक गाड़ी पहुंची। जिसमें 342 सिलेंडर पहुंचे। एजेंसी स्वामी जोगेंद्र चिकारा ने बताया कि उन्हें रोज पांच गाड़ी की जरूरत है। ऐसे में बैकलॉग बढ़ता जा रहा है। उधर निर्भय गैस एजेंसी में दो गाड़ी पहुंची। जिसमें एक गाड़ी में 270 घरेलू गैस सिलेंडर और 24 कमर्शियल गैस सिलेंडर आए, जबकि दूसरी गाड़ी में 306 घरेलू और 5 किलो के कमर्शियल गैस सिलेंडर आए हैं। एजेंसी स्वामी जितेंद्र सिंह हुड्डा के अनुसार उनका बैकलॉग 2400 सिलेंडरों तक पहुंच गया है।

# तीन गुना अधिक दाम में बिक रहा सिलेंडर

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** घरेलू एलपीजी गैस की मारामारी के बीच सितारगंज में सिलेंडर की कालाबाजारी का धंधा पनपने लगा है। सोशल मीडिया पर इसका कथित वीडियो भी जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें दुकानदार 3100 रुपये में सिलेंडर का बेचने की बात कह रहा है।

पश्चिमी देशों में संघर्ष का सीधा असर लोगों के जेब पर पड़ने लगा है। लोगों को एलपीजी गैस न मिलने के कारण वह हताश है। पहले गैस बुकिंग करने में लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है। फिर दिन-भर लंबी लाइन में खड़े रहने के बाद गैस नहीं मिल रही। डीएम का होम डिलीवरी का आदेश भी केवल कागजों तक ही सीमित रह गया है। ऐसे में घर से दूर रहने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित है। अब चाहे वह पढ़ाई करने वाले छात्र हो या कंपनी में काम करने वाले श्रमिक। उनके पास तो गैस कार्ड भी नहीं है। ऐसे में उनकी गैस की बुकिंग कैसे होगी। वहीं, इस स्थिति में गैस का कालाबाजारी करने वाले लोगों की चांदी कट रही है। 933 रुपये का बिकने वाला घरेलू एलपीजी सिलेंडर को तीन गुना अधिक कीमत पर बेचा जा रहा है। वही, गांव बरूआबाग, सितारगंज के एक दुकान का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। जिसमें एलपीजी गैस सिलेंडर को तीन गुना अधिक दाम पर बेचे जाने की बात को साफ़ सुना जा सकता है।

**विवाद** — भाजपा कार्यकर्ता फोटो एडिट करने के बाद कर रहे हैं खूब वायरल, अभद्र भाषा का किया जा रहा प्रयोग

# सोशल मीडिया वार : ठुकराल-शिव समर्थक निकाल रहे भड़ास

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पिछले साढ़े चार साल से राजनीतिक जमीन की खोज कर रहे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के कांग्रेस ज्वाइन करने के बाद अब जुबानी जंग के बाद सोशल मीडिया वार शुरू हो गया है। जिसको लेकर राजकुमार और शिव समर्थक भी आमने-सामने होने लगे हैं। जिसको लेकर सोशल मीडिया पर महायुद्ध शुरू हो चुका है। जहां एक ओर ठुकराल की हिंदू हृदय सम्राट की छवि को धूमिल करने की कोशिश जारी है। वहीं ठुकराल समर्थक भी अब शिव की फोटो वायरल कर अपनी खुन्नस निकाल रहे हैं।

यहां बता दें कि दिल्ली में कांग्रेस ज्वाइन करने के बाद पूर्व विधायक जब हिंदू हृदय सम्राट से कांग्रेस नेता बने तो सोशल मीडिया पर ठुकराल की गोल जालीदार टोपी फोटो एडिट कर सांप्रदायिक भाषा लिखकर वायरल किए जाने का दौर शुरू हो गया। जिसको लेकर ठुकराल ने कोतवाली जाकर कुछ शिव समर्थकों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई का मुद्दा उठाया। ठुकराल समर्थकों ने भी विधायक शिव अरोरा की एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की।

इसमें विधायक मुस्लिम नेता को पटका पहनाते हुए दिखाई दे रहे हैं। फोटो वायरल होते ही समर्थकों ने सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास लिखकर खुन्नस निकाल रहे हैं। फिलहाल सोशल मीडिया वार छिड़ चुका है और कब थमेगा यह कहना मुश्किल है। प्रकरण को लेकर नाराज पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा ने ठुकराल की इस बेचैनी पर पलटवार किया है।

### ठुकराल ने शुरू की थी अमर्यादित भाषा की परंपरा

**रुद्रपुर :** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के खिलाफ मोर्चा खोलने वाली कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा ने कहा कि अमर्यादित भाषा बोलने की परंपरा खुद ठुकराल ने शुरू की थी। आज महज फोटो वायरल होते ही उनकी बेचैनी देखने को मिली। उन्होंने ठुकराल को धैर्य रखने की नसीहत देते हुए कहा कि चाहे उनका परिवार हो या फिर विधायक तिलकराज बेहड़ हो। मुस्लिम समाज हो या दलित समाज। सभी ने बीस वर्षों से ठुकराल की अशोभनीय भाषा का सामना किया है। कारण कांग्रेस सर्वधर्म समभाव की विचारधारा वाली पार्टी है और ठुकराल को सभी धर्मों का सम्मान करना पड़ेगा। किसी भी धर्म में टोपी, पगड़ी हो या फिर केसरिया पटका। सम्मान का प्रतीक होता है। टोपी वाली फोटो को लेकर पूर्व विधायक में बौखलाहट नहीं होनी चाहिए। कारण फोटो एडिट करने से धर्म नहीं बदलता।

### ओछी राजनीति पर उतर चुके हैं भाजपाई: ठुकराल

**रुद्रपुर :** सोशल मीडिया वार पर बोलते हुए कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि एक ओर भाजपा के बड़े नेता उन्हें खराब माल बता कर अपने दर्द को छिपा रहे हैं। जब वह खराब माल हैं तो भाजपा के बड़े नेता हर सभा में उनकी चर्चा क्यों कर रहे हैं। भाजपा में इतनी बेचैनी है कि वह समर्थकों के कंधों का सहारा लेकर उनकी एडिट फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर छवि और सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल कर रहे हैं। बावजूद भाजपाई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते हैं। कारण अब वह सर्वधर्म सद्भाव की राजनीति कर रहे हैं और वक्त आने पर करारा जवाब भी दिया जाएगा। भाजपा की कथनी व करनी में फर्क साफ दिखता है।

# एसटी बाहुल्य गांवों में बनेंगी 9 सड़कें

संवाददाता सितारगंज

- अपर सचिव प्रकाश भट्ट ने जारी किया जीओ, 127.37 लाख रुपये की दी वित्तीयस्वीकृति

**अमृत विचार :** शासन ने सितारगंज के एसटी बाहुल्य गांवों में नौ सड़क योजनाओं को मंजूरी दी है। शासन ने इसका जीओ भी जारी कर दिया है। इसके अलावा 127.37 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की है। साथ ही, खंड विकास अधिकारी, सितारगंज को इसका कार्यदायी संस्था नामित किया है।

अपर सचिव प्रकाश भट्ट ने जारी पत्र में बताया कि शासन ने प्रदेश में एसटी बाहुल्य क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं का विकास योजनान्तर्गत 85 विकास कार्यों के लिए 15.10 करोड़ रुपये की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिसमें से नौ सड़क योजनाएं केवल सितारगंज विधानसभा की हैं।



कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि सितारगंज के गांव सिसौना में मेन रोड से संपर्क मार्ग के निर्माण के लिए 14.50 लाख, गांव सिसौना-मजरा में टाइल्स रोड के लिए 14.68 लाख, गांव नकुलिया में मेन रोड से जीत सिंह के घर तक टाइल्स रोड निर्माण के लिए 14.56 लाख, गांव नकुलिया में ही मेन रोड से सचिन, रूप सिंह आदि के घर तक टाइल्स रोड के लिए 14.85 लाख, गांव नकुलिया में ही मने रोड से मुल्लो देवी के घर तक सड़क निर्माण के लिए 14.85 लाख, गांव तुर्कातिसौर में ह्यूम पाइप पुलिया निर्माण के लिए 10.14, गांव तुर्कातिसौर में मेन रोड से राजेंद्र के घर तक सड़क निर्माण के लिए 14.68 लाख, गांव करघटा में मेन रोड से रंजीत सिंह के घर तक सड़क निर्माण के लिए 14.66 लाख, गांव चौमेला में मेन रोड से श्यामलाल के घर तक सड़क निर्माण के लिए 14.56 लाख रुपये की वित्तीय एवं प्रशासन की स्वीकृति मिली है। सभी निर्माण कार्यों के लिए खंड विकास अधिकारी सितारगंज को कार्यदायी संस्था नामित किया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही टेंडर पर प्रक्रिया को पूरा करा निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## सिटी ब्रीफ

### गन्ना किसानों को 35.30 करोड़ रुपये जारी

**काशीपुर :** गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग आयुक्त त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने बताया कि राज्य की सहकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्रों की चीनी मिलों को पेराई सत्र 2025-26 के गन्ने का अवशेष में से 35.30 करोड़ रुपये जारी किये गये हैं। जिसमें ऊधम सिंह नगर की बाजपुर चीनी मिल के लिये 20.30 करोड़, नादेही, किच्छा व डोईवाला के लिये पांच-पांच करोड़ रुपये जारी किये गये हैं। जिसके आहरण के लिये बिल प्रस्तुत कर दिये गये हैं। चीनी मिल धनराशि प्राप्त होते ही गन्ना समितियों के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में हस्तांरित करेंगे। शेष गन्ना मूल्य का भुगतान भी अति शीघ्र किया जाएगा।

### शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग

**जसपुर :** शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से दो भाइयों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग से किसान भाइयों को हजारों रुपये का नुकसान हो गया। ग्राम मनोरथपुर तृतीय निवासी निहाल सिंह एवं दयाल सिंह के गेहूं के खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से गेहू के खेत में आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप ले लिया। इससे गेहूं की फसल जलने लगी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दो-ढाई एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी। निहाल सिंह, दयाल सिंह ने बताया कि आग से करीब एक लाख रुपये का नुकसान है। उन्होंने तहसील प्रशासन को सूचना दे दी है।

### सहायक अध्यापिका को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

**काशीपुर :** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढकिया गुलाबो में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सहायक अध्यापिका जयवती देवी को सेवानिवृत होने पर सम्मान पूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। वहां पर जसपुर विधायक आदेश सिंह चौहान, बीईओ धीरेंद्र कुमार साहू, ममता सैनी, घनश्याम सैनी, अनिल चौहान, जैनब, आरएस बिष्ट, सुरेश सिंह, सूरजभान, मुनेंद्र आदि मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण महाअभियान का किया आयोजन

**काशीपुर :** कुंडेश्वरी भाजपा मंडल की ओर से दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया। मंगलवार को कुंडेश्वरी स्थित एक गार्डन में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग वंदे मातरम् गीत से शुरू हुआ। बुधवार की शाम करीब तीन बजे राष्ट्रीय गान के बाद समापन होगा। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की ओर से यह महाअभियान एक राष्ट्रव्यापी सांगठनिक कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना, कार्यपद्धति में सुधार करना और व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त करना है। यह अभियान बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने के लिए मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित कर रहा है।

### कर्मचारी के नाम पर 10 लाख का मुद्रा लोन हड़पा

**बाजपुर :** एक दुकान स्वामी पर अपने ही कर्मचारी के नाम पर फर्जी तरीके से 10 लाख रुपये का मुद्रा लोन हड़पने का आरोप लगा है। पीड़ित तन्नु कुमार कश्यप ने उत्तराखंड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि के साथ कोतवाली पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई।

पीड़ित के अनुसार, उसके पूर्व दुकान मालिक ने वेतन के बहाने आधार कार्ड और फोटो लेकर बैंक में खाता खुलवाया था। आरोप है कि बैंक मैनेजर की मिलीभगत से खाते में किसी अन्य का मोबाइल नंबर दर्ज कर दिया गया, जिससे पीड़ित को लेनदेन की भनक तक नहीं लगी। धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब 17 मार्च को बैंक ने पीड़ित को 10 लाख रुपये का लोन चुकाने का नोटिस थमाया। जांच में पता चला कि लोन की 9.91 लाख की राशि 21 जनवरी 2025 को आरटीजीएस के जरिए आरोपी की पत्नी के खाते में ट्रांसफर कर दी गई थी।

### काशीपुर में कार ने मारी वाहनों को टक्कर

**काशीपुर :** चैती मेले जा रहे एक कार चालक युवक ने लापरवाही से चलाते हुए सामने से आ रही गाड़ियों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। मौके पर पहुंची सीपीयू टीम उसे हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। एक युवक मुरादाबाद से कार से चैती मेला घूमने आया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह तेजी ओवरटेक करते हुए चैती मेले की ओर जा रहा था। इस दौरान उसने नियंत्रण खो दिया और सामने से आ रही दो कार, ई-रिक्शा को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया और आगे जाकर रुक गई। घटनाक्रम के बाद बाजपुर रोड पर जाम लग गया और लोगों ने आरोपी कार चालक को घेर लिया।

# प्रतिबंध के बाद भी चैती मेले में पॉलीथिन में बिक रहा सामान

## प्रशासन प्रतिबंध लगाने में नाकाम, मेले के बाद मैदान में पड़ी रहती हैं हजारों पॉलीथिन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** चैती मेले में पॉलीथिन में प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से दुकानदार पॉलीथिन में सामान बेच रहे हैं। हालात यह है कि लोग इन पॉलीथिन का प्रयोग कर मेले में ही फेंक कर जा रहे हैं। ऐसे में मेले के बाद पूरा मेला परिसर पॉलीथिन से पटा रहता है। मेला प्रशासन पॉलीथिन के प्रयोग पर रोक लगाने में पूरी तरह नाकाम रहा है।

दरअसल बीते चार-पांच सालों से प्रशासन चैती मेले का आयोजन करता आ रहा है। हर साल मेले को स्वच्छ रखने के लिये मेला प्रशासन कई प्रकार के प्रतिबंध लगाता है। इसमें सबसे प्रमुख पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली पॉलीथिन भी शामिल है। लेकिन इक्का-दुक्का चालान करने के बाद प्रशासन भी इस ओर ध्यान नहीं देता। नतीजतन हर साल मेला समाप्त होने के बाद मेले परिसर में जहां-तहां हजारों की मात्रा में पॉलीथिन बिखरी नजर आती है। इस बार भी प्रशासन ने मेले में पॉलीथिन के प्रयोग पर रोक लगाई है। शुरुआती कुछ दिनों तक प्रशासन ने दुकानों में पॉलीथिन के प्रयोग को रोकने के लिये अभियान भी चलाया था। लेकिन इसके बाद प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। अब हालात यह है कि मेले में दुकानदार धड़ल्ले से पॉलीथिन में सामान बेच रहे हैं।


काशीपुर में चैती मेले में पॉलीथिन में सामान ले जाता एक युवक। ● अमृत विचार

> पॉलीथिन के प्रयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया है। मेले में अभियान चलाकर दुकानदारों के चालान भी किये गये हैं। मेले में पॉलीथिन का प्रयोग न हो इसके लिये नगर निगम को निर्देशित किया जाएगा।
> –अभय प्रताप सिंह, मेला मजिस्ट्रेट, चैती मेला।

### कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से दुकानें लगी कम

**काशीपुर :** चैती मेला परिसर का फूड सेक्टर इस बार खाली-खाली सा नजर आ रहा है। इसकी मुख्य वजह व्यवसायिक गैस सिलेंडर का नहीं मिलना और तीन दिन बारिश के चलते पुराने दुकानदार मेले में नहीं पहुंचे। चैती मेल में जलाऊ लकड़ी कम मिलने से चाट-पकौड़ी दुकानें भी कम लगी है। दुकान व तहबाजारी ठेकेदार केडी भारद्वाज उर्फ गांधी ने बताया कि पहले 60-70 खानपान के ठेलों के अलावा फूड सेक्टर में खाद्य पदार्थों के छह-सात बड़ी दुकानें लगती थीं। बताया कि इस वर्ष 410 के करीब दुकानें तैयार कराई गई हैं। बावजूद इसके कई दुकानें खाली हैं। पहले मेले में 60 फीसदी दुकानें खाद्य पदार्थों की होती थीं। कुछ महीनों से कमर्शियल सिलेंडर की किल्लत से बड़े दुकानदारों ने इधर का रुख नहीं किया।

## हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर।** डंपर के पार्टनरशिप के विवाद में कुंडेश्वरी क्षेत्र में एक युवक और उसके माता-पिता पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

ग्राम गांधीनगर खत्ता निवासी हरजीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसका बरहैनी निवासी मंगल सिंह के साथ डंपर में पार्टनरशिप का काम था। आरोप है कि दिसंबर 2023 से डंपर से होने वाली सारी कमाई मंगल सिंह खुद ही रखता रहा। जब भी हरजीत ने मुनाफे का हिसाब मांगा, तो उसे टाल दिया गया। इस मामले को लेकर गांव में पंचायत भी हुई थी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। 9 मार्च की सुबह लगभग 9:30 बजे जब हरजीत सिंह अपने पिता सतनाम सिंह और माता हरजीत कौर के साथ गुलजारपुर गुरुद्वारे के पास से गुजर रहा था। तभी सफेद रंग की बोलेरो में सवार होकर आए मंगल सिंह, मलकीत सिंह, निशान सिंह, साहबी और बलविंदर सिंह ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि जान से मारने की नियत से कृपाण व लोहे की राड से हमला बोल दिया। राहगीरों के आने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। कुंडेश्वरी पुलिस ने इस मामले में दो आरोपी मंगल सिंह और मलकीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही तलवार भी बरामद की है।

# मेले को पंडा परिवार को सौंपे जाने की मांग

- परिवार ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपा ज्ञापन
- पंडा परिवार ने सरकार से कभी आर्थिक सहायता नहीं ली

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** पंडा परिवार ने पुनः चैती मेले को पंडा परिवार को सौंपे जाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को एक पत्र सौंपा है।

सीएम को भेजे पत्र में पंडा परिवार ने कहा कि प्रत्येक वर्ष के चैत्र माह के प्रथम माह में ग्राम उज्जैन स्थित मां बाल सुंदरी के मंदिर में विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान किये जाते हैं तथा मंदिर के चारों और स्थित भूमि पर प्रथम नवरात्र से पूर्ण चैत्र माह में पंडा परिवार के द्वारा मुगलकाल से मेले का आयोजन किया जाता रहा है। जिसको चैती मेला के नाम से जाना जाता है। कहा कि संपूर्ण देश के विभिन्न भागों से श्रद्धालु मां बाल सुंदरी के दर्शन एवं पूजन के लिये आते थे, जिनके रुकने एवं मनोरंजन के लिए एवं क्षेत्रीय निवासियों की आवश्यकता की पूर्ति को मंदिर के चारों ओर स्थित भूमि पर विभिन्न प्रकार की दुकानों एवं खेल तमाशों का आयोजन भी पंडा परिवार के द्वारा कराया जाता था।

पंडा परिवार के द्वारा राज्य सरकार से कभी भी आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं की गयी। भूमि जिस पर चैती मेले का संचालन किया जाता है वह वर्तमान में कागजात माल में बाउंड्री चैती मेला अंकित है तथा उपरोक्त भूमि पर कलमी गलती से वर्ग 6(2) श्रेणी में दर्ज कागजात है। कहा कि 03 मार्च 2018 को जिलाधिकारी के द्वारा पंडा परिवार को 28 फरवरी 2018 को आदेश की प्रति प्रेषित करते हुए यह निर्देश जारी किया गया कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले चैती मेले को नगर निगम द्वारा आयोजित कराया जायेगा तथा उपरोक्त आदेश 14 मार्च 2018 को संशोधित करते हुए जिलाधिकारी के द्वारा पुनः एक आदेश जारी किया गया जिसमें यह निर्देशित किया गया कि मेले का आयोजन प्रशासन के द्वारा किया जाएगा।

कहा कि कई बार निवेदन के बाद भी अभी तक मेले का आयोजन एवं प्रबंधन का अधिकार पंडा परिवार को हस्तांतरित नहीं किया है। पंडा परिवार ने चैती मेले का प्रबंधन पूर्व की भांति पंडा परिवार को सौंपे जाने के आदेश पारित करने की मांग की है।

# श्रद्धा के साथ मना जन्म कल्याणक महोत्सव

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** नगर में मंगलवार को जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2624वां जन्म कल्याणक महोत्सव अत्यंत श्रद्धा और पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर दिगंबर जैन मंदिर कमेटी, सुभाषनगर (वार्ड-8) द्वारा एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें संपूर्ण जैन समाज के साथ भारी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

शोभायात्रा का शुभारंभ जैन मंदिर से हुआ, जो मुख्य मार्ग, इंटर कॉलेज मार्केट, भगत सिंह चौक, रामराज रोड और अनाज मंडी होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बालक राघवेंद्र जैन का अश्वरोहण और भगवान महावीर के जीवन दर्शन पर आधारित मनमोहक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। पूरे मार्ग में बैंड-बाजों की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालुओं के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम में दिगंबर जैन मंदिर कमेटी अध्यक्ष मनोज जैन, सचिव पवन जैन, महामंत्री विनय जैन, कृष्ण कुमार जैन, तरुण जैन, किशन जैन, उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डा.सुरेंद्र जैन, अश्विनी जैन, कावित्री काव्यश्री जैन, ममता जैन, पूजा जैन, क्षमा जैन, मृणाली जैन, मनीषा जैन, मानसी जैन, संगीता जैन, अंशुल जैन, नमन जैन, धीरज जैन, सुमन जैन, शोभा जैन, ललिता जैन, रुचि जैन, दिव्या जैन, कमलेश चौधरी, नेमी जैन, मयंक जैन, दर्शना जैन आदि शामिल रहे।



बाजपुर में निकली शोभायात्रा में शामिल अश्वरोहण की मनोरम झांकी।

# 142 हज यात्रियों का हुआ टीकाकरण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड राज्य हज समिति ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग के पंडित राम सुमेर शुक्ला राजकीय मेडिकल कालेज में हज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि उत्तराखंड राज्य हज समिति के अध्यक्ष खतीब मलिक मौजूद रहे। वहीं शिविर में 142 हज यात्रियों का टीकाकरण और मेडिकल परीक्षण किया गया।

मंगलवार को शिविर में उत्तराखंड राज्य हज समिति के अध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखंड राज्य समिति लगातार हज यात्रियों की सुविधा और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के प्रयास में अग्रसर है। जिसके किए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का मार्गदर्शन और सहयोग मिल रहा है। उत्तराखंड राज्य हज समिति के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि टीकाकरण में कुल 142 हज यात्रियों का टीकाकरण और मेडिकल परीक्षण किया गया। वहीं काशीपुर जिला चिकित्सालय में आयोजित टीकाकरण में कुल 130 हाजियों के टीकाकरण और चिकित्सा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य हज समिति के सदस्य मुफ्ती मन्नान रजा, जीशान ओवैसी, तरन्नुम खान, हज अधिकारी मोहम्मद अहसान, सैयद नदीम जैदी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.डीपी सिंह, एडीआईओ प्रदीप महर, संजय रावत, नंदलाल, दीपा जोशी, तौफीक अहमद मौजूद रहे।


मेडिकल कॉलेज में हज यात्रियों का टीकाकरण करते स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

### चयनित हज यात्रियों का किया टीकाकरण

**काशीपुर :** हज यात्रा पर जाने वाले चयनित हज यात्रियों के लिए राजकीय चिकित्सालय में मेडिकल स्क्रीनिंग एवं टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर दीपक बाली, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, सीएमएस डॉ. एसके दीक्षित, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी, मौलाना हाशमी नूरी जायरीन हज बैतुल्लाह, भाजपा नेता इंतजार हुसैन समेत सैकड़ो लोग इस टीकाकरण कैंप में मौजूद रहे। यह टीकाकरण काशीपुर, जसपुर, बाजपुर और गदरपुर के जायरीन जो हज बैतुल्लाह के लिए जा रहे हैं। उनका काशीपुर राजकीय चिकित्सालय में टीकाकरण की व्यवस्था की गई है। इसके बाद 11 अप्रैल को फैजान इंटर कॉलेज जसपुर में एक ट्रेनिंग का इंतजाम भी किया जाएगा।


नव चेतना स्कूल में आयोजित विदाई समारोह में उपस्थित बच्चे और प्रबंधक।

### नव चेतना स्कूल में 8वीं के बच्चों को दी विदाई

**खटीमा :** नव चेतना पब्लिक स्कूल श्रीपुर बिछुवा में आठवीं के विद्यार्थियों को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से विदाई दी गई। इस दौरान बच्चों ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए अनुभवों को साझा किया। प्रधानाचार्या सुमन कापड़ी ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं प्रबंधक विनोद कापड़ी ने भी बच्चों को आगे बढ़ने और जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। अंत में विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर मनोज भट्ट, रीता कापड़ी, भूपेंद्र बोहरा, मंजू चंद, गीता राना, हेमा चंद, गोदावरी चंद, कमल चंद, पूजा, निकिता आदि उपस्थित रहे।


जवाहरनगर में सेवानिवृत्त फौजी को सम्मानित करते विधायक तिलक राज बेहड़।

### जवाहर नगर में सेवानिवृत्त फौजी का भव्य स्वागत

**शांतिपुरी :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरनगर की गायत्री विहार कॉलोनी में मंगलवार देर शाम 22 कुमाऊं रेजीमेंट से सेवानिवृत्त होकर लौटे फौजी अनिल मेहरा का स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्या, युवा नेता बिशन सिंह कोरंगा, वार्ड सदस्य रश्मि कांडपाल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ अनिल मेहरा का स्वागत करते हुए उनके 17 वर्षों की सेवा को सराहा। विधायक तिलक राज बेहड़ ने कॉलोनी की सड़क को विधायक निधि से बनवाने की घोषणा की। इस मौके पर हेम सिंह नेगी, चंचल सिंह कोरंगा, प्रिंस कुंवर, शंभू प्रसाद जोशी, पार्वती मेहता, संतोष अधिकारी, सुमन देवी, हंसी मेहता, नीमा बिष्ट, सुरेश सिंह मेहरा, रंजना मेहरा, आशा भट्ट, लता जोशी आदि उपस्थित रहे।

## मियाद पूरी कर चुकी बसों में सफर कर रहे यात्री

**काशीपुरः** नई बसें नहीं मिलने से रोडवेज डिपो मियाद पूरी कर चुकी बसों से यात्रियों को यात्रा करा रहा है। जिससे दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ रही है। वर्तमान समय में डिपो की सात साल पुरानी हो चुकी बसें सड़कों पर दौड़ रही हैं। डिपो की ओर से नई बसों की मांग की गई है, लेकिन डिपो को बसें नहीं मिल पाई हैं। रोजाना चार हजार से अधिक यात्री इन पुरानी बसों में सफर करने के लिए मजबूर हैं। काशीपुर डिपो के बेड़े में 49 बसें शामिल हैं। इनमें से 18 बसें दिल्ली रूट पर चलती हैं। यह बसें सात लाख किलोमीटर या फिर सात साल पुरानी हो चुकी हैं। डिपो की ओर से नई बसों की मांग की गई है, लेकिन अभी तक उन्हें बसें नहीं मिली हैं। ऐसे में यात्रियों को पुरानी बसों में ही सफर करना पड़ रहा है।


काशीपुर में ईद मिलन समारोह में मौजूद अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### बार एसोसिएशन ने ईद मिलन समारोह मनाया

**काशीपुर :** बार एसोसिएशन काशीपुर द्वारा ईद मिलन समारोह मनाया गया। मंगलवार को बार सभागार में बार अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे ने कहा कि ईद मिलन धार्मिक एकता का परिचायक है। समारोह में न्यायिक अधिकारियों व न्यायिक कर्मचारियों ने भी भाग लिया। इस दौरान सभी ने एक दूसरे को सेवई खिलाई। वहीं कार्यक्रम का संचालन कर रहे बार सचिव यशवंत सिंह चौहान ने ईद मिलन समारोह के महत्व को समझाया। यहां उपाध्यक्ष विधु शेखर शर्मा, उपसचिव अंकित चौधरी, कोषाध्यक्ष बीसी नौटियाल, आय-व्यय निरीक्षक गौरव मेहरोत्रा, पुस्तकालय अध्यक्ष राकेश प्रजापति, आनंद स्वरूप रस्तोगी, उमेश जोशी, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, भास्कर त्यागी आदि मौजूद रहे।

**आस्था** | महापौर ने किया अटरिया मेले का फीता काटकर औपचारिक उद्घाटन

# अटरिया मेला सनातन परंपराओं का जीवंत प्रमाण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** प्राचीन अटरिया देवी मंदिर में चल रहे मेले का महापौर विकास शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण, विशेष पूजा-अर्चना के बीच नारियल फोड़कर और फीता काटकर औपचारिक उद्घाटन किया। इस दौरान मंदिर परिसर अटरिया माता की जय के उद्घोष से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान मंदिर कमेटी की ओर से महापौर का भव्य स्वागत किया गया और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया किया।

मंगलवार को उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान महापौर शर्मा ने कहा कि अटरिया मेला हमारी प्राचीन सनातन परंपराओं का जीवंत प्रमाण है। मंदिर के पौराणिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि माता की असीम अनुकंपा से ही यह क्षेत्र आज प्रगति के पथ पर अग्रसर है। यह आयोजन महज एक मेला नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान का दर्पण है जो समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सामंजस्य और आपसी प्रेम को बढ़ावा देता है।

उन्होंने विशेष रूप से लोकल फॉर वोकल की अवधारणा का जिक्र करते हुए कहा कि इस मेले से न केवल स्थानीय बल्कि दूर-दराज से आए छोटे कारोबारियों को रोजगार का एक बड़ा मंच मिलता है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव और समरसता की नींव मजबूत करते हैं। यह मेला स्थानीय हस्तशिल्पियों और छोटे व्यापारियों के लिए संजीवनी के समान है जो उनकी आर्थिकी को सुदृढ़ करता है। इस अवसर पर महंत ऊषा देवी, पंकज गौर, राजेश कामरा, भोला सुखीजा, पुरुषोत्तम अरोरा, अरशद खान, कृष्ण लाल सुखीजा, केशव नारंग, खड़क सिंह, ओमप्रकाश, सन्नी, शरद खान, आकाश यादव, छात्रसंघ अध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट आदि उपस्थित रहे।


मेले का फीता काटकर औपचारिक उद्घाटन करते महापौर विकास शर्मा।

# कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व महिलाओं ने पारंपरिक परिवेश में सज-धज कर आचार्य नवीन चंद्र उपाध्याय शास्त्री के सानिध्य में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर खटोला से भव्य कलश यात्रा निकाली। श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

मंगलवार को प्रातः श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर खटोला में आचार्य नवीन चंद्र उपाध्याय शास्त्री के सानिध्य में पुजारी नवीन चंद्र जोशी ने गणेश पूजन व कलश पूजन किया, तत्पश्चात महिलाओं ने मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा प्रारंभ होकर शनि मंदिर खटोला, शिव मंदिर बंगालीमोड़, शिव शक्ति नागेश्वर मंदिर मदनापुर लाई प्लांट, दुर्गा मंदिर हरिपुरा से होते हुए वापस अनुष्ठान स्थल पहुंची। प्रथम दिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का कथावाचक व्यास नवीन चंद्र उपाध्याय शास्त्री ने कथा शुभारंभ किया। अनुष्ठान में व्यवस्थापक पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, अध्यक्ष नंदन सिंह कार्की, कोषाध्यक्ष खुशाल सिंह मेहता, डिगर सिंह मेहरा, कमल सिंह कोरंगा, हीरा पानू, डायरेक्टर बलवंत सिंह कोरंगा, पुष्पा कोरंगा, इंद्रा कार्की, लक्ष्मी मेहता, दीपा पपोला, कलावती कार्की, नीमा जोशी, निशा कार्की, धना गड़िया, रेखा जोशी, गोदावरी पानू, नीमा पाठक, कमला कार्की, राधा रावत, राम सिंह कोरंगा मौजूद रहे।


दिनेशपुर में भव्य कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## ब्रीफ न्यूज

### सड़क के सुधारीकरण हेतु धनराशि स्वीकृत

**बागेश्वर :** राज्य योजना के अंतर्गत विकासखंड गरुड़ के सीमा-लदौलिया मोटर मार्ग के सुधारीकरण और डामरीकरण के लिए धनराशि स्वीकृत हो गई है। विधायक पार्वती दास ने बताया कि 141.17 लाख रुपये की लागत से एक से तीन किलोमीटर तक डामरीकरण किया जाएगा। सड़क सुधारीकरण के लिए धनराशि स्वीकृत होने पर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है।

### ग्रेड पे और पुरानी पेंशन बहाली की मांग

**अल्मोड़ा :** 27 सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने आंदोलन तेज कर दिया है। मंगलवार को शक्ति सदन परिसर में महासंघ के बैनर तले अभियंताओं ने धरना-प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि सेवा अवधि के दौरान न्यूनतम तीन पदोन्नति, कनिष्ठ अभियंताओं को उच्च पदों पर पदोन्नति, 10 वर्ष की सेवा के बाद 5400 ग्रेड पे की बहाली और पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने जैसी प्रमुख मांगों की अनदेखी की जा रही है। महासंघ ने पेयजल निगम और जल संस्थान के एकीकरण, वित्तीय अधिकारियों की संख्या बढ़ाने, पदोन्नति प्रतिशत में वृद्धि की भी मांग उठाई। अभियंताओं के धरने को उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन ने भी अपना समर्थन दिया है।

# चम्पावत में खुलेंगे महिला प्रोद्योगिकी व आपदा प्रबंधन केंद्र : सीएम

## मुख्यमंत्री धामी ने शी फॉर स्टेम उत्तराखंड कार्यक्रम को किया संबोधित, चम्पावत में राज्य की 50 मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति व लैपटॉप वितरित किए

- सीएम ने विज्ञान और नवाचार को अपनाने पर दिया जोर
- चम्पावत में 'विज्ञान रेडियो' की स्थापना करने की घोषणा

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को गोरलचौड़ सभागार, चम्पावत में आयोजित 'शी फॉर स्टेम' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने पुस्तक विमोचन के साथ ही राज्य की 50 होनहार छात्राओं को प्रति छात्रा 10,000 रुपए की छात्रवृत्ति के साथ विभिन्न विद्यार्थियों को स्टेम लैपटॉप प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय विज्ञान और नवाचार का युग है और सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश की प्रत्येक बेटी विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़े। विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि समस्याओं के समाधान और प्रगति का सबसे सशक्त माध्यम है। जब बेटियां विज्ञान के क्षेत्र में नेतृत्व करेंगी, तभी एक सशक्त और समृद्ध उत्तराखंड का निर्माण संभव होगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में चम्पावत में 'विज्ञान रेडियो' की स्थापना करने, जनपद को आदर्श के साथ 'रेजिलिएंट' जनपद के रूप में विकसित करने, महिला प्रौद्योगिकी केंद्र के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने और आपदा प्रबंधन केंद्र की स्थापना के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध करने जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं की। कहा कि, राज्य सरकार नवाचार को बढ़ावा देने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से बालिकाओं में वैज्ञानिक सोच का विकास हो रहा है तथा प्रदेश में विकसित हो रहे साइंस एवं इनोवेशन केंद्र भविष्य में विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और कोरोना वैक्सीन, चंद्रयान-3 तथा आदित्य एल1 जैसी उपलब्धियां इसका प्रमाण हैं। किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास पर निर्भर करती है।



चम्पावत में मुख्य सेवक संवाद के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का अभिनंदन करते स्थानीय जनप्रतिनिधि।



चम्पावत में शी फॉर स्टेम कार्यक्रम में सम्मानित किए गए विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### सीएम ने अत्याधुनिक साइंस सेंटर का किया निरीक्षण

**चम्पावत :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद भ्रमण के दौरान 55.52 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन अत्याधुनिक साइंस सेंटर का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कहा कि, यह साइंस सेंटर भविष्य में प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार का प्रमुख केंद्र बनेगा। सीएम ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं समयबद्धता का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित वैज्ञानिक गैलरियों एवं चार मंजिला साइंस कैंपस सुविधा का अवलोकन किया। इस कैंपस में 40 विद्यार्थियों के लिए छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जिससे यह केंद्र विद्यार्थियों के लिए आवासीय वैज्ञानिक शिक्षण का भी महत्वपूर्ण स्थल बनेगा। साथ ही, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए विज्ञान मॉडलों का अवलोकन किया तथा नन्हे वैज्ञानिकों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर यूकॉस्ट के महानिदेशक डॉ. दुर्गेश पंत ने साइंस सेंटर में दी जाने वाली सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, विज्ञानशाला इंटरनेशनल की संस्थापक डॉ. दर्शना जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह सामंत, भाजपा प्रदेश मंत्री निर्मल मेहरा, भाजपा महामंत्री मुकेश कलखुड़िया, डीएम मनीष कुमार, एसपी रेखा यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### सकारात्मक बदलावों को साझा किया

इस दौरान महिला उद्यमियों ने विज्ञान एवं तकनीकी प्रशिक्षण से हुए सकारात्मक बदलावों को साझा किया। ग्राम कांडा की दिया ने फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में अपने अनुभव बताए। वहीं, भिंगराड़ा की ग्राम प्रधान गीता भट्ट ने पिरूल ब्रिकेटिंग यूनिट के माध्यम से रोजगार और पर्यावरण संरक्षण के सफल प्रयासों की जानकारी दी। कमला पांगती ने जूट बैग निर्माण, फूड प्रोसेसिंग, कैंडी निर्माण एवं मधुमक्खी पालन जैसे प्रशिक्षणों से हुए लाभों को साझा किया।

### पिरूल बिक्रेट यूनिट: महिलाओं को दी बधाई

प्रकृति के साथ सामंजस्य रखते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं। महिलाएं ठान लें तो अपनी मेहनत के बल पर अपनी तकदीर बदल सकती हैं। चम्पावत आडिटोरियम में लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, चम्पावत को मॉडल जिला बनाने की दिशा में जनपद की महिलाएं भी कदम से कदम मिलाकर काम कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने लधियाघाटी के भिगराड़ा गांव में स्थापित पिरूल ब्रिकेट यूनिट का उदाहरण देते हुए यहां कार्य कर रही महिलाओं की जमकर प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी।

# प्रशासन की निगरानी में बंटे धनराशि

- कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री धामी के नाम सौंपा ज्ञापन
- मुख्यमंत्री राहत कोष की धनराशि में पारदर्शिता पर दिया जोर

संवाददाता, रानीखेत



रानीखेत में संयुक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।

**अमृत विचार:** कांग्रेसजनों ने संयुक्त मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री राहत कोष की धनराशि प्रशासन की निगरानी में वितरित किए जाने की मांग उठाई है।

ज्ञापन में कहा गया कि संज्ञान में आया है कि मुख्यमंत्री राहत कोष एवं अन्य राहत कोषों से वास्तविक पात्र व्यक्तियों को मिलने वाली सहायता राशि राजनीतिक दबाव के कारण प्रभावित हो रही है और जरूरतमंदों तक समय पर नहीं पहुंच पा रही है। कांग्रेसजनों ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष का उद्देश्य आपदा, बीमारी एवं अन्य विषम परिस्थितियों में प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता प्रदान करना है। ऐसे में सहायता राशि का वितरण पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष और प्रशासन की निगरानी में किया जाना आवश्यक है, ताकि वास्तविक पात्रों को इसका लाभ मिल सके।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि राहत कोष के वितरण की स्पष्ट प्रक्रिया तय की जाए, लाभार्थियों की सही पहचान सुनिश्चित की जाए तथा वितरण व्यवस्था को नियमों के अनुरूप बनाया जाए। साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता रोकने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाने की मांग की गई।

इस अवसर पर महिला नगराध्यक्ष गीता पवार, नेहा माहरा, पंकज गुरुरानी, दीप उपाध्याय, विजय तिवारी, सुरेंद्र पवार, प्रदीप रावत और मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सल्ट के तड़म में बाघ ने बुजुर्ग को बनाया निवाला

संवाददाता, अल्मोड़ा

- मंगलवार सुबह घास लेने जंगल गए थे बुजुर्ग खीम सिंह
- घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल वन विभाग ने गांव में डेरा डाला

**अमृत विचार:** सल्ट ब्लॉक के तड़म गांव में बाघ ने 60 वर्षीय एक बुजुर्ग को अपना निवाला बना लिया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, घटना के बाद क्षेत्र में दहशत है।

मिली जानकारी अनुसार तड़म गांव निवासी खीम सिंह मंगलवार सुबह मवेशियों के लिए घास लेने गांव के पास जंगल गए थे। लेकिन बुजुर्ग काफी देर तक घर वापस नहीं लौटे। अनहोनी की आशंका पर पत्नी मुन्नी देवी अन्य ग्रामीणों के साथ पति की तलाश को जंगल की ओर गई। इस दौरान जंगल में खीम सिंह का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। शव देखते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने वन विभाग को घटना की सूचना दी। सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी गंगा सिंह समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

> तड़म में घटना की सूचना मिलते ही पूरी टीम मौके पर पहुंच गई थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हमला करने वाला जानवर बाघ है या गुलदार, इसका पता रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगा।
> **-गंगा शरण,** वन क्षेत्राधिकारी, मोहान

# रोस्टर के अनुसार बांटी जाए गैस

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** जनपद में रसोई गैस के लिए उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही हैं। हालात यह हैं कि दूसरे क्षेत्रों के ग्राहक भी कई किलोमीटर दूर दूसरे वितरण केंद्रों पर पहुंचकर लाइन में लगने को मजबूर हैं। गैस एजेंसियों में कर्मचारियों की कमी के चलते वितरण व्यवस्था प्रभावित हो रही है और अफरा-तफरी की स्थिति बन रही है।

इधर बागेश्वर जन संघर्ष वाहिनी ने जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर रोस्टर के अनुसार गैस वितरण की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी कि तीन दिन के भीतर व्यवसायिक कोटा उपलब्ध नहीं कराया गया तो कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी। संघर्ष वाहिनी के पदाधिकारियों ने बताया कि कई स्थानों पर गैस वाहन पहुंचने से पहले ही लंबी कतार लग जा रही है और पुलिस की मौजूदगी में सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। अव्यवस्था के चलते कई उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने पूर्व की तरह रोस्टर प्रणाली लागू करने और नियमानुसार होम डिलीवरी शुरू करने की मांग की।



जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौंपते संघर्ष वाहिनी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संगठन ने कहा कि नगर के कई व्यवसायियों को एक माह से सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जबकि उन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिए हैं। नियमानुसार व्यवसायियों को दो प्रतिशत यानी लगभग 70 सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष कवि जोशी, अंकुर उपाध्याय, पुष्कर सिंह, निरष मनराल, महेश नगरकोटी, विनोद थापा, विजय परिहार, नवनीत बिष्ट और मनोज जोशी समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### 30 हजार लोगों ने किए मां पूर्णागिरि के दर्शन

**टनकपुर :** पूर्णागिरि मेले में उमड़ रही भीड़ के चलते टनकपुर बाजार और मेला क्षेत्र में रौनक बनी हुई है। मंगलवार को 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन का पुण्य कमाया। सबसे अधिक श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंच रहे हैं। नेपाल से भी बड़ी संख्या में रोजना तीर्थयात्री आ रहे हैं।

सुबह से ही शारदा घाट और मुख्य मार्गों पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। मंगलवार की सुबह टनकपुर बाजार में टनकपुर जाने वाले वाहनों को पकड़ने के लिए श्रद्धालु इधर-उधर भागते रहे, जिससे अफरा तफरी का माहौल रहा। मेला मजिस्ट्रेट डा. ललित मोहन तिवारी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# एआरटीओ कार्यालय का बिजली कनेक्शन काटा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** यूपीसीएल ने बिजली बिल जमा नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। ऊर्जा निगम ने बिजली बकाया भुगतान नहीं करने पर एआरटीओ कार्यालय का कनेक्शन काट दिया है। वहीं, अन्य बकायदारों पर भी कार्रवाई शुरु कर दी है।

इन दिनों यूपीसीएल की कार्रवाई से उपभोक्ताओं समेत सरकारी विभागों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग बकायेदारों से बकाया वसूल रहा है। वहीं, लंबे समय से बकाया जमा नहीं करने वालों को चिह्नित किया जा रहा है। पहले चरण में नोटिस भेजने के साथ ही अब कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। इधर, ऊर्जा निगम के मुताबिक, एआरटीओ की ओर से करीब चालीस हजार रुपये का बिल का भुगतान किया जाना है। वहीं, वित्तीय वर्ष पूरा हो गया है, लेकिन अब भी ऊर्जा निगम छह करोड़ 54 लाख का ही बकाया वसूल सका है।

ऊर्जा निगम ने अब तक आईटीआई, डीएफओ सिविल सोयम कार्यालय समेत कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के भाई व ताकुला ब्लॉक प्रमुख के पति दीपक आर्या समेत 24 लोगों के कनेक्शन काटे हैं।

> ऊर्जा निगम बकाया बिल की वसूली कर रहा है। अब तक बकाया जमा नहीं करने वाले 24 लोगों के कनेक्शन काट चुका है। वहीं, बिल जमा नहीं करने पर एआरटीओ कार्यालय का कनेक्शन काटा गया है।
> **-कन्हैया जी मिश्रा,** ईई, ऊर्जा निगम अल्मोड़ा

### छात्र-छात्राओं को दी कानूनी जानकारियां

**टनकपुर:** राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक दिवसीय नियमित शिविर के अंतर्गत कानूनी जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान किया गया। बौद्धिक सत्र का प्रारंभ प्राचार्य डॉ अनुपमा तिवारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत के सदस्य अजय गुरुरानी, किरन गहतोड़ी, सोनी सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मुख्य वक्ता अजय गुरुरानी ने स्वयंसेवकों को पोक्सो एक्ट के बारे में बताया। किरन गहतोड़ी, सोनी राणा और सोनी जहां द्वारा स्वयंसेवकों को समाज में फैले हुए विभिन्न प्रकार के नशे एवं उनके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। मयंक पंत ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों की जानकारी दी।

# सामूहिक जन्मोत्सव का आयोजन

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छीनीगोठ में प्रत्येक माह की भांति मार्च माह के अंतिम दिवस सामूहिक जन्मोत्सव का आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मार्च माह में जन्मे कुल 13 विद्यार्थियों का सामूहिक रूप से जन्मदिन मनाया गया।

इनमें कक्षा छह के प्रदीप सिंह भंडारी एवं सरस्वती, कक्षा सात के कार्तिक सिंह बिष्ट, ऋतिक कुलेठा, सोनू सामंत, दिव्यांशी और हिमानी गिरी, कक्षा आठ के अंश गहतोड़ी तथा कक्षा नौ के सूरज सिंह, खुशी, प्रियांशी चौड़ाकोटी, जीवन चंद्र और पारस चौड़ाकोटी शामिल रहे। कार्यक्रम के सूत्रधार शिक्षक त्रिलोचन जोशी ने जन्मदिन वाले सभी विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप ज्ञान-विज्ञान बुलेटिन प्रदान कर उन्हें शिक्षाप्रद प्रेरणा दी, जबकि अन्य विद्यार्थियों को टॉफियां वितरित की गईं। बच्चों ने उत्साह और उमंग के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की, जिससे विद्यालय परिसर आनंदमय एवं उत्सवी वातावरण से सराबोर हो उठा। ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य पढ़ने-लिखने की संस्कृति को बढ़ावा देना, विद्यालय को आनंदालय के रूप में विकसित करना, सामुदायिक सहयोग की भावना को मजबूत करना तथा छात्र संख्या में वृद्धि करना है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को परीक्षाफल भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक दिग्भूषण गोस्वामी, शिक्षक बेचन यादव, पवन कुमार, रचित वल्दिया, ओम प्रकाश, उमेश चंद्र भट्ट, कार्यालय सहायक अर्जुन कुमार तथा भोजन माता रेखा देवी और पुष्पा देवी आदि रहे।



छात्र-छात्राओं को ज्ञान-विज्ञान बुलेटिन प्रदान करते शिक्षक त्रिलोचन जोशी।

### ई-रिक्शा पलटने से छह श्रद्धालु चोटिल

**टनकपुर :** मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं से भरा ई-रिक्शा मुख्य बाजार में पलट गया। इस हासदे में छह श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों उप जिला चिकित्सालय लाया गया।

चिकित्सक डा. आफताब आलम एवं डा उमर ने बताया कि सभी की हालत सामान्य है। घायलों में संतोष कुमार (30) पुत्र रामचंद्र, सुजाता देवी (29) पत्नी संतोष कुमार, मोनी (14) पुत्री संतोष कुमार, राधिका (15) पुत्री संतोष कुमार, निवासी तिलहर शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश, मुकेश कुमार (40) पुत्र मेघनाथ, प्रेमवती देवी (65) पत्नी मेघनाथ, निवासी सिंदोली शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश शामिल हैं। चिकित्सकों ने बताया कि संतोष और सुजाता के हाथ में चोट आई है। सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

**जांच** | शिकायत में लगाए गए आरोपों की नहीं हुई पुष्टि, विभाग ने तथ्यात्मक शिकायत करने की अपील की

# मटेला आंगनबाड़ी में अंडों की गुणवत्ता सही मिली

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** आंगनबाड़ी केंद्र मटेला में बच्चों को वितरित किए जा रहे अंडों की गुणवत्ता को लेकर उठे सवालों पर डीपीओ ने मौके पर पहुंचकर जांच की। निरीक्षण में अंडे पूरी तरह सही और उपयोग योग्य पाए गए।

जिलाधिकारी अंशुल सिंह के निर्देश पर डीपीओ पीताम्बर प्रसाद ने केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने केंद्र में उपलब्ध पोषाहार की गहन जांच की और लाभार्थियों से भी जानकारी ली। जांच में सामने आया कि अंडों की गुणवत्ता को लेकर की गई शिकायत सही नहीं है। लाभार्थियों और अभिभावकों ने भी अंडों को सुरक्षित और उपयुक्त बताया तथा किसी तरह की अनियमितता से इनकार किया।

डीपीओ ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रकाशित समाचार में लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि विभाग पोषाहार की गुणवत्ता पर नियमित निगरानी रखता है और शिकायत मिलने पर तुरंत जांच की जाती है। साथ ही उन्होंने आमजन से अपील की कि तथ्यात्मक जानकारी के आधार पर ही शिकायत दर्ज कराएं।



आंगनबाड़ी केंद्र मटेला का निरीक्षण करते डीपीओ। ● अमृत विचार

### विकास मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

जनपद भ्रमण पर पहुंचे नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन के बेरी से जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने शिष्टाचार भेंट कर विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कसार देवी स्थित एक होटल में हुई बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, स्वच्छता, ग्राम्य विकास, रोजगार और तकनीकी क्षेत्र के मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। डीएम ने जिले की भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति के साथ विकास योजनाओं, उपलब्धियों और चुनौतियों की जानकारी दी। इस दौरान स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के तहत हिमाद्रि हैंडलूम की शॉल भेंट की गई। उपाध्यक्ष ने अल्मोड़ा के प्राकृतिक सौंदर्य और स्वच्छ वातावरण की सराहना की।

# महिलाओं के खिलाफ आपराधिक घटनाएं बढ़ना बेहद गंभीर: राधा

- कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष ने पार्टी कार्यालय में की प्रेस वार्ता
- अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण न होने का लगाया आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच महिला कांग्रेस ने सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े किए हैं। जिला पार्टी कार्यालय में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट ने राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ती आपराधिक घटनाओं को गंभीर बताते हुए सरकार की कार्यप्रणाली की आलोचना की।



अल्मोड़ा में प्रेस वार्ता को संबोधित करतीं महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि प्रदेश के तराई से लेकर पहाड़ी क्षेत्रों तक महिलाएं स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आए दिन दुष्कर्म, हत्या, छेड़छाड़ और लूट जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे समाज में भय का माहौल बना हुआ है। घरेलू और कामकाजी दोनों ही वर्ग की महिलाएं असुरक्षा की भावना से गुजर रही हैं, जिससे उनके परिजनों की चिंता भी बढ़ रही है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अपराधों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं और कई मामलों में कार्रवाई संतोषजनक नहीं होती। उन्होंने महंगाई और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर भी सरकार को घेरते हुए इसे आम जनता, खासकर महिलाओं के लिए परेशानी का कारण बताया।

# अमृत विचार

बुधवार, 1 अप्रैल 2026




## सफाए के बाद सवाल

गृहमंत्री अमित शाह ने देश को नक्सलियों से मुक्त होने के घोषणा कर दी। 24 अगस्त 2024 को उन्होंने प्रण लिया था कि 31 मार्च तक वे देश से नक्सल समस्या का खात्मा कर देंगे और उसके एक दिन पहले लोकसभा में यह घोषणा की। निःसंदेह देश में अब भी दो प्रमुख नक्सली कमांडर, कुछ एरिया कमेटियां और चंद नक्सली बाकी हैं। जल्द ही इनकी भी गिरफ्तारी, समर्पण अथवा खात्मा होने के बाद आधिकारिक तौर पर यह कहा जा सकता है कि दुनिया का सबसे लंबे समय से चल रहा माओवादी उग्रवाद का अवसान हो चुका है।

निश्चित तौर पर छह दशक से चल रही, इस समस्या के निवारण का श्रेय केंद्रीय गृहमंत्री को जाता है, जिनकी नीति अनुसार सुरक्षाबलों, जंगलों में गुरिल्ला लड़ाई के लिए विशेष प्रशिक्षित बलों, राज्य की पुलिस इकाइयों ने मिलकर उस काम को अंजाम दिया, जो कुछ ही बरस पहले तकरीबन असंभव माना जा रहा था। 2019 से 2026 के बीच 7049 नक्सली गिरफ्तार किए गए और 5880 ने आत्म समर्पण किया। गृहमंत्री के प्रण के बाद तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर 23 मई 2025 को 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान कई हार्डकोर नक्सलियों की मौत ने उनकी कमर तोड़ दी। इसी साल कई कमांडरों के साथ 317 नक्सली मारे गए, 800 पकड़े और 2300 ने सरेंडर किया। सुरक्षा बलों ने 2024 के बाद से 748 गुरिल्लों को मार कर कीर्तिमान बनाया। इन सबके चलते बीते महीने तक, माओवादी गतिविधियों वाले जिलों की संख्या 800 से घटकर केवल सात रह गई। इस बरस के पहले तीन महीनों में ही तकरीबन 700 नक्सलवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटे। सरकार के प्रलोभन और प्रताड़ना, पुचकारने और फटकारने वाली नीति भी सफल रही। उसने पिछड़े जिलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बैंकिंग और मोबाइल कनेक्टिविटी मिशन चलाया। सख्ती बढ़ाने के साथ नक्सलियों के लिए सरेंडर और रिहैबिलिटेशन पॉलिसी, नकद प्रोत्साहन का लालच, नौकरी, कौशल प्रशिक्षण की बात की और समझा दिया कि अन्याय का समाधान संविधान में है, हथियार में नहीं। इन सबका फलितार्थ आज सामने है और नक्सलवाद की बस चंद सांसें ही बची हैं।

इस समाधान के पश्चात भी कुछ सवाल शेष हैं। क्या 'जंगल राज' के अंत के बाद आदिवासी क्षेत्रों में 'न्याय का राज' स्थापित होगा, या उसकी जगह 'खनन राज' ले लेगा? देश के लगभग 40 प्रतिशत खनिज भंडार आदिवासी बहुल क्षेत्रों में स्थित हैं और स्वतंत्रता के बाद विकास परियोजनाओं के नाम पर करोड़ों लोगों के विस्थापन का इतिहास हमारे सामने है, जिनमें बड़ी संख्या आदिवासियों की ही है। नक्सलवाद के खात्मे के बाद इन क्षेत्रों में केवल सड़कें, खदानें और उद्योग ही दिखाई दें और सामाजिक न्याय, स्थानीय भागीदारी न आए, तो इस शांति के स्थायित्व पर शंका बनी रहेगी। यदि विकास आदिवासियों की सहमति और भागीदारी के बिना थोपा गया, तो यह असंतोष को जन्म दे सकता है और बेशक उपेक्षा और अन्याय विद्रोह की जमीन तैयार करते हैं। नक्सल विचारधारा से सहानुभूति रखने वाले ग्रामीण और आदिवासी अभी मौजूद हैं, इसलिए नक्सलवाद भले मरे पर विचारधारा जिंदा रही, तो वह फिर हिंसक या अहिंसक रूप सामने आ सकती है।

### प्रसंगवश

## अमेरिकी लेखिका कैथरीन को जवाब थी 'मदर इंडिया'

1957 में रिलीज हुई महबूब खान निर्देशित कालजयी हिट फिल्म मदर इंडिया एक ऐसी ग्रामीण भारतीय नारी की कहानी थी, जो गरीबी, शोषण और संघर्ष से जूझते, अदम्य साहस का परिचय देते हुए अंत में अपने विद्रोही बेटे बिरजू को मार देती है। यह फिल्म 1940 में महबूब खान द्वारा ही बनाई गई फिल्म 'औरत' का रीमेक थी। यह एक ऐसी फिल्म थी, जिसने सामाजिक मुद्दों, जमींदारी और मातृत्व के चित्रण को दर्शकों के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

यह फिल्म अमेरिकी लेखिका कैथरीन मायो की 1927 में छपी विवादास्पद पुस्तक 'मदर इंडिया' का जवाब थी, जिसमें भारतीय समाज व संस्कृति को गलत ढंग से पेश किया गया था। पुस्तक में भारतीय महिलाओं की दुर्दशा, अछूतों के प्रति भेदभाव और राजनेताओं पर हमला किया गया था। महबूब खान को फिल्म बनाने और उसके शीर्षक का ख्याल 1952 में आया था। खान ने फिल्म बनाकर भारतीय महिलाओं की ताकत को पुरजोर ढंग से दिखाने का प्रयास किया था।



दीपक नौगांई
लेखक

फिल्म में राधा का मुख्य किरदार नरगिस द्वारा निभाया गया था। यह एक ऐसा किरदार था, जो आज भी उनके जीवंत अभिनय के लिए याद किया जाता है। नरगिस महबूब खान की 1943 में बनी फिल्म तकदीर में काम कर चुकी थीं। उस समय हिंदी फिल्मों में नरगिस बहुत लोकप्रिय थीं। मदर इंडिया का रोल नरगिस के लिए बहुत अहम था। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, 'जब मुझे मदर इंडिया का रोल दिया गया, तब मुझे लगा कि एक कलाकार होने के नाते मैंने जो उम्मीदें लगा रखी हैं, आखिर उनके पूरे होने का वक्त आ गया।' इस फिल्म में उनके बेटे की भूमिका सुनील दत्त (बिरजू) तथा राजेंद्र कुमार (रामू) ने निभाई थी। अभिनेता राजकुमार ने फिल्म में नरगिस के पति की तथा कन्हैयालाल ने जमींदार सूखीलाल का अभिनय किया था। फिल्म का बजट 25 लाख रखा गया था, जो बाद में बढ़कर 60 लाख हो गया। फिल्म बनाने में पूरे तीन साल लगे थे और लगभग 100 दिनों में शूटिंग हुई थी। फिल्म में मदर इंडिया की भूमिका निभाने वाली नरगिस एक्टर सुनील दत्त और राजेंद्र कुमार की हमउम्र थीं। इस फिल्म के सेट पर ही नरगिस और सुनील दत्त के बीच प्यार परवान चढ़ा था। कहते हैं, आग के एक दृश्य की शूटिंग के दौरान नरगिस आग में फंस गईं थीं, तब सुनील दत्त ने उन्हें आग से निकाला था। इसी दौरान वे करीब आए और बाद में उन्होंने शादी कर ली। 1958 में मदर इंडिया को तीसरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया था। यह उस समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी और जिसने बेस्ट फिल्म और बेस्ट एक्ट्रेस सहित कई फिल्म फेयर पुरस्कार जीते। फिल्म भारत की ओर से प्रतिष्ठित ऑस्कर पुरस्कार के लिए नामित होने वाली पहली फिल्म थी।

फिल्म के गीत बहुत लोकप्रिय हुए थे। शकील बदायूंनी के लिखे गीतों को नौशाद ने सुरों में बांधा था। नौशाद के संगीत की खूबी यह थी कि वे अपनी धुनों में लोक संगीत को बड़ी कुशलता से इस्तेमाल करते थे। फिल्म में कुल 12 गाने थे, जिनमें 'दुनिया में हम आए हैं', 'दुख भरे दिन बीते रे भैया', तथा 'होली आई रे कन्हाई' बहुत चर्चित रहे थे। फिल्म के ज्यादातर गीत शमशाद बेगम, मोहम्मद रफ़ी और मन्ना डे से गंवाए गए, जबकि नरगिस पर फिल्माए गीतों को लता मंगेशकर ने अपनी मधुर आवाज दी। फिल्म का छायांकन फरदून ए ईरानी ने किया था, जिनके साथ महबूब पहले भी फिल्म बना चुके थे। फिल्म में फरदून का छायांकन इतना बेहतर था कि गांव-देहात के दृश्य बड़े जीवंत होकर उभरते हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)



जीवन के प्रति निराशा के बिना जीवन के प्रति प्रेम संभव नहीं है।
-अल्बेयर कामू, फ्रांसीसी दार्शनिक

## युद्धः ताकत, रणनीति और जिद के बीच फंसी दुनिया





राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

मध्य-पूर्व एक बार फिर उस उबाल पर है, जहां हर मिसाइल सिर्फ सीमाओं को नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति, अर्थव्यवस्था और आने वाले समय की दिशा को प्रभावित कर रही है। ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच चल रहा यह संघर्ष पारंपरिक युद्ध से कहीं ज्यादा जटिल है। यह एक ऐसी लड़ाई है, जिसमें हर पक्ष जीत को अलग तरीके से परिभाषित कर रहा है। कोई वर्चस्व चाहता है, कोई सुरक्षा और कोई सिर्फ अपने अस्तित्व को बचाए रखना।

इस संघर्ष की पृष्ठभूमि दशकों पुरानी है। 1979 की ईरानी क्रांति के बाद से अमेरिका और ईरान के रिश्तों में अविश्वास स्थायी हो गया। इजराइल के लिए ईरान हमेशा एक संभावित खतरा रहा, खासकर उसके परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल क्षमता के कारण। समय के साथ ईरान ने अपने प्रभाव का विस्तार लेबनान, सीरिया, यमन और गाजा तक किया, जिससे यह टकराव केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे क्षेत्र में फैल गया। आज की स्थिति उसी लंबे तनाव का परिणाम है, जहां हर पक्ष, दूसरे को सीमित या कमजोर करना चाहता है।

अमेरिका इस युद्ध में सबसे उलझी हुई स्थिति में दिखता है। उसका घोषित उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना है, लेकिन व्यवहार में उसके लक्ष्य कई परतों में बंटे हुए हैं। कभी वह सिर्फ सैन्य क्षमता घटाने की बात करता है, कभी ईरान की क्षेत्रीय पकड़ खत्म करने की और कभी सीधे सत्ता परिवर्तन की उम्मीद जताता है। यही अस्पष्टता उसकी रणनीति को कमजोर बनाती है। दूसरी तरफ घरेलू दबाव भी कम नहीं है। तेल की बढ़ती कीमतें, महंगा सैन्य अभियान और एक और लंबे मध्य-पूर्वी युद्ध में फंसने का डर। ऐसे में अमेरिका के लिए जीत को परिभाषित करना ही सबसे बड़ी चुनौती बन गया है।

**ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच चल रहा यह संघर्ष पारंपरिक युद्ध से कहीं ज्यादा जटिल है। इस युद्ध का सबसे बड़ा असर उन देशों पर भी पड़ रहा है, जो सीधे इसमें शामिल नहीं हैं।**

इजराइल इस युद्ध में सबसे स्पष्ट लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। उसके लिए ईरान की मिसाइल क्षमता और परमाणु कार्यक्रम सीधा अस्तित्व का सवाल है, इसलिए उसकी रणनीति बेहद आक्रामक और सटीक है-मिसाइल ठिकानों को नष्ट करना, कमांड सिस्टम तोड़ना और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के नेटवर्क को कमजोर करना। इजराइल सिर्फ तत्काल नुकसान पहुंचाना नहीं चाहता, बल्कि वह एक दीर्घकालिक डिटरेंस यानी ऐसा डर कि ईरान भविष्य में दोबारा ऐसी ताकत खड़ी करने से पहले कई बार सोचे, बनाना चाहता है, इसीलिए वह युद्ध को जल्दी खत्म करने के बजाय अपनी शर्तों पर समाप्त करना चाहता है।

ईरान इस संघर्ष को अलग नजरिए से देख रहा है। उसके लिए यह जीत-हार की लड़ाई नहीं, बल्कि अस्तित्व की लड़ाई है। वह जानता है कि पारंपरिक युद्ध में वह अमेरिका या इजराइल का मुकाबला नहीं कर सकता, इसलिए उसने अपनी रणनीति को 'असममित युद्ध' पर आधारित किया है। यहीं पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर सामने आता है। यह सिर्फ एक सैन्य संगठन नहीं, बल्कि एक वैचारिक और रणनीतिक ढांचा है, जिसके पास अपनी थल, वायु और नौसेना, मिसाइल प्रोग्राम, ड्रोन तकनीक और अंतर्राष्ट्रीय प्रॉक्सी नेटवर्क है। आईआरजीसी ने ईरान को एक हाइब्रिड वॉर मशीन में बदल दिया है- जहां ड्रोन, गुरिल्ला रणनीति और प्रॉक्सी समूह मिलकर युद्ध को लंबा और महंगा बनाते हैं। ईरान के लिए यही रणनीति सबसे बड़ी सुरक्षा है। वह जानता है कि अगर वह टिक गया, तो वह इस युद्ध को अपनी जीत के रूप में पेश कर सकता है।

इस युद्ध का सबसे बड़ा असर उन देशों पर पड़ रहा है, जो सीधे इसमें शामिल नहीं हैं। सऊदी अरब, यूएई और कतर जैसे देश लगातार हमलों और अस्थिरता का सामना कर रहे हैं। उनके लिए सबसे बड़ा खतरा आर्थिक है- तेल आपूर्ति, निवेश और क्षेत्रीय स्थिरता पर असर। होर्मुज़ जलडमरूमध्य इस पूरे संघर्ष का सबसे संवेदनशील बिंदु बन गया है। दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल इसी रास्ते से गुजरता है। अगर यह मार्ग बाधित होता है, तो इसका असर तेल की कीमतों से लेकर सप्लाई चेन तक, पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। यानी यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य नहीं, बल्कि आर्थिक और रणनीतिक मोर्चे पर भी लड़ा जा रहा है।

सबसे बड़ा सवाल यही है कि यह युद्ध कब और कैसे खत्म होगा। फिलहाल तीन संभावनाएं दिखती हैं। पहली, अगर किसी तरह का कूटनीतिक समझौता होता है-हालांकि मौजूदा हालात में इसकी संभावना सीमित है। दूसरी, अगर सभी पक्ष युद्ध से थक जाएं और एक अनौपचारिक विराम बन जाए। तीसरी, अगर इजराइल, ईरान की सैन्य क्षमता को काफी हद तक कमजोर कर दे और ईरान सिर्फ टिके रहने को अपनी जीत मान ले, लेकिन सच्चाई यह है कि इस संघर्ष का कोई स्पष्ट और स्थायी अंत नजर नहीं आता। यह युद्ध रुक भी जाए, तो दूसरे रूप में जारी रह सकता है- प्रॉक्सी युद्ध, साइबर हमले या आर्थिक टकराव के रूप में।

ईरान युद्ध को समझने के लिए सिर्फ यह देखना काफी नहीं कि कौन किस पर हमला कर रहा है। असली कहानी यह है कि हर पक्ष क्या हासिल करना चाहता है और किस हद तक जाने को तैयार है। अमेरिका व्यवस्था बदलना चाहता है, इजराइल खतरा खत्म करना चाहता है और ईरान सिर्फ टिके रहना चाहता है। यही तीनों लक्ष्य इस युद्ध को लंबा और जटिल बना रहे हैं। दुनिया इस आग को जल्दी बुझते देखना चाहती है, लेकिन मध्य-पूर्व का इतिहास बताता है- यहां युद्ध खत्म नहीं होते, सिर्फ अपना रूप बदलते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



आजकल दिल्ली में कोई भी उन पर ध्यान नहीं दे रहा है। कभी-कभी तो मुझे बड़ा तरस आता है। वैसे आप वरिष्ठ नेता हैं, मेरी संवेदनाएं आपके साथ हैं। आपने जैसा किया, वैसा आप भर रहे हैं। यह तो समय है, बड़ा बलवान है। आपने तड़पाया तो तड़पना तो आपको भी पड़ेगा।

-भजनलाल शर्मा
मुख्यमंत्री, राजस्थान

मुख्यमंत्री को कांग्रेस पार्टी के अंदरूनी मामलों पर अटकलें लगाने के बजाय शासन पर ध्यान देना चाहिए। कौन हमारी बात पर ध्यान दे रहा है या नहीं, यह आपकी चिंता का विषय नहीं है। ये हमारे अंदरूनी मामले हैं। आपको अपनी सरकार से जुड़े सवालों के जवाब देने चाहिए।

-अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान



## पश्चिम एशिया युद्ध में एआई का जमकर प्रयोग



रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

ऐसी सूचनाएं हैं, माइक्रोसॉफ्ट और ओपन एआई सहित प्रमुख अमेरिकी टेक कंपनियों ने इज़राइली सेना को कमर्शियल एआई मॉडल और क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं प्रदान की हैं। यह ऐसी टेक्नोलॉजी है, जिसने गाज़ा और लेबनान में बमबारी अभियानों को चुपचाप सशक्त बनाया है। सन् 2024 की शुरुआत में, इज़राइली मीडिया में ऐसी रिपोर्टें सामने आई थी, जिनसे अनुमान लगाया गया कि इज़राइल गाज़ा में बमबारी के लक्ष्यों को चुनने में मदद के लिए एआई का इस्तेमाल कर रहा है। इज़राइल, हमास और हिज़्बुल्लाह के साथ अपने युद्ध में अमेरिकी टेक दिग्गजों के कमर्शियल एआई मॉडलों का इस्तेमाल कर रहा था। बताया गया था कि माइक्रोसॉफ्ट के एज़र प्लेटफ़ॉर्म पर बने अमेरिकी मॉडल इज़राइल के एआई सिस्टम के साथ एकीकृत किए गए थे, जिससे कमर्शियल एआई टेक्नोलॉजी का इजराइली सेना द्वारा इस्तेमाल लगभग 200 गुना बढ़ गया था।

अमेरिकन नेवी और एयरफोर्स ने प्रमुख रूप से एन्थ्रोपिक द्वारा विकसित क्लॉड का उपयोग ईरान और वेनेजुएला में युद्ध अभियानों के समर्थन में रीयल-टाइम टारगेटिंग और प्राथमिकता तय करने के लिए किया है। क्लॉड, मावेन स्मार्ट सिस्टम में एंबेडेड है, जो सेटेलाइट और अन्य खुफिया डेटा से संभावित लक्ष्यों की पहचान करने के लिए एआई एल्गोरिदम का उपयोग करता है, जोकि मिलिट्री कमांड और कंट्रोल के लिए इस्तेमाल होता है। पालांतीर का मावेन स्मार्ट सिस्टम इमेज प्रोसेसिंग और सामरिक सहायता सहित विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए एआई का उपयोग करता है, जिससे लक्ष्यों का सुझाव देकर और उन्हें प्राथमिकता देकर हमले की क्षमताओं में तेज़ी आती है।

**प्रमुख अमेरिकी टेक कंपनियों ने इज़राइली सेना को कमर्शियल एआई मॉडल और क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं प्रदान की हैं। इसने बमबारी अभियानों को सशक्त बनाया है।**

पश्चिम एशिया में मौजूदा सशस्त्र संघर्ष के दौरान अमेरिका की नेवी और एयरफोर्स ने एआई का जम कर इस्तेमाल किया है। यह अनेक स्तरों पर हुआ है- व्यूह-रचना और हमले की योजना बनाने के लिए, हमलों की कामयाबी परखने के लिए, युद्ध किस दिशा में जाएगा, यह जानने के लिए और कौन से अस्त्र ईरानी ठिकानों पर सटीक निशाना लगा कर उन्हें तबाह कर सकते हैं आदि की सटीकता की जांच करने के लिए और खुद अपने बचाव की रणनीति अपनाने के लिए भी। दूसरी ओर, ईरान ने तेहरान में पिछले दसेक साल में अपना जो विशाल डाटा सेंटर खड़ा किया था, उससे भी ईरानी कमांडरों और नेताओं ने बहुत मदद ली है। इस डाटा और प्रोसेसिंग सेंटर ने दुनियाभर से इनफार्मेशन डाउनलोड करके, ख़ुफ़िया तरीके से या खरीद कर जैसे भी, से प्रोसेस किया होगा, उसके बारे में हम सोच भी नहीं सकते। मुझे इसका थोड़ा सा अनुमान तीनेक साल पहले लगा था, तब मैं तेहरान के डाटा एंड प्रोसेसिंग सेंटर की क्षमता देखकर हैरान हुआ था। प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने ईरानियों को उसी तरह से बेवकूफ और नालायक समझा था, जैसा सद्दाम हुसैन को, और सोचा था कुवैत और इराक में जो किया वैसा ही रिजल्ट अब मिलेगा। उत्तरी विएतनाम के विएतकॉन्ग्स ने छापामार युद्ध करके अमेरिका के छक्के छुड़ाए थे। तब प्रीसीजन बम और कंप्यूटर टेक्नोलॉजी का विकास नहीं हुआ था। न ही अमेरिका की चिप बनाने वाली कंपनियां सन् 1980 तक ऐसी चिप बनाने में सक्षम हुईं थीं, जिन्हें मिसाइल गाइडेंस और टारगेट पहचान के लिए इस्तेमाल किया जा सके।

चालू युद्ध में हाई-टेक अमेरिका की हिम्मत नहीं हो रही है। वे मरींस को ईरानी मुख्य भूमि पर उतारें और इन्फेंट्री, आर्टिलरी और आर्मर्ड डिवीज़न को लगा दें। बेशक अमेरिका के पास ईरान और आसपास के इलाके के उच्च गुणवत्ता वाले सेटेलाइट इमेजेज हैं और उन्होंने अपने जासूसी उपग्रहों को ईरान के ऊपर फिक्स कर दिया है, लेकिन युद्ध में असल मायने रखता है, हमला कहां से, कब और कितनी ताकत से होना है, इसकी जानकारी होना। इस युद्ध में छलावा तकनीक भी इस्तेमाल हो रही है। बावजूद इसके कि एआई रिसोर्सेज को अमेरिका ने पूरी तरह झोंक दिया है। वह ईरानी गार्ड्स की युद्ध नीति और मूवमेंट पर पूरी नज़र रखने में अक्षम नज़र आता है। युद्ध के दौरान कम लागत, कम समय में लक्ष्य को प्राप्त करने वाले उपयुक्त फ़ैसले तभी लिए जा सकते हैं, जब जानकारी काफ़ी हो, चाहे ग्राउंड बेस्ड रिसोर्सेज से हों या, रिमोट रिसोर्सेज से। ईरान द्वारा बहरीन में अमेज़न का क्लाउड सेंटर उड़ाना इसी योजना का हिस्सा है। हैरानी की बात है कि लॉजिस्टिक्स की कमी के चलते भी ईरान ने अमेरिका, इजराइल और इनके समर्थक अरब देशों में महत्वपूर्ण इंस्टालेशन और प्रॉपर्टी को ध्वस्त किया है। युद्ध में सटीक सूचनाएं मिलना एक जोखिम वाला काम है, फिर भी कुछ सूचनाएं बाहर आ रही हैं। बहुत सी तो अमेरिकी सूचना तंत्र से हैं, वेस्टर्न यूरोपियन मीडिया प्रतिनिधियों के हवाले से हैं और अंतर्राष्ट्रीय सूचना एजेंसीज के माध्यम से भी। ताक़तवर लोगों के पास हालात को तोड़-मरोड़कर पेश करने की वजहें होती हैं, इसलिए संघर्ष से जुड़ा डाटा देने वाली संस्थाएं ख़बरों, रिपोर्टों, स्थानीय स्रोतों और जानकारियों का विश्लेषण करने के लिए इंसानी कोडर्स का इस्तेमाल करती हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## स्त्री के हिस्से की प्रतिक्रियाएं

स्त्रियों के मामले में इस समाज की फिक्र और यक़ीन perfect victim औरतों के लिए reserve हैं। इस सड़े समाज में मज़बूत लड़कियों के साथ बुरे से बुरा हो गया, लेकिन पहला सवाल उसकी मजबूती पर हुआ, फिर एक बड़े तबके ने उन पर यक़ीन करने से इंकार किया, फिर एक तबके ने उन्हें नीचा दिखाना, उनकी बेइज्जती करना, उनकी सरेआम witch hunting करना अपना पुश्तैनी अधिकार समझा, एक तबका तो ख़ैर ये मानकर चला कि इस तरह की लड़कियों को इन सब से तकलीफ़ होती ही नहीं।



आशिमा आशी
वरिष्ठ पत्रकार

सांत्वना के सारे शब्द कुर्बानी देने वाली, so called सब सह लेने वाली संस्कारी और performative औरतों के हिस्से आए, भले ही इनमें से बहुतों ने अपने privileges की ख़ातिर ये सब किया, लेकिन सब अनदेखा कर दिया गया। आपने मजबूती चुनी, आज़ादख्याली चुनी, तो तकलीफ़ के सुबूत हर क़दम मांगे जाएंगे, या फिर मान ही नहीं सकते कि आपको भी तकलीफ हो सकती है।

कभी कोई जिम जाने वाली लड़की कह दे कि उसे डर लग रहा है, तो सबसे पहली प्रतिक्रिया हंसने की आती है।

दिल दुख से भर जाता है जब कोई आपका अपना कहे कि उसको तुम्हारी कभी फिक्र नहीं करनी पड़ी, क्योंकि उसे पता था कि तुम ख़ुद को संभाल लोगी, मजबूती से मुसीबत का सामना कर लोगी, अपने लिए स्टैंड ले लोगी, देर-सवेर सब ठीक कर ही लोगी, लेकिन ये सब करने में तुम्हें बीमार कर देने की हद तक तकलीफ़ होगी, कोई नहीं मानेगा। धीरे धीरे मजबूती की पहली पहचान यही बन जाएगी कि आपकी फिक्र ही नहीं की जा रही, सब मान कर चल रहे हैं कि तुम तो ठीक ही हो।

बहुत समय नहीं बीता, जब देश की मेडलधारी पहलवान लड़कियां अपने शोषण के ख़िलाफ़ खड़ी हुईं। तब उनका भी बहुत लोगों ने यह कह कर मजाक उड़ाया था कि इतनी पहलवान बनती हैं, इनको कौन प्रताड़ित कर लेगा और इनको प्रताड़ित होता देख एक तबके को सबसे ज़्यादा मज़ा आया।

यह बात सच है कि कमज़ोर लड़कियां narcissistic abuse की आसान शिकार रहीं, लेकिन एब्यूज करने वालों ने सबसे ज्यादा pleasure मजबूत लड़कियों को बेइंतहा तकलीफ़ देकर पाया।

-फेसबुक वाल से



### सामयिकी

## सरल कर्ज के मायाजाल में जकड़ रहे हैं लोग

आज देश में 'सरल कर्ज' की नीति को विकास और आर्थिक समावेशन के नाम पर तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। बैंक, माइक्रो-फाइनेंस संस्थान और डिजिटल लोन ऐप्स मिनटों में कर्ज देने का दावा कर रहे हैं। 'अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें', 'शून्य ब्याज EMI', 'बिना दस्तावेज़ लोन' जैसी योजनाएं आम लोगों को आकर्षित कर रही हैं, लेकिन इस आसान कर्ज की संस्कृति कहीं देश को आर्थिक रूप से कमजोर करने की दिशा में तो नहीं ले जा रही— यह सवाल अब गंभीर बहस का विषय बनता जा रहा है।

पहले कर्ज एक जिम्मेदारी माना जाता था। व्यक्ति कर्ज लेने से पहले कई बार सोचता था और केवल आवश्यकता होने पर ही ऋण लेता था, लेकिन अब कर्ज को जीवनशैली का हिस्सा बना दिया गया है। मोबाइल फोन, कार, फर्नीचर, पर्यटन, शादी-समारोह, हर चीज के लिए कर्ज आसानी से उपलब्ध है। परिणामस्वरूप लोगों की आय का बड़ा हिस्सा ईएमआई में चला जाता है और बचत की प्रवृत्ति कमजोर होती जा रही है। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरनाक है। जब बड़ी संख्या में लोग कर्ज चुकाने में असमर्थ होते हैं, तो बैंकों का एनपीए (Non-Performing Assets) बढ़ता है। इससे बैंकिंग प्रणाली पर दबाव बढ़ता है और अंततः सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ता है। यह बोझ अंततः करदाताओं पर ही पड़ता है। इस प्रकार आसान कर्ज का भार पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।



आकाश सपेलकर
वकील, सुप्रीम कोर्ट

सरकारें भी लोकप्रियता हासिल करने के लिए समय-समय पर कर्ज माफी योजनाएं और आसान ऋण वितरण योजनाएं लागू करती हैं। अल्पकालिक दृष्टि से यह कदम राहत देने वाले प्रतीत होते हैं, लेकिन दीर्घकाल में यह वित्तीय अनुशासन को कमजोर करते हैं। इससे कर्ज लौटाने की जिम्मेदारी की भावना कम होती है और आर्थिक व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

सरल कर्ज का सबसे घातक रूप घरेलू स्तर पर दिखता है। सरकारी योजनाओं, जैसे- पीएम किसान सम्मान निधि या मुद्रा लोन के नाम पर किसानों और छोटे व्यापारियों को आसानी से ऋण मिलता है, लेकिन बिना वित्तीय साक्षरता के ये कर्ज डूब जाते हैं। नेशनल सैंपल सर्वे के अनुसार, 40% से अधिक किसान कर्ज के जाल में फंसे हैं, जो आत्महत्याओं का कारण बन रहा है। सरल कर्ज विकास का वरदान लगता है, लेकिन वास्तव में यह निर्भरता का जाल बुनता है, जिसमें ब्याज चक्रवृद्धि होकर परिवार को बर्बाद कर देता है। क्या यह सुनियोजित है? कुछ अर्थशास्त्री इसे 'ऋण जाल' (Debt Trap Diplomacy) कहते हैं। चीन का बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव अफ्रीका और एशिया में कई देशों को इसी तरह फंसाकर बंदरगाह हड़प चुका है। भारत में भी बड़े विदेशी निवेशक सरल कर्ज देकर संपत्ति पर कब्जा जमाने को उत्सुक हैं। अगर समय रहते नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ियां कर्ज के बोझ तले दबी रहेंगी। टैक्स बढ़ेंगे, सब्सिडी कटेंगी और विकास रुक जाएगा।

डिजिटल लोन ऐप्स ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। कई ऐप्स अत्यधिक ब्याज दरों पर कर्ज देते हैं और भुगतान में देरी होने पर मानसिक दबाव और धमकियों का सहारा लेते हैं। इससे आम नागरिक आर्थिक संकट के साथ-साथ मानसिक तनाव का भी देश का युवा अक्सर अपनी अनावश्यक आवश्कता के लिए सरल माध्यम से कर्ज लेता है और निजी संस्थान के लालच पर आकर फंसता जाता है। वैश्विक सत्तर पर भी देखा गया है कि लोगों ने आत्महत्या की, जिसका मुख्य कारण बैंको द्वारा कर्ज था। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# रंगोली

गोला गोकर्णनाथ की पावन धरती पर जब चैत्र की मंद बयार बहती है, तो वातावरण में भक्ति, उल्लास और लोकजीवन की मधुर गूंज एक साथ सुनाई देने लगती है। गोकर्णनाथ महादेव मंदिर की घंटियों की अनुगूंज के बीच सजी यह नगरी मानो समय के किसी प्राचीन अध्याय में प्रवेश कर जाती है, जहां हर कदम पर आस्था की छाप और हर चेहरे पर उत्सव की आभा झलकती है।

*– विकास शुक्ल*
*लखीमपुर खीरी*



# आस्था, परंपरा का अद्भुत संगम चैती मेला

इसी पावन भूमि पर सदियों से सजी आ रही है चैती मेले की वह परंपरा, जिसने समय के साथ न केवल अपनी पहचान बनाई, बल्कि लोकसंस्कृति के संरक्षण का एक जीवंत माध्यम भी बन गई। वर्ष 2026 में यह मेला अपने 121 वें वर्ष में प्रवेश करते हुए इतिहास और वर्तमान के अद्भुत संगम का साक्षी बन रहा है। यह मेला केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भावनाओं, रंगों और रचनात्मकता का विशाल उत्सव है। यहां जब लोकगायक अपनी स्वर लहरियों में गांव की मिट्टी की महक घोलते हैं, तो श्रोता अनायास ही उस सांस्कृतिक विरासत में डूब जाते हैं। काव्य गोष्ठियों में शब्दों की सरिता बहती है, तो नाट्य मंचन और नृत्य प्रस्तुतियां जीवन के विविध रंगों को साकार करती हैं।

मेले की गलियों में चलते हुए ऐसा प्रतीत होता है मानो हर दुकान, हर झूला, हर स्वर किसी कहानी का हिस्सा हो। एक ऐसी कहानी, जो पीढ़ियों से कही-सुनी जाती रही है। लकड़ी से बनी वस्तुएं, क्राकरी, हस्तशिल्प की निपुणता और सोफ्टी का स्वाद इस मेले को केवल व्यापार का नहीं, बल्कि जीवन के उत्सव का केंद्र बना देती है। भीड़ का बढ़ता सैलाब यह बताता है कि बदलते समय के बावजूद इस मेले की आत्मा आज भी वैसी ही है, अडिग, जीवंत और आत्मीय। यहां आने वाला हर व्यक्ति केवल दर्शक नहीं रहता, बल्कि इस परंपरा का एक हिस्सा बन जाता है। बहरहाल, गोकर्णनाथ का चैती मेला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समय की धारा में बहती वह सांस्कृतिक कविता है, जो हर वर्ष नए भाव, नए रंग और नई ऊर्जा के साथ जनमानस को जोड़ती है और यही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है।



## सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय प्रतिभाओं को मिलता है मौका

नगर पालिका परिषद के सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय प्रतिभाओं को मौका मिलता है। यहां लोक कला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भरमार रहती है। काव्य गोष्ठियां, लोक गायन, नृत्य, नाट्य मंचन, शायरी और स्कूली बच्चों के कार्यक्रम इस मेले को जीवंत बना देते हैं। यह मंच स्थानीय और क्षेत्रीय प्रतिभाओं को अपनी कला दिखाने का सुनहरा अवसर देता है।

## पहली बार पर्यटन विभाग से मिले 40 लाख रुपये

नगर पालिका परिषद का ऐतिहासिक चैती मेला करीब 121 साल पुरानी परंपरा है, लेकिन पहली बार पर्यटन विभाग ने 40 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह राशि जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद लखीमपुर खीरी को जारी होने से मेले की व्यवस्थाएं अब और अधिक व्यवस्थित, आकर्षक और दर्शनीय हो गई हैं। इस धनराशि के पारदर्शी उपयोग के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एक समिति गठित कर दी है, जिसकी कमान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह को अध्यक्ष के रूप में सौंपी गई है। समिति में वरिष्ठ कोषाधिकारी, एसडीएम गोला, पीडी-डीआरडीए, पर्यटन अधिकारी और ईओ गोला को सदस्य बनाया गया है।



## इतिहास की पगडंडियों पर चैती मेला

- प्राचीन अभिलेखों में इसका उल्लेख 1905 से पूर्व भी एक पारंपरिक मेले के रूप में मिलता है।
- वर्ष 1905 में ब्रिटिश शासन के दौरान इसे औपचारिक स्वरूप मिला और नियमबद्ध आयोजन शुरू हुआ।
- 1877 में यहां लगभग एक लाख लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई थी।
- 1905 तक यह संख्या बढ़कर डेढ़ लाख के आसपास पहुंच गई।
- वर्ष 1936 तक इसका संचालन नगर समिति के अधीन रहा।
- 1945 में नगर पालिका परिषद के गठन के बाद से यह मेला उसी के संरक्षण में निरंतर आयोजित हो रहा है।
- वर्तमान में हर वर्ष दो से ढाई लाख श्रद्धालु इस मेले में सम्मिलित होते हैं।



## शिव मंदिर कॉरिडोर से बढ़ेगा मेले का आकर्षण

चैती मेला की परंपरा के पीछे गहरी आस्था जुड़ी हुई है। होली के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां पूर्णागिरि के दर्शन के लिए जाते हैं और वहां से लौटकर छोटी काशी में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। इसी धार्मिक परंपरा के चलते हर वर्ष श्रद्धालु मां पूर्णागिरि से लौटकर यहां पहुंचते हैं, शिव मंदिर में जल चढ़ाते हैं और फिर मेले का आनंद लेते हैं। यही कारण है कि सावन मेले के बाद चैती मेले का भी विशेष महत्व माना जाता है। इस बीच पौराणिक शिव मंदिर कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से जारी है, जो मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल है। कॉरिडोर के तहत मंदिर के परिक्रमा मार्ग का निर्माण 108 स्तंभों पर किया जा रहा है। इसके पूर्ण होने पर मुख्य मंदिर के साथ ही कुल 11 मंदिरों का निर्माण भी कराया जाएगा। स्थानीय जानकारों का मानना है कि कॉरिडोर निर्माण पूरा होने के बाद सावन और चैती मेले में श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि होगी, जिससे धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

> चैती मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत और आस्था का जीवंत प्रतीक है। यह मेला न केवल श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि क्षेत्र की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक गतिविधियों को भी नई ऊर्जा प्रदान करता है। नगर पालिका परिषद द्वारा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। हमारा प्रयास है कि हर आगंतुक को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुखद अनुभव मिले। सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और इस पावन आयोजन को सफल बनाएं।
>
> **–विजय शुक्ल रिंकू**, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोला



## आर्ट गैलरी

# जैक्सन पोलॉक की नंबर 26



'नंबर 26' जैक्सन पोलॉक द्वारा 1949 में बनाई गई एक महत्वपूर्ण कलाकृति है, जो एक्शन पेंटिंग नामक कला आंदोलन के अंतर्गत आती है, जो अमूर्त कला की व्यापक शैली का एक हिस्सा है। यह कृति पोलॉक की कैनवास पर अपनाई गई नवीन तकनीक और ऊर्जावान दृष्टिकोण का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो उनकी कलात्मकता की एक विशिष्ट विशेषता है और जिसने अमूर्त अभिव्यक्तिवादी आंदोलन में योगदान दिया। 'नंबर 26' का अवलोकन करने पर, कैनवास पर फैले ऊर्जावान छींटों, बूंदों और लूपों से युक्त गतिशील रचना दिखाई देती है। कलाकृति में मुख्य रूप से एकरंगीय कलर का प्रयोग किया गया है, जिन्हें पीले, लाल और नारंगी रंगों के रणनीतिक विस्फोटों से उभारा गया है।



### जैक्सन के बारे में

जैक्सन पॉलॉक अमूर्त अभिव्यक्तिवादी आंदोलन के एक प्रभावशाली कलाकार थे। उनका जन्म व्योमिंग में हुआ, लेकिन उनका पालन-पोषण मुख्य रूप से एरिज़ोना और कैलिफ़ोर्निया में हुआ। अपने शुरुआती बीस के दशक में, वे न्यूयॉर्क शहर चले गए, जहां उन्होंने थॉमस हार्ट बेंटन के मार्गदर्शन में आर्ट स्टूडेंट्स लीग में अध्ययन किया। इस दौरान, उन्होंने डब्ल्यूपीए फेडरल आर्ट प्रोजेक्ट के लिए भी काम किया, जिसने महामंदी के दौरान कलाकारों को रोजगार प्रदान किया। डेविड अल्फ़ारो सिकीरोस जैसे मैक्सिकन भित्ति चित्रकारों के साथ-साथ जोन मिरो और पाब्लो पिकासो जैसे यूरोपीय अतियथार्थवादियों से प्रभावित होकर, पॉलॉक ने अपनी विशिष्ट ड्रिप शैली विकसित करने से पहले विभिन्न तकनीकों के साथ प्रयोग करना शुरू किया। इस तकनीक में, जमीन पर बिछे कैनवास पर पेंट टपकाते या उंडेलते हुए, उसके चारों ओर घूमते हुए, बिना किसी पूर्व निर्धारित योजना या रचना के जटिल पैटर्न बनाए जाते थे।

# भिटौली: पहाड़ की बेटियों तक पहुंचता मायके का स्नेह

उत्तराखंड की वादियों में जब चैत्र का महीना दस्तक देता है, तो सिर्फ मौसम ही नहीं बदलता, रिश्तों की मिठास भी एक बार फिर ताजा हो जाती है। उत्तराखंड की इसी मिट्टी से निकली एक परंपरा है भिटौली। एक ऐसा पर्व, जिसमें मायका अपनी विवाहित बेटी तक सिर्फ उपहार नहीं, बल्कि अपना स्नेह, अपनापन और यादें भेजता है। *– रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा*

## अनोखी परंपरा



दरअसल, भिटौली कोई औपचारिक परंपरा नहीं, बल्कि भावनाओं का उत्सव है। वह हर साल चैत्र महीने में मनाया जाता है, जो पूरे 30 दिनों का होता है। इसी दौरान माता-पिता और भाई अपनी विवाहित बेटी या बहन के लिए वस्त्र, पकवान और उपहार लेकर उसके ससुराल जाते हैं। यह यात्रा सिर्फ दूरी तय करने की नहीं होती यह उस रिश्ते को फिर से जीने की कोशिश होती है, जो शादी के बाद दूरियों में बंध जाता है। भिटौली की परंपरा की जड़ें उस समय में हैं जब संचार के साधन बेहद सीमित थे। पहाड़ों में बसी बेटियों के ससुराल कई कोस दूर हुआ करते थे। साल भर में मुलाकात भी मुश्किल होती थी। ऐसे में बुजुर्गों ने एक रास्ता निकाला भिटौली। एक ऐसा अवसर, जब परिवार अपनी विवाहित बेटी से मिलने उसके ससुराल जा सके, उसका हालचाल जान सके और उसे यह एहसास दिला सके कि मायका आज भी उतना ही करीब है।

### भिटौली की खास पहचान 'साई'

भिटौली की सबसे खास पहचान है साई। यह एक पारंपरिक पकवान है, जिसे चावल को पीसकर, भूनकर और उसमें मिठास मिलाकर तैयार किया जाता है। जब यह साई और अन्य मिष्ठान विवाहित बेटी के हाथों में पहुंचते हैं, तो वह सिर्फ स्वाद नहीं होता वह मायके की यादों का स्वाद होता है। बेटी भी इस खुशी को अपने तक सीमित नहीं रखती। वह अपने ससुराल और आस-पड़ोस में यह कहकर मिठाई बांटती है भिटौली मायके से आई है। इसी एक वाक्य में दीया होता है उसका गर्व, उसका अपनापन।

### इंटरनेट ने दूरी को किया खत्म

आज भले ही दिन में कई बार फोन पर हालचाल पूछ लिया जाता हो, वीडियो कॉल से चेहरे देख लिए जाते हों, लेकिन भिटौली की अहमियत कम नहीं हुई है क्योंकि कुछ रिश्ते सिर्फ बातों से नहीं, मिलने से, साथ बैठने से और अपने हाथों से मिठास बांटने से मजबूत होते हैं। भिटौली आज भी उसी सादगी और प्रेम के साथ मनाई जा रही है और शायद यही वजह है कि यह परंपरा आने वाले समय में भी यूं ही जीवित रहेगी। कुल मिलाकर भिटौली सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि यह याद दिलाने का तरीका है कि दूरी चाहे जितनी भी हो जाए मायका हमेशा दिल के सबसे करीब रहता हैं।

# गुरु-शिष्य परंपरा और कलागुरु बीरेश्वर भट्टाचार्य



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक



गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय शिक्षा-संस्कृति की आधारशिला रही है, जिसका प्रभाव कला-शिक्षा में विशेष रूप से दृष्टिगोचर होता है। प्राचीन भारत में ज्ञान का संप्रेषण मुख्यतः व्यक्तिगत संबंधों पर आधारित था, जहां गुरु केवल तकनीकी दक्षता ही नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टि, संवेदना और नैतिकता भी अपने शिष्यों को प्रदान करते थे। चित्रकला, मूर्तिकला और शिल्प की परंपराएं प्रायः पारिवारिक या कार्यशाला-आधारित ढांचों में पीढ़ी-दर-पीढ़ी विकसित होती रहीं। उपलब्ध ऐतिहासिक साक्ष्य चाहे वे अजंता-एलोरा की गुफाएं हों या मध्यकालीन पांडुलिपि-चित्रण यह स्पष्ट करते हैं कि कला का ज्ञान किसी औपचारिक पाठ्यक्रम से अधिक गुरु के सान्निध्य में अर्जित होता था।

यूरोप में मध्यकाल और पुनर्जागरण काल तक कला-शिक्षा का स्वरूप कुछ इसी प्रकार का था, जहां शिल्प-गिल्ड और उस्ताद-शागिर्द परंपरा प्रचलित थी। किंतु 18 वीं सदी के उत्तरार्ध में ब्रिटेन में रॉयल अकादमी ऑफ आर्ट्स जैसी संस्थाओं की स्थापना के साथ औपचारिक कला-शिक्षा का विकास हुआ। इसी मॉडल का प्रभाव ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में भारत पर पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप मद्रास, कोलकाता, मुंबई और लाहौर जैसे केंद्रों में कला विद्यालय स्थापित हुए। इन संस्थानों ने अकादमिक यथार्थवाद, परिप्रेक्ष्य और यूरोपीय तकनीकों को भारतीय कला-शिक्षा में स्थान दिया।

हालांकि 20 वीं सदी के प्रारंभ में भारतीय कला-जगत में एक वैचारिक पुनर्जागरण देखने को मिला, जिसका नेतृत्व अबनीन्द्रनाथ टैगोर ने किया। उन्होंने औपनिवेशिक अकादमिक शैली के विरुद्ध भारतीय परंपराओं, लघुचित्रों और पूर्वी एशियाई प्रभावों को आधार बनाकर 'बंगाल स्कूल' की स्थापना की। उनके शिष्य नंदलाल बोस ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया और विश्व भारती विश्वविद्यालय के कला भवन में गुरु-शिष्य संबंध को एक जीवंत शैक्षिक मॉडल के रूप में विकसित किया। यहां शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं थी, बल्कि प्रकृति, लोकजीवन और अनुभव के साथ एक समग्र संवाद थी।

इसी परंपरा में रामकिंकर बैज, शंखो चौधरी, के. जी. सुब्रमण्यम और गुलाम मोहम्मद शेख जैसे कलाकारों ने न केवल अपनी विशिष्ट कलाभाषा विकसित की, बल्कि एक शिक्षक के रूप में भी पीढ़ियों को प्रभावित किया। इनकी शिक्षण पद्धति में संवाद, प्रयोग और आलोचनात्मक चिंतन को प्रमुख स्थान मिला, जो पारंपरिक गुरु–शिष्य संबंध का आधुनिक रूप था। उत्तर भारत में भी अनेक शिक्षकों जैसे रणबीर सिंह बिष्ट, जय कृष्ण अग्रवाल और के. एस. कुलकर्णी ने अपने संस्थानों में इस परंपरा को जीवित रखा। उनके विद्यार्थियों के साथ आजीवन संबंध, मार्गदर्शन और व्यक्तिगत हस्तक्षेप इस बात का प्रमाण हैं कि कला-शिक्षा केवल पाठ्यक्रम का विषय नहीं, बल्कि एक सतत संवाद है। वर्तमान समय में यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन द्वारा लागू किए गए शैक्षिक सुधार -जैसे सेमेस्टर प्रणाली, क्रेडिट-आधारित पाठ्यक्रम और अंतर्विषयी अध्ययन ने कला-शिक्षा को अधिक संरचित और व्यापक बनाया है। फिर भी, इन औपचारिक ढांचों के भीतर गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व कम नहीं हुआ है। कला के क्षेत्र में तकनीकी दक्षता के साथ-साथ संवेदनात्मक परिपक्वता, दृष्टि और मौलिकता का विकास आज भी व्यक्तिगत मार्गदर्शन और संवाद पर निर्भर करता है। स्पष्ट है कि भारतीय कला-शिक्षा में संस्थागत विकास के बावजूद गुरु-शिष्य परंपरा एक जीवित और सक्रिय तत्व के रूप में मौजूद है। यह परंपरा केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की कला-चेतना को आकार देने वाली एक सतत प्रक्रिया है। जहां अन्य विषयों में शिक्षक-छात्र संबंध संस्थान तक सीमित रह जाता है, वहीं कला, संगीत और नृत्य में यह संबंध जीवनपर्यंत बना रहता है।

ऐसे ही एक विरल उदाहरण थे कलागुरु बीरेश्वर भट्टाचार्य। 22 मार्च 2026 को उनके निधन का समाचार न केवल उनके शिष्यों, बल्कि पूरे कला-जगत के लिए अपूर्णीय क्षति के रूप में सामने आया। यह और भी मार्मिक है कि उनके सम्मान में आयोजित समारोह तथा उन पर केंद्रित मोनोग्राफ और पुस्तक के विमोचन की तैयारियां कला एवं शिल्प महाविद्यालय, पटना और पटना म्यूजियम के सौजन्य से 23 और 24 मार्च को होने वाली थीं। देश-विभाजन की पृष्ठभूमि में 1950 में सपरिवार ढाका से पटना आए इस किशोर ने 1952 में राजकीय कला एवं शिल्प विद्यालय, पटना में प्रवेश लिया। आगे चलकर यही विद्यार्थी बिहार ही नहीं, बल्कि भारतीय समकालीन कला इतिहास का एक महत्वपूर्ण हस्ताक्षर बना। वर्ष 1957 से 1993 तक के अपने दीर्घ अध्यापन काल में उन्होंने अपने छात्रों में आधुनिक और समकालीन कला के प्रति जो अभिरुचि जगाई, उसने उन्हें मात्र शिक्षक नहीं, बल्कि 'कलागुरु' के रूप में प्रतिष्ठित किया।

बीरेश्वर भट्टाचार्य का जीवन संघर्ष, संवेदना और सृजन की एक सशक्त यात्रा रहा। उनकी कला में मानवीय त्रासदी, सामाजिक असमानताओं और हिंसा के विरुद्ध गहरी संवेदनशीलता स्पष्ट दिखाई देती है। उन्होंने चित्रकला को केवल सौंदर्यबोध का माध्यम नहीं रहने दिया, बल्कि उसे सामाजिक यथार्थ के प्रति सजग हस्तक्षेप की भाषा में रूपांतरित किया। एक शिक्षक के रूप में उनका योगदान अत्यंत महत्त्वपूर्ण रहा, उन्होंने अनेक पीढ़ियों के कलाकारों को न केवल तकनीकी दक्षता प्रदान की, बल्कि उन्हें वैचारिक रूप से भी समृद्ध किया। उनके शिष्यों की उपलब्धियां उनके शिक्षकीय व्यक्तित्व का प्रमाण हैं। उनकी कृतियां और उनके द्वारा निर्मित शिष्य-परंपरा आज भी भारतीय समकालीन कला में जीवंत रूप से उपस्थित है। इस महान कलागुरु पर केंद्रित मोनोग्राफ और पुस्तक के प्रकाशन के लिए कला-जगत रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी एवं विश्वरंग का आभारी रहेगा। अंततः बीरेश्वर भट्टाचार्य का जीवन और उनकी कला हमें यह सिखाती है कि गुरु-शिष्य परंपरा केवल शिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि संवेदना, विचार और सृजन की वह सतत धारा है, जो पीढ़ियों को जोड़ती हुई आगे बढ़ती रहती है। विनम्र श्रद्धांजलि।

### अमेरिकी श्रम मंत्रालय की सीआईओ बनीं मंगला

**ह्यूस्टन, एजेंसी।** भारतीय मूल की प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ मंगला कुप्पा को अमेरिका के श्रम मंत्रालय का मुख्य सूचना अधिकारी (सीआईओ) नियुक्त किया गया है। वह पिछले वर्ष अक्टूबर से कार्यवाहक के रूप में यह जिम्मेदारी संभाल रही थीं और अब औपचारिक रूप से उनकी नियुक्ति कर दी गई है।

अमृत विचार

हल्द्वानी, बुधवार ,1 अप्रैल 2026

www.amritvichar.com

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** –तुलसी 2685, राज श्री 2050, फ़ॉर्चून कि. 2780, रविन्द्रा 2670, फॉर्चुन 13kg 2440, जय जवान 2215, सचिन 2350, सूरज 2215, अवसर 2145, उजाला 2200, गृहणी 13 kg 2175, क्लासिक (kg) 2560, मोर 2420, चक्र टिन 2655, ब्लू 2425, आशीर्वाद मस्टर्ड 2530, स्वास्तिक 2640
**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि०) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150
**चावल**–( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200
**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800
**चीनी**–पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4260, रोज़ा 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**– सोना पक्के आभूषण 149500, सोना गिन्नी 145500, चांदी ( पक्की) 2340 (अनुमानित )

## हल्द्वानी मंडी

**दाम प्रति क्विंटल में**–
**चावल :** शरबती– 3800 मसूरी– 1000 बासमती– 7400–7600 परमल– 1200–3400
**दाल दलहन**–काला चना– 2200–3000 साबुत चना दाल– 1200 मूंग साबुत– 5200 राजमा– 7800–12400 दाल उड़द– 5200 साबुत मसूर दाल– 2000 मसूर दाल– 1200 उड़द साबुत– 10500 काबुली चना– 5200–10200 अरहर दाल– 10400 –12000 लोबिया/करमानी– 1600–3000

# निवेशकों को 51 लाख करोड़ रुपये का नुकसान, सेंसेक्स 11 प्रतिशत टूटा

## पश्चिम एशिया युद्ध के बाद हुई हानि के चलते इंवेस्टर्स में तेजी से बढ़ी जोखिम से बचने की प्रवृत्ति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद से शेयर बाजार में निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। इस दौरान मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 11 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक बाजारों पर युद्ध के व्यापक प्रभाव के कारण निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बाजार से पूंजी निकासी से भी झटका लगा है।

पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से संघर्ष शुरू होने के बाद से बीएसई सेंसेक्स 9,339.64 अंक यानी 11.48 प्रतिशत लुढ़क गया है। शेयर बाजार में आई इस भारी गिरावट के चलते, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस दौरान 51,09,498.82 करोड़ घटकर 4,12,41,172.45 करोड़ रुपये (4,360 अरब डॉलर) पर रहा।

बजाज ब्रोकिंग के एसोसिएट उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) पी मुखर्जी ने कहा कि संघर्ष शुरू होने



के बाद के चार सप्ताह में जोखिम से बचने की तेज प्रवृत्ति देखी गयी है।

इस दौरान, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी ने बाजार में गिरावट के पीछे प्रमुख भूमिका निभाई है। इससे लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। मुखर्जी ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने वैश्विक अनिश्चितता और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया है।

शेयर बाजार सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को वित्त वर्ष 2025-26 के अंतिम कारोबारी सत्र में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए।

### बुनियादी कारणों से नहीं आई बाजार में नरमी

एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि मौजूदा नरमी का कारण दुनिया में बढ़ी अनिश्चितता है, न कि बुनियादी कारण। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, पश्चिम एशिया में संघर्ष और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने जोखिम से बचने का माहौल बना दिया है। बीएसई सेंसेक्स अबतक के सबसे उच्चतम स्तर 86,159 .02 अंक से 14,211 .47 अंक यानी 16 .49 प्रतिशत नीचे आ गया है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4 .15 प्रतिशत बढ़कर 117 .46 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

### एफपीआई ने मार्च में की रिकॉर्ड 1.27 लाख करोड़ की बिकवाली

**मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संकट और रुपये में जारी तेज गिरावट के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में भारतीय पूंजी बाजार में करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की। शुद्ध बिकवाली उनके द्वारा लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है।

केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा कंपनी सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने मार्च में पूंजी बाजार से कुल 1,26,991 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की जो अपने-आप में रिकॉर्ड है। कोरोना काल में मार्च 2020 के बाद यह पहला मौका है जब एफपीआई ने भारतीय पूंजी बाजार से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध निकासी की है। इससे पहले, फरवरी में एफपीआई ने पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से 37,847 करोड़ रुपये लगाये थे जबकि जनवरी में वे बिकवाल रहे थे।

# ग्यारह महत्वपूर्ण रणनीतिक खनिज ब्लॉक की नीलामी रद्द

**नयी दिल्ली,एजेंसी**

सरकार ने छठे दौर में बिक्री के लिए रखे गए 11 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिज ब्लॉक की नीलामी निवेशकों की कमजोर प्रतिक्रिया और पात्र बोलीदाताओं की कमी के कारण रद्द कर दी है। यह घटनाक्रम वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के बीच महत्वपूर्ण खनिजों के घरेलू अन्वेषण और उत्पादन बढ़ाने के सरकार के प्रयासों को झटका माना जा रहा है।

खान मंत्रालय द्वारा जारी निरस्तीकरण सूचना में कहा गया कि पांच खनिज ब्लॉक की नीलामी इसलिए रद्द कर दी गई है, क्योंकि कोई बोली प्राप्त नहीं हुई। सूचना में यह भी कहा गया कि पांच अन्य खनिज ब्लॉक की नीलामी इसलिए रद्द की गई क्योंकि तकनीकी रूप से पात्र बोलीदाताओं की संख्या तीन से कम थी। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के बेकू रेयर मेटल ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया भी रद्द कर दी गई है। खान मंत्रालय ने पिछले वर्ष सितंबर में 13 राज्यों में फैले 23 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक के लिए नीलामी का छठा चरण शुरू किया था। इस नीलामी में 19 कम्पोजिट लाइसेंस (सीएल) ब्लॉक और चार खनन पट्टे (एमएल) वाले ब्लॉक शामिल थे। ये ब्लॉक आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़,



### इसलिए रद्द हुई नीलामी

- पांच खनिज ब्लाकों के लिए नहीं प्राप्त हुई कोई बोली
- पांच अन्य खनिज ब्लाकों के लिए बोली दाताओं की संख्या तीन से कम थी

झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में स्थित हैं। इन ब्लॉक में लिथियम, कोबाल्ट, दुर्लभ खनिज तत्व, नियोबियम, टैंटलम और वैनाडियम जैसे रणनीतिक खनिज पाए जाते हैं।

खान मंत्रालय के अनुसार, अब तक नीलामी के छह दौर पूरे हो चुके हैं जिनमें 46 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉक पहले ही बेचे जा चुके हैं। महत्वपूर्ण खनिज देश के आर्थिक विकास और खनिज सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक माने जाते हैं।

# आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर फार्म जारी

## व्यक्तिगत करदाताओं को आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**नयी दिल्ली,एजेंसी**

आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) के सभी फॉर्म अधिसूचित कर दिए हैं। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 की आय के लिए रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

आयकर विभाग ने मंगलवार को आईटीआर-2, 3, 5, 6 और 7 के साथ अद्यतन रिटर्न दाखिल करने के लिए आईटीआर-यू फॉर्म को भी अधिसूचित किया। इसके पहले आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म 30 मार्च को अधिसूचित किए गए थे। इन फॉर्म का इस्तेमाल छोटे और मध्यम करदाता करते हैं।




व्यक्तिगत करदाताओं और खातों का ऑडिट आवश्यक नहीं होने वाले करदाताओं के लिए रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

आईटीआर-1 (सहज) और आईटीआर-4 (सुगम) अपेक्षाकृत सरल फॉर्म हैं, जो बड़ी संख्या में छोटे और मध्यम करदाताओं के लिए हैं। सहज फॉर्म को ऐसे निवासी व्यक्ति भर सकते हैं जिनकी सालाना आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय वेतन, एक मकान, अन्य स्रोत (ब्याज) एवं 5,000 रुपये तक की कृषि आय से होती है। वहीं, सुगम फॉर्म ऐसे व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) और फर्म (एलएलपी को छोड़कर) के लिए है, जिनकी कुल वार्षिक आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय व्यवसाय या पेशे से होती है। आईटीआर-2 फॉर्म उन व्यक्तियों और एचयूएफ के लिए है जिनकी आय व्यवसाय या पेशे से नहीं होती, लेकिन पूंजीगत लाभ से आय होती है।

वहीं, आईटीआर-3 फॉर्म ऐसे व्यक्तियों और एचयूएफ के लिए है जिनकी आय स्वामित्व वाले व्यवसाय या पेशे से होती है। आईटीआर-5 फॉर्म को फर्म, सीमित देयता साझेदारी (एलएलपी) और सहकारी समितियां दाखिल करती हैं, जबकि आईटीआर-6 फॉर्म कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत कंपनियों के लिए है। आईटीआर-7 फॉर्म ट्रस्ट और परमार्थ संस्थाओं के लिए निर्धारित है।

### सेंट्रल बैंक को 296 करोड़ का आयकर मांग नोटिस

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसे वित्त वर्ष 2024–25 में कर के कम भुगतान को लेकर आयकर विभाग से 296 .08 करोड़ रुपये का 'कर मांग नोटिस' मिला है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बैंक ने बताया कि आयकर विभाग की आकलन इकाई ने 28 मार्च, 2026 को एक आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत बैंक को कर देनदारी के रूप में 296 .08 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया है। बैंक ने स्पष्ट किया कि वह निर्धारित दिशानिर्देशों के भीतर उचित मंच (जैसे अपीलीय अधिकरण) पर इस आदेश को चुनौती देने की प्रक्रिया में है।

### सौर परियोजनाओं से 168 मेगावाट वाणिज्यिक बिजली की आपूर्ति शुरू

**नयी दिल्ली।** एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लि. ने गुजरात के खावड़ा स्थित अपनी दो सौर परियोजनाओं से 168 .02 मेगावाट बिजली की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है। एनटीपीसी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लि. ने गुजरात के खावड़ा स्थित अपनी दो सौर परियोजनाओं से 168 .02 मेगावाट बिजली की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है।

# हेरफेर के आरोप में एलीटकॉन और उसके एमडी समेत 5 लोग बाजार से प्रतिबंधित

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कथित हेरफेर गतिविधियों एवं भ्रामक खुलासों के आरोप में एलीटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, उसके प्रवर्तक एवं प्रबंध निदेशक विपिन शर्मा और चार अन्य को प्रतिभूति बाजार में कारोबार करने से प्रतिबंधित कर दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को जारी अंतरिम एकपक्षीय आदेश में शर्मा और चार अन्य इकाइयों से लगभग 51.26 करोड़ रुपये की कथित अवैध कमाई जब्त करने का निर्देश दिया। इसके अलावा सेबी ने कहा कि वह इस मामले में विस्तृत जांच करेगा और फोरेंसिक लेखा परीक्षक नियुक्त करेगा।

यह कार्रवाई एलीटकॉन इंटरनेशनल के शेयर में कारोबार की जांच के बाद की गई। जांच में नियामक को प्रथम दृष्टया यह संकेत मिले कि कंपनी और उससे जुड़े लोगों ने परिचालन एवं वित्तीय स्थिति से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी छिपाकर निवेशकों को गुमराह किया




जबकि उसी दौरान ऊंची कीमतों पर शेयर बेचे जा रहे थे। सेबी ने आरोप लगाया कि कंपनी ने अपने वित्तीय एवं परिचालन स्थिति की भ्रामक तस्वीर पेश करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दबाई।

आदेश में कहा गया कि सकारात्मक खुलासे किए गए लेकिन माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े मामलों सहित कुछ प्रतिकूल घटनाक्रमों की जानकारी निवेशकों को पर्याप्त रूप से नहीं दी गई। सेबी ने अपने 82 पृष्ठ के आदेश में कहा-कंपनी के वित्तीय हालात और कामकाज के संबंध में बाहरी दुनिया के सामने केवल सकारात्मक तस्वीर पेश की जा रही थी। नियामक ने कहा कि ऐसे चयनात्मक खुलासों से बाजार में सकारात्मक माहौल बना और निवेशकों को शेयर खरीदने के लिए प्रेरित किया गया जबकि उसी समय प्रवर्तक एवं उनसे जुड़े पक्ष अपने शेयर बेच रहे थे।

सेबी के अनुसार प्रथम दृष्टया साक्ष्य से पता चलता है कि सकारात्मक बाजार धारणा बनाए रखने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण तथ्यों को दबाया गया जबकि नोटिस प्राप्त पक्ष अपनी हिस्सेदारी बेच रहे थे। नियामक ने कहा कि यह आचरण शेयर कीमत को कृत्रिम रूप से सहारा देने और निवेशकों की रुचि का लाभ उठाने की योजना की ओर संकेत करता है, जिससे बाजार में हेरफेर की आशंका उत्पन्न होती है। इसी के तहत सेबी ने छह इकाइयों को अगले आदेश तक प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रतिभूतियों की खरीद-फरोख्त से रोक दिया है। साथ ही संबंधित इकाइयों के बैंक और डीमैट खातों को जब्त की गई राशि की सीमा तक फ्रीज करने का भी निर्देश दिया गया है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



### असम और केरल में भाजपा ने जारी किये घोषणा पत्र

# असम : पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश और लव जिहाद पर कानून लाने का वादा

**गुवाहाटी, एजेंसी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने असम विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी किया। इसमें मूल निवासियों की जमीन, विरासत और सम्मान की सुरक्षा करने तथा बुनियादी ढांचा के लिए पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया गया है।

भाजपा के संकल्प पत्र में 31 वादे किये गए हैं, जिनमें बांग्लादेशियों द्वारा अतिक्रमण की गई जमीन की वापस लेना, समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करना, लव जिहाद और लैंड जिहाद से निपटने को कड़े कदम उठाने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना शामिल है। घोषणापत्र में असम के मूल निवासियों की जमीन, विरासत और गरिमा की हिफाजत का वादा किया गया है, जिसके लिए आप्रवासी (असम से निष्कासन) अधिनियम, 1950 को लागू कर अवैध प्रवासियों की पहचान और उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। समान




घोषणापत्र जारी करतीं केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन और असम के सीएम व अन्य।

नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर संविधान की छठी अनुसूची और जनजातीय क्षेत्रों को छोड़कर असम के लोगों की सभ्यता, विरासत और अधिकारों की रक्षा के लिए कानून को मजबूत करेगी, ताकि जातीय समुदायों के अधिकार सुनिश्चित किए जा सकें। मिशन वसुंधरा योजना के तहत अवैध प्रवासियों द्वारा किए गए हर इंच अतिक्रमण को हटाकर असम के सभी वास्तविक नागरिकों को भूमि अधिकार देने का वादा किया है।

### खास वायदे

- समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर असम के लोगों की सभ्यता, विरासत और अधिकारों की रक्षा के कानून को मजबूत किया जाएगा।
- मिशन वसुंधरा योजना के तहत अवैध प्रवासियों द्वारा किए गए हर इंच अतिक्रमण को हटाकरवास्तविक लोगों को भूमि अधिकार दिलाया जाएगा।
- लव जिहाद और लैंड जिहाद की समस्या को समाप्त करने के लिए प्रभावी कानून बनाएगी, साथ ही मुक्त करायी जाएगी सत्रों, नामघरों, देवालयों और अन्य पूजा स्थलों की अतिक्रमित जमीन।

# केरल: गरीबों को फ्री एलपीजी व आर्थिक सहायता का वादा

**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी**

भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया, जिसमें जरूरतमंद महिलाओं और 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को आर्थिक सहायता, गरीब परिवारों को हर साल दो मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, राज्य में एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) स्थापित करने और मंदिरों के संरक्षण का वादा किया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने यहां राजग के एक कार्यक्रम में यह घोषणा पत्र जारी किया।

घोषणा पत्र में, राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम को कन्नूर से जोड़ने वाले हाई-स्पीड रेलवे नेटवर्क, प्रत्येक परिवार के लिए 20,000 लीटर मुफ्त पानी और मुल्लापेरियार बांध के संबंध में तमिलनाडु के लिए पानी और केरल को सुरक्षा का भी वादा किया गया है। घोषणा पत्र जारी करने के बाद, अपने भाषण में नवीन ने दावा किया कि केरल में दशकों से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की सरकार रहने के परिणामस्वरूप राज्य में नगण्य औद्योगिक विकास, आर्थिक ठहराव और राजकोषीय कुप्रबंधन हुआ है।

### खास वायदे

- 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 3000 रुपये मासिक कल्याण पेंशन
- गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवार की प्रत्येक महिला को 2500 रुपये रिचार्ज वाला आरोग्य सुरक्षा कार्ड। इससे किराना वस्तुएं एवं दवाएं खरीदी जा सकेंगी।
- ओणम और क्रिसमस पर एक-एक मुफ्त एलपीजी सिलेंडर
- देवस्वओम बोर्ड का पुनर्गठन कर शबरिमा, गुरुवायूर और अन्य सभी पूजास्थलों का संरक्षण
- शबरिमला सोना चोरी मामले में समयबद्ध सीबीआई जांच के कराकर भ्रष्टाचार खात्मा करेंगे।

# तमिलनाडु: टीवीके प्रत्याशी पर यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के पूनमल्ली विधानसभा क्षेत्र से तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) उम्मीदवार प्रकाश उर्फ कुट्टी के खिलाफ मंगलवार को यौन उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पड़ोसी तिरुवल्लूर जिले की पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के बाद प्रकाश के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। पीड़िता भी टीवीके पार्टी की पदाधिकारी है। महिला का आरोप है कि यह घटना छह महीने पहले एक पार्टी समर्थक की शादी में हुई थी और उन्होंने कई बार प्रकाश से बात करने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने बात नहीं की।

# बंगाल: तृणमूल कांग्रेस और माकपा का एसआईआर के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन

**सिलीगुड़ी, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के खिलाफ राजनीतिक गतिविधि तथा विरोध-प्रदर्शनों ने जोर पकड़ लिया है और इसी क्रम में मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस ने अपने कानूनी विशेषज्ञों के पैनल के साथ मिलकर धरना-प्रदर्शन किया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने भी सोमवार को इसी तरह का विरोध-प्रदर्शन किया था। यह आंदोलन हालांकि अब केवल राजनीतिक मंचों तक ही सीमित नहीं रह गया है। सोमवार से इस क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले लोग सड़कों पर उतर आए हैं। उनका आरोप है कि असली मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गलत तरीके से हटा दिए गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों को जाम कर दिया और तत्काल सुधार की मांग की। उनका दावा है कि कई वैध मतदाताओं को उनके मताधिकार से वंचित कर दिया गया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की मौजूदगी के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि विरोध स्थलों पर उनकी शिकायतों को अनसुना कर दिया गया। अलीपुरद्वार के बीरपारा, सिलीगुड़ी उप-मंडल के फांसीदेवा और मालदा के मोथाबाड़ी से विरोध-प्रदर्शनों की रिपोर्टें हैं।

# पीएम मोदी चाहते हैं केरल में एलडीएफ चुनाव जीते: राहुल

**कन्नूर/कोझिकोड (केरल), एजेंसी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) विधानसभा चुनाव जीते। राहुल ने मंगलवार को कन्नूर एवं कोझिकोड में चुनावी रैलियों को संबोधित किया और आरोप दोहराया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) एलडीएफ और भाजपा की मिलीजुली ताकत से लड़ रहा है। कन्नूर में माकपा के दो पूर्व नेता कुन्हिकृष्णन और टीके गोविंदन भी मंच पर मौजूद थे। दोनों नेता यूडीएफ के समर्थन से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। यह लड़ाई माकपा के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे और यूडीएफ के बीच है। पहली बार, हम भाजपा और वाम मोर्चे के बीच साझेदारी देख रहे हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि जिसे आज वाम मोर्चा कहा जाता है वह अब वामपंथी या मध्यमार्गी गठबंधन नहीं है। उन्होंने कहा कि वास्तव में, वे भाजपा के साथ हैं क्योंकि वे कॉर्पोरेट पार्टियां हैं। वे अब आम लोगों की पार्टियां नहीं हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### हैती में गिरोह के हमले में मरने वालों की संख्या करीब 70 तक पहुंची

**मेक्सिको सिटी।** मध्य अमेरिकी देश हैती के आर्टिबोनिट क्षेत्र में एक गिरोह के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 70 तक पहुंचने का अनुमान है। रेडियो टेली गैलेक्सी ने आर्टिबोनिट के मेयर के हवाले से यह जानकारी दी। हैती की राष्ट्रीय पुलिस ने पहले सोशल मीडिया पर बताया था कि हमले में मरने वालों की प्रारंभिक संख्या 16 थी, जबकि अन्य 10 स्थानीय निवासी घायल हुए थे। मेयर ने जीन-डेनिस, नेग्रियल, पोंट-बेनोइट और डेगोर्डे जिलों के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और देश के अधिकारियों से स्थिति को स्थिर करने के लिए उपाय करने का आह्वान किया। हैती पुलिस के अनुसार, रविवार का हमला ग्रैन ग्रिफ गिरोह के सदस्यों ने किया था।

### चीन में सुरंग में विस्फोट से चार लोगों की मौत, नौ घायल

**बीजिंग।** दक्षिण-पश्चिम चीन के चोंगकिंग निकाय क्षेत्र में राजमार्ग के लिए बनाई जा रही एक सुरंग में विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। वानझोउ जिला परिवहन आयोग के अनुसार, यह विस्फोट सोमवार दोपहर हुबेई और सिचुआन प्रांत को जोड़ने के लिए बनाए जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग के एक हिस्से के निर्माण स्थल पर हुआ। शुरुआत में एक व्यक्ति के लापता और 12 अन्य के घायल होने की जानकारी दी गई। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक, सोमवार आधी रात तक बचाव दल ने लापता व्यक्ति का शव बरामद कर लिया, जबकि तीन घायलों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलते हैं कि विस्फोट ज्वलनशील गैस के कारण हुआ।

### पाकिस्तान में भारी बारिश से 11 लोगों की मौत, 49 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भारी वर्षा के कारण कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी है, जिनमें 10 बच्चे और एक महिला शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये हादसे बन्नू, उत्तरी वज़ीरिस्तान और कोहाट जिलों में हुईं, जहां भीषण वर्षा के कारण छतों के गिरने और कई घरों को आंशिक क्षति पहुंचने की खबरें हैं। वर्षाजनित हादसों में 49 लोग घायल भी हुए हैं। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार तक प्रांत के कई जिलों में रुक-रुक कर वर्षा होने का अनुमान जताया है। अधिकारियों ने लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने और उचित सुरक्षा सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# जरूरी नहीं हर मुद्दे पर पति से सहमत होऊं : उषा वेंस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की द्वितीय महिला उषा वेंस ने कहा है कि वह हर मुद्दे पर अपने पति से सहमत नहीं होतीं। उषा ने कहा कि ऐसा संभव नहीं है कि दोनों हर मुद्दे पर एक राय रखें।

उषा ने कहा कि वह खुद को अपने पति और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भरोसेमंद सलाहकार मानती हैं, खासकर तब जब वे किसी ऐसे मुद्दे पर निर्णय ले रहे हों जो व्यक्तिगत रूप से महत्वपूर्ण हो। पहली भारतीय-अमेरिकी द्वितीय महिला उषा ने एक साक्षात्कार में कहा कि वह और उनके पति हर मुद्दे पर एक जैसी राय नहीं रखते हैं, लेकिन असहमति बातचीत के लिए खुला अवसर देती है। उषा वेंस ने कहा, हमारे बीच हर समय बातचीत होती रहती है। उन्होंने कहा,



● अमेरिका की द्वितीय महिला ने कहा परेशान होते हैं तो सलाह लेते हैं जेडी

मैं वास्तव में यह समझना चाहती हूं कि उनकी दुनिया में क्या चल रहा है, वह किस चीज पर ध्यान दे रहे हैं, उन्हें क्या चिंताएं हैं। उषा ने बताया कि उपराष्ट्रपति उनके पास तभी सलाह लेने आते हैं, जब कोई चीज उन्हें परेशान कर रही होती है या जब वे किसी ऐसे मुद्दे पर बात करना चाहते हैं जो व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण महसूस होती है।

## भारत में अंगों का अवैध व्यापार

# किडनी की तस्करी

किडनी की चोरी और तस्करी भारत में एक गंभीर समस्या बन चुकी है। सरकार की ओर से इसे रोकने के लिए कई बार सख्त कदम उठाए गए हैं लेकिन इसके बावजूद यह अमानवीय धंधा रुकने या कम होने के बजाय और तेज होता जा रहा है। यह समस्या मुख्य रूप से अंगों की भारी मांग और आपूर्ति में कमी के कारण पैदा हुई है। एक-एक ट्रांसप्लांट में डॉक्टरों और अस्पतालों की भारी कमाई की वजह से इसे और बढ़ावा मिला है। किडनी के व्यापार के लिए दलालों और डॉक्टरों के कई रैकेट का भी खुलासा हुआ है। हालांकि, इसे रोकने के लिए कानूनों को काफी सख्त बना दिया गया है, लेकिन अंगों की मांग और गरीबी के बीच का असंतुलन इस अपराध को जीवित रखा है। सरकार अब कैडेवर डोनेशन यानी मृत शरीर से अंग दान को बढ़ावा दे रही है ताकि जीवित अंगों के अवैध व्यापार पर निर्भरता कम की जा सके।



### किडनी तस्करी की वर्तमान स्थिति

- भारत में किडनी तस्करी अब केवल चोरी यानी बिना बताए अंग निकाल लेने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गरीबों को लालच देकर अंग खरीदने का रूप ले चुकी है।
- हालिया रिपोर्टों के मुताबिक कई अंतरराष्ट्रीय, अंतरराज्यीय रैकेट सक्रिय हैं जो बिचौलियों के माध्यम से गरीबों को 5 से 10 लाख रुपये का लालच देकर फंसाते हैं।
- अपराधी अब पहचान छुपाने के लिए डार्क वेब और एन्क्रिप्टेड एप्स का इस्तेमाल कर रहे हैं, सीमित सरकारी संसाधनों के चलते उन्हें पकड़ना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

### सरकारी जांच और कार्रवाई

- हाल ही में तमिलनाडु सरकार ने एक एसआईटी रिपोर्ट मद्रास हाईकोर्ट को सौंपी है, जिसमें नमक्कल और तिरुचि के बड़े अस्पतालों की संलिप्तता पाई गई है। इसमें 12 लोगों को आरोपी बनाया गया है।
- भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को मानव तस्करी के उन मामलों की जांच का अधिकार दिया गया है जिनका संबंध अंतरराष्ट्रीय सीमाओं या अंतर-राज्यीय नेटवर्क से है।
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से हाल ही में कई बार अलग-अलग राज्यों को इस संबंध में नोटिस जारी किए हैं और रिपोर्ट मांगी हैं, इससे राज्यों के प्रशासन तस्करी रोकने का दबाव बना है।

**पाकिस्तान, मिस्र, चीन, फिलीपींस, ब्राजील और कोलंबिया ऐसे देश हैं जहां किडनी की सबसे ज्यादा तस्करी होती है। अमीर देशों के लोग लंबी वेटिंग लिस्ट से बचने के लिए यहां आते हैं।**

### चर्चित उदाहरण

- गुड़गांव का 2008 का किडनी कांड भारत का सबसे बड़ा स्कैंडल था। मास्टरमाइंड डॉ. अमित कुमार ने 600 अवैध ट्रांसप्लांट किए थे। वह गरीबों को नौकरी के बहाने बुलाकर उनकी किडनी निकाल लेता था।
- दिल्ली के प्रतिष्ठित अपोलो अस्पताल में वर्ष 2016 में भी एक बड़ा गिरोह पकड़ा गया था, जो फर्जी कागजात बनाकर किडनी ट्रांसप्लांट कराता था। इसमें डॉक्टरों के निजी सचिव और बिचौलिए शामिल थे।
- 90 के दशक और 2000 की शुरुआत में अमृतसर और चेन्नई में बड़े रैकेट पकड़े गए थे, जहां विदेशी मरीजों को अवैध रूप से किडनी बेची जाती थी। यह देश में किडनी तस्करी का पहला बड़ा मामला था।

### रोकने के लिए कदम

- सरकार ने मानव अंग और ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम को और अधिक कड़ा किया है।
- अवैध अंग व्यापार पर अब 10 साल तक जेल, 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।
- ट्रैकिंग के लिए ऑनलाइन केंद्रीकृत रजिस्ट्री हर दाता और प्राप्तकर्ता को आईडी देती है।
- अपराधियों को आसानी से सजा दिलाने के लिए मानव तस्करी की परिभाषा व्यापक की गई है।

# होर्मुज अगर एक महीना और बंद रहा तो 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचेगी तेल की कीमत

## अमेरिकी बैंक जेपी मॉर्गन के मुख्य अर्थशास्त्री ने किया आगाह, जूझेंगे ऊर्जा आपूर्ति पर निर्भर देश

**हूती ने कहा- बाब अल-मंडेब बंद होने के बाद 200 डॉलर हो जाएगी तेल की कीमत**

**वाशिंगटन/सना, एजेंसी**

अमेरिकी बैंक जेपी मॉर्गन के मुख्य अर्थशास्त्री ब्रूस कासमैन ने दावा किया है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य एक और महीने के लिए बंद रहा तो तेल की कीमतें आसमान छूने के साथ 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। ऐसी स्थिति में ऊर्जा आपूर्ति पर निर्भर औद्योगिक उपभोक्ताओं को भारी कमी से जूझना पड़ेगा।

हूती के नाम से जाने जाने वाले यमन के अंसार अल्लाह आंदोलन ने बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य को बंद करने की संभावना से इन्कार नहीं किया है। हूती सरकार में सूचना उपमंत्री मोहम्मद मंसूर ने कहा कि इसके बाद तेल की कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। मंसूर ने मीडिया से बातचीत के दौरान यमन के तट पर स्थित इस जलडमरूमध्य को बंद करने के सवाल पर कहा, इस पर निर्णय लिया जाना बाकी है। हम अपने ईरानी भाइयों के साथ एक साझा योजना पर चर्चा कर रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे दुश्मनों को यह स्पष्ट कर दिया जाए कि हम कभी आत्मसमर्पण नहीं करेंगे। यूरोप को भी यह समझना चाहिए कि यदि वह प्रतिरोध की धुरी का शत्रु बना रहता है तो हम तेल की कीमत 200 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ा देंगे जिससे उसकी अर्थव्यवस्था लड़खड़ा जाएगी।




जर्मनी के फ्रैंकफर्ट शहर में सोमवार को एक पेट्रोल पंप पर प्रदर्शित ईंधन की कीमतें।

### गेट्स ऑफ टीयर्स... खतरनाक समुद्री हालात के लिए जाना जाता है बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य

बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य अपने सबसे संकरे हिस्से में लगभग 30 किमी चौड़ा है। यह जलडमरूमध्य यमन और अफ्रीका के देशों इरिट्रिया तथा जिबूती के बीच स्थित है। अरबी में इसका अर्थ 'आंसुओं का द्वार' यानी 'गेट्स ऑफ टियर्स' है, जो इसके खतरनाक समुद्री हालात को दर्शाता है। यह जलडमरूमध्य और मिस्र की स्वेज नहर मिलकर भूमध्य सागर और हिंद महासागर के बीच सीधा समुद्री संपर्क स्थापित करते हैं। इसके कारण जहाजों को अफ्रीका के दक्षिणी सिरे का लंबा चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है।

**14% वैश्विक आपूर्ति**

वैश्विक समुद्री व्यापार का 14 प्रतिशत हिस्सा इस मार्ग से गुजरता है। आईए के अनुसार, 2025 में रोज करीब 42 लाख बैरल कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद इस मार्ग से गुजरे, जो वैश्विक उत्पादन का पांच प्रतिशत है।

### अमेरिका में गैस तीन साल में सबसे महंगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में गैस की औसत कीमत मंगलवार को बढ़कर चार डॉलर प्रति गैलन हो गई जो पिछले तीन वर्षों में देश में कीमतों में सबसे अधिक है। पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका में औसत उपभोक्ता के लिए गैस की कीमतों में 35 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है और जल्द इससे राहत मिलने की भी उम्मीद नजर नहीं आ रही क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य तथा कुछ देशों के जहाजों को छोड़कर सभी के लिए बंद है। इससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है क्योंकि यहां से दुनिया के तेल का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। अमेरिका में एक महीने पहले गैस की कीमत प्रति गैलन औसत दर 2.98 डॉलर थी।

### ईयू का ईंधन बिल 14.9 अरब डॉलर बढ़ा

**मॉस्को।** यूरैक्टिव ने एक गोपनीय राजनयिक दस्तावेज के हवाले से कहा है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण यूरोपीय संघ (ईयू) को ऊर्जा आयात के बिल में 13 अरब यूरो (14.9 अरब डॉलर) की अतिरिक्त लागत चुकानी पड़ी है। ऊर्जा मंत्रियों की मंगलवार को ऑनलाइन बैठक से पहले ब्रुसेल्स ने ईयू के देशों को भेजे दस्तावेज में कहा, 28 दिनों के संघर्ष ने संघ के जीवाश्म ईंधन आयात बिल में पहले ही 13 अरब यूरो जोड़ दिए हैं। दरअसल होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से अधिकांश देशों में ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं। यूरोपीय संघ के देशों में ऊर्जा की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है, जो इसके साथ ही रूसी गैस और तेल का आयात बंद करने की तैयारी भी कर रहे हैं।

### ट्रंप का ब्रिटेन पर तंज... जिन देशों के पास तेल की कमी, वे होर्मुज जाकर खुद ले लें

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि जो देश जेट ईंधन की कमी से जूझ रहे हैं उन्हें थोड़ी बहादुरी दिखाकर होर्मुज जाकर ईंधन लेना चाहिए। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक संदेश में कहा कि ऐसे देशों को पहले तो अमेरिका से कच्चा तेल खरीदना चाहिए, क्योंकि उसके पास पर्याप्त तेल है। इसके साथ इन देशों को थोड़ी बहादुरी दिखाकर होर्मुज जाना चाहिए क्योंकि अमेरिका अब उनकी मदद नहीं करेगा। ट्रंप ने लिखा, ब्रिटेन जैसे देश जिन्होंने ईरान को हराने में शामिल होने से मना कर दिया और जो देश होर्मुज बंद होने से जेट ईंधन हासिल नहीं कर पा रहे, उनके लिए उनके पास यही सुझाव है।

# अमेरिका को झटका, ब्राजील और तुर्किये ने डिजिटल सीमा शुल्क छूट पर लगाई रोक

**याओउंडे (कैमरून), एजेंसी**

विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन सोमवार को गतिरोध के साथ समाप्त हुआ। ब्राजील और तुर्किये ने इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर सीमा शुल्क से मिलने वाली छूट को 2030 के अंत तक बढ़ाने के अमेरिका समर्थित समझौते को रोक दिया। पिछले 28 वर्षों से मिली यह छूट देशों को डिजिटल वस्तुओं पर टैरिफ लगाने से रोकती है, जो वैश्विक ई-कॉमर्स का प्रमुख आधार है। इससे अमेरिकी कंपनियों को फायदा मिलता रहा है।

ब्राजील ने डब्ल्यूटीओ में व्यापक सुधारों का आह्वान किया और चेतावनी दी कि नियमों पर आधारित व्यापार प्रणाली अभूतपूर्व दबाव में है। विदेश मंत्री मौरो विएरा ने उन एकपक्षीय उपायों और व्यापार समझौतों की आलोचना की, जो ब्राजील के विचार में डब्ल्यूटीओ की कानूनी सुसंगतता को कमजोर करते हैं और निर्यातकों व विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए पूर्वानुमान की स्थिति को खतरे में डालते हैं। विएरा ने कहा, वर्तमान में महसूस की जा रही विखंडन की शक्तियों को दशकों के वार्ता गतिरोध ने और बढ़ा दिया है। उन्होंने कृषि और डिजिटल व्यापार तथा स्थिरता जैसे उभरते मुद्दों पर रुकी हुई चर्चाओं



● अमेरिकी कंपनियों को मिलता था इस छूट का सर्वाधिक फायदा

का हवाला दिया। उन्होंने डब्ल्यूटीओ की अपीलीय संस्था के पंगु होने का भी उल्लेख किया, जिससे सदस्यों के पास या तो अनसुलझे विवाद बचते हैं या उपायों और जवाबी उपायों का एक खतरनाक चक्र शुरू हो जाता है।

विएरा ने आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रतिबिंबित करने के लिए संरचनात्मक और व्यापक सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया, न कि 1994 के उस ढांचे की जिसके तहत डब्ल्यूटीओ बनाया गया था। उन्होंने कहा, ब्राजील जबरदस्ती के बजाय बातचीत को, शक्ति के बजाय नियमों को और विखंडन के बजाय बहुपक्षवाद को चुनता है। अमेरिका ने इस मोहलत को आगे बढ़ाने में विफलता पर निराशा व्यक्त की। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि और डब्ल्यूटीओ में राजदूत जेमीसन ग्रीर ने कहा, महीनों की तैयारी और जुड़ाव के बावजूद भविष्य के वैश्विक व्यापार नीति प्रयासों में डब्ल्यूटीओ केवल सीमित भूमिका ही निभा पाएगा।

## वायुसेना को मिलेंगे 1,950 करोड़ रुपये के दो माउंटेन रडार, बीईएल के साथ सौदा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय वायु सेना के लिए दो माउंटेन रडार (पहाड़ों पर लगने वाले रडार) और उनसे जुड़े बुनियादी ढांचे की खरीद के लिए सरकारी कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ 1,950 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

मंत्रालय ने कहा कि इन रडार को लगाने और चालू करने से देश की हवाई सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और राष्ट्रीय सुरक्षा मज़बूत होगी।

● रक्षा मंत्रालय ने कहा- मजबूत होगी देश की हवाई सुरक्षा

इसके साथ इस खरीद से विदेशी उपकरणों पर निर्भरता भी कम होगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायु सेना के लिए दो माउंटेन रडार, उनसे जुड़े उपकरणों और जरूरी बुनियादी ढांचे की खरीद के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ लगभग 1,950 करोड़ रुपये के एक बड़े अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। यह माउंटेन रडार डीआरडीओ के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड रडार विकास प्रतिष्ठान द्वारा देश में ही डिजाइन और विकसित किया गया है और इसका निर्माण बीईएल द्वारा किया जाएगा।

## केपी ओली और रमेश लेखक के बाद काठमांडू के पूर्व सीडीओ रिजाल भी गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में पिछले साल सितंबर में जेन जी आंदोलन के दमन में भूमिका के लिए काठमांडू के पूर्व मुख्य जिला अधिकारी (सीडीओ) छवि रिजाल को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। रिजाल उन उच्च अधिकारियों की सूची में शामिल हैं जिन्हें इस आंदोलन को दबाने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।

● जेन जी आंदोलन का दमन करने वाले अफसरों की सूची में था नाम

रिजाल को काठमांडू के सुबिधानगर स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और तत्कालीन गृह मंत्री रमेश लेखक के बाद गिरफ्तार किया गया है। जेन जी आंदोलन से जुड़े घटनाक्रम की जांच के लिए गठित आयोग ने ओली और लेखक समेत अन्य के खिलाफ आपराधिक मामले में कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की थी। इस बीच, ओली की हिरासत के खिलाफ प्रदर्शन जारी हैं।

## 'आर्टेमिस-2' के प्रक्षेपण की तैयारी पूरी, 53 साल बाद चंद्रमा मिशन के लिए नासा की उलटी गिनती हुई शुरू

**केप कैनवेरल।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 53 वर्षों में पहली बार मानवयुक्त चंद्र मिशन के प्रक्षेपण के लिए उलटी गिनती शुरू कर दी है। 'आर्टेमिस-2' मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर विशाल स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट बुधवार शाम प्रक्षेपण के लिए तैयार है।

**चार अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आज शाम प्रक्षेपित किया जाएगा 32 मंजिला ऊंचा रॉकेट**

लगभग 32 मंजिला ऊंचा यह रॉकेट अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में एक दिन बिताने के बाद ओरियन कैप्सूल के जरिए चंद्रमा की ओर लेकर जाएगा। यह मिशन चंद्रमा की कक्षा में उतरने के बजाय उसके चारों ओर घूमकर सीधे पृथ्वी की ओर लौटेगा। करीब 10 दिन की इस यात्रा का समापन प्रशांत महासागर में कैप्सूल के उतरने के साथ होगा। नासा के अधिकारियों के अनुसार, हालिया मरम्मत कार्यों के बाद रॉकेट पूरी तरह तैयार है और मौसम भी अनुकूल रहने की संभावना है। इससे पहले यह मिशन फरवरी में निर्धारित था, लेकिन हाइड्रोजन ईंधन रिसाव के कारण इसे टालना पड़ा। रिसाव ठीक करने के बाद हीलियम प्रेशर लाइन में रुकावट आ गई, जिसके बाद रॉकेट को पिछले महीने फिर मरम्मत के लिए ले जाना पड़ा। करीब डेढ़ सप्ताह पहले रॉकेट को दोबारा प्रक्षेपण स्थल पर लाया गया, जबकि अमेरिकी-कनाडाई दल शुक्रवार को यहां पहुंच चुका है।



## लक्षित वारदात, कनाडा के सरे में भारतीय मूल के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**ओटावा।** कनाडा के सरे में संगठित अपराध से जुड़े गोलीबारी के एक मामले में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की मौत हो गई है। घटना शनिवार रात सरे के सुलिवन हाइट्स इलाके के टाउनहाउस परिसर में हुई, जहां उसे गोली मार दी गई।

इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) ने बताया कि मृतक की पहचान 27 वर्षीय जसमन सेखों के रूप में हुई है। सेखों का पहले पुलिस के साथ संपर्क रहा था और उसके मादक पदार्थ के कारोबार से जुड़े होने की आशंका थी। शुरुआती संकेत बताते हैं कि यह संगठित अपराध से जुड़ी लक्षित वारदात थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सेखों का पहले एक काले रंग की एसयूवी ने पीछा किया, जिसके बाद उसमें सवार दो लोग बाहर निकले और उस पर गोलीबारी शुरू कर दी।

## सीबीआई ने दिल्ली नगर निगम के उपायुक्त को चार लाख घूस लेते हुए किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के उपायुक्त को चार लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई के मुताबिक लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक कुमार मिश्रा नाम का यह अधिकारी एमसीडी में शाहदरा उत्तर का उपायुक्त था।

अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई ने अभिषेक कुमार मिश्रा की ओर से रिश्वत की मांग किए जाने की सूचना मिलने के बाद गिरफ्तारी की कार्रवाई की। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से सोशल मीडिया पर साझा किए गए पोस्ट के मुताबिक, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, हम स्वच्छ और पारदर्शी शासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में अडिग हैं। दिल्ली में भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है। इस बाबत सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोई अपवाद नहीं होगा। किसी को कोई संरक्षण नहीं दिया जाएगा।

**विवादास्पद** | संसद में हत्या के दोषियों के लिए पारित किया विधेयक, यहूदियों के लिए अलग प्रावधान

# इजराइल में फिलिस्तीनियों को मौत की सजा का रास्ता साफ

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल की संसद नैस्ट ने एक बेहद विवादास्पद विधेयक को मंजूरी दी है, जो इजराइली नागरिकों की हत्या के दोषी वेस्ट बैंक के फिलिस्तीनियों के लिए मौत की सजा अनिवार्य बनाएगा। इस विधेयक की सबसे विवादित बात यह है कि इसमें सजा का दोहरा मापदंड रखा गया है। जहां वेस्ट बैंक के फिलिस्तीनियों को सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाकर फांसी दी जाएगी, वहीं समान अपराधों के लिए इजराइली नागरिकों यानी यहूदियों पर नागरिक अदालतों में मुकदमा चलेगा और उन्हें कठोर सजा के दायरे से बाहर रखा जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट में कानून को चुनौती, यूरोपीय देशों ने भी की निंदा

इस विधेयक को भेदभावपूर्ण बताकर व्यापक स्तर पर इसकी निंदा की जा रही है। यूरोपीय देशों के साथ मानवाधिकार समूहों और फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने दो अलग-अलग कानूनी प्रणालियां बनाने के लिए कानून की कड़ी आलोचना की है। एसोसिएशन फॉर सिविल राइट्स इन इजराइल इस विधेयक को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे रही है। उनका तर्क है कि यह कानून संवैधानिक और अधिकार क्षेत्र के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है और राष्ट्रीयता के आधार पर असमान व्यवहार स्थापित करता है। विधेयक के समर्थकों ने हमलों के अपने व्यक्तिगत अनुभवों का हवाला देते हुए कहा कि वे इजराइली और फिलिस्तीनियों के बीच आतंक के चक्र को तोड़ना चाहते हैं। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस विधेयक से लोकतांत्रिक सिद्धांतों के संबंध में इजराइल की प्रतिबद्धताओं के कमजोर होने का खतरा है।

द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, इस विधेयक के तहत सैन्य अदालतों में घातक आतंकी गतिविधियों के दोषी पाए गए वेस्ट बैंक के निवासियों के लिए फांसी की सजा ही मुख्य सजा होगी। न्यायाधीश केवल कुछ अस्पष्ट विशेष परिस्थितियों में ही उम्रकैद की सजा सुना सकेंगे। सजा सुनाए जाने के 90 दिनों के भीतर फांसी देनी होगी जिसे विशेष स्थिति में 180 दिन तक बढ़ाया जा सकता है। 120 सीटों वाली नैस्ट में सोमवार को इस विधेयक के पक्ष में 62 वोट पड़े, जिनमें प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का वोट भी शामिल था। विपक्ष में 48 वोट पड़े और एक सदस्य मतदान से अनुपस्थित रहा।

इस विधेयक की अगुवाई धुर दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने की थी। मतदान के बाद बेन ग्विर ने सार्वजनिक रूप से इसका जश्न मनाया और सोशल मीडिया पर लिखा, हमने इतिहास रच दिया! हमने वादा किया था जिसे पूरा कर दिखाया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज किसी समारोह में सम्मिलित होने का अवसर मिल सकता है। परिवार में संकोच के कारण दबाव महसूस कर सकते हैं।

**वृष** – आज राजनीतिक लोगों को बड़ा जनसमर्थन मिल सकता है। धन के लेन-देन में सावधानी रखनी चाहिये।

**मिथुन** – आज आपके आत्मविश्वास पर बुरा असर पड़ सकता है। बातचीत के माध्यम से विवादों को सुलझाना बेहतर होगा। व्यर्थ में अपना समय बर्बाद करने से बचें।

**कर्क** – आज परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। कारोबार में प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। आपको परिश्रम का उत्तम परिणाम प्राप्त होगा।

**सिंह** – आज करियर को लेकर थोड़े नाखुश रहेंगे। शैक्षणिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। अच्छी तरह से परखे और सुने बिना बातों पर प्रतिक्रिया न दें।

**कन्या** – आज दांपत्य संबंधों में सहयोग और विश्वास की भावना बढ़ेगी। करियर में आपको उत्तम विकल्प मिलने की संभावना है।

**तुला** – आज जीवनसाथी की आवश्यकताओं का ध्यान रखें। लोग आपको अत्यधिक सम्मान देंगे। हृदय रोगियों को स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**वृश्चिक** – आज आपकी आय में वृद्धि होगी। घर में पूजा-पाठ का वातावरण रहेगा। उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिए दिन अत्यंत अनुकूल है।

**धनु** – आज आप काफी तरोताजा और ऊर्जावान महसूस करेंगे। लंबे समय से रुके कार्यों के पूर्ण होने से मन में आनन्द का भाव रहेगा।

**मकर** – आज जीवनसाथी को आपके ऊपर गर्व की अनुभूति होगी। किसी रिश्तेदार के यहां घूमने जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र की जटिलता समाप्त होगी।

**कुंभ** – आज आपकी दैनिक आय में कमी आ सकती है। बनते कार्यों में अवरोध आ सकते हैं। नकारात्मक बातों को स्वयं पर हावी न होने दें।

**मीन** – आज आपके द्वारा लिए गए निर्णयों की सर्वत्र प्रशंसा होगी। विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। लोग आपको अत्यधिक सम्मान देंगे।

### आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 1 अप्रैल, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष- शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 07.06 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-उत्तरफाल्गुनी 04.17 तक तत्पश्चात हस्त।

### सुडोकू - 105 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 5 | 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 | 2 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 7 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 | 8 | 9 | 6 |

### सुडोकू -106

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | 2 | |
| | 8 | | | | 9 | | 3 | |
| | | | 8 | | | 1 | | |
| 9 | | 4 | | | | | | 2 |
| | | 7 | | | | 6 | | |
| 5 | | | | | 3 | | | 9 |
| | 1 | 3 | | | 8 | | 6 | |
| | 9 | | 4 | | | | 8 | |
| | | | 2 | | | | | 7 |



“मुझे पिंक कलर पसंद आ रहा है। पीला रंग थोड़ा पुराना लगने लगा था, लेकिन मैं बस मज़ाक कर रहा हूं। ज़ाहिर है, सीएसके जैसी फ्रेंचाइजी छोड़ना, शुरू में थोड़ा मुश्किल था। अच्छी बात यह थी कि मैं अब उस टीम के साथ हूं जहां मैंने पहली बार आईपीएल टाइटल जीता था।”
–रविंद्र जडेजा, राजस्थान रॉयल्स


# स्टेडियम

हल्द्वानी, बुधवार, 1 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

## आज का मुकाबला

लखनऊ सुपर जायंट्स
बनाम
दिल्ली कैपिटल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

## औरेंज कैप



- रियन रिकलटन मुंबई 81 रन
- ईशान किशन हैदराबाद 80 रन
- रोहित शर्मा मुंबई 78 रन

## पर्पल कैप



- जैकब डफी आरसीबी 3 विकेट
- शार्दुल ठाकुर मुंबई 3 विकेट
- रोमारियो शैफर्ड आरसीबी 3 विकेट

# एलएसजी का पहला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से आज

लखनऊ, एजेंसी।

लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) बुधवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 में अपने अभियान की शुरूआत करेगी तो कप्तान ऋषभ पंत पर प्रदर्शन में सुधार का काफी दबाव रहेगा। पिछले साल लखनऊ टीम के साथ बतौर कप्तान और स्टार बल्लेबाज अपने पहले साल में पंत अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके थे। प्रमुख खिलाड़ियों खासकर तेज गेंदबाजों की चोटों ने उनकी मुश्किलें और बढा दी थी। इस साल उनके पास पूरी तरह से फिट टीम है और मोहम्मद शमी तथा एनरिच नॉर्किया जैसे अनुभवी गेंदबाजों के आने से आक्रमण मजबूत हुआ है।

अक्सर चोटिल रहने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पिछले एक साल में अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है और लखनऊ को उम्मीद होगी कि वह उस भरोसे पर खरे उतरें जो टीम ने उन पर किया है। तेज गेंदबाज मोहसिन खान भी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं जबकि प्रिंस यादव ने भी अपनी मध्यम तेज गेंदबाजी से प्रभावित किया है। स्पिनर दिग्वेश सिंह राठी ने पहले साल में ही अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी थी और वह उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। गेंदबाजी की तुलना में लखनऊ की बल्लेबाजी बेहतर लग रही है। मिचेल मार्श और एडेन मार्क्रम आईपीएल की सबसे खतरनाक सलामी जोड़ियों में से है। पिछले सत्र में चौथे नंबर पर कोई कमाल नहीं कर सके पंत ने तीसरे नंबर पर शतक जमाया था। वह तीसरे नंबर पर ही उतरेंगे जबकि निकोलस पूरन चौथे नंबर पर खेलेंगे। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले सत्र में सात सलामी जोड़ियों को आजमाया लेकिन बात नहीं बनी। इस सत्र में उन्हें शीर्षक्रम में स्थिरता की उम्मीद होगी। केएल राहुल पारी का आगाज करेंगे लेकिन उनके साथ पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल या पाथुम निसांका में से कौन होगा, अभी तय नहीं है। मध्यक्रम को मजबूती देने के लिये डेविड मिलर को लाया गया है जबकि दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स भी टीम में हैं। चोट के कारण मिचेल स्टार्क पहला मैच नहीं खेल सकेंगे लेकिन दिल्ली का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत है। कप्तान अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे दो मैच विनर उसके पास है। उनके साथ लुंगी एंगिडि भी हैं जो टी20 विश्व कप में जबर्दस्त फॉर्म में थे।



लखनऊ : अभ्याससत्र के दौरान एकदूसरे से बातचीत करते एलएसजी और दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेटर।

### टीमें

- **लखनऊ सुपर जाइंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीज्के, एडेन मार्क्रम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश महाराज सिंह, आवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन तेंदुलकर, मयंक यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिच नॉर्किया, जोश इंगलिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, मनिमारन सिद्धार्थ, मुकुल चौधरी
- **दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नीतिश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स,आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी दर, पाथुम निसांका, लुंगी एंगिडि, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करूण नायर, साहिल पारख।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 4. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.687 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.907 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |
| 6. | दिल्ली कैपिटल्स | - | - | - | - | - | - |
| 7. | गुजरात टाइटंस | - | - | - | - | - | - |
| 8. | लखनऊ सुपर जायंट्स | - | - | - | - | - | - |
| 9. | पंजाब किंग्स | - | - | - | - | - | - |
| 10. | राजस्थान रॉयल्स | - | - | - | - | - | - |

## आरसीबी में आया है ठहराव : कृणाल

**बेंगलुरू, एजेंसी :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कृणाल पंड्या का कहना है कि टीम में पिछले साल की तुलना में ठहराव आया है और खिलाड़ियों को इस सत्र में अपनी भूमिकाओं के बारे में बखूबी पता है। आरसीबी ने 2025 में 18 साल में पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीता था और पंजाब किंग्स के खिलाफ फाइनल में कृणाल प्लेयर आफ द मैच थे जिन्होंने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिये थे। कृणाल ने कहा, '' मेरा मानना है कि इस साल अधिक ठहराव आया है। पिछले साल यह नयी टीम थी और सभी एक दूसरे को समझ रहे थे। इस साल खिलाड़ियों को अपनी भूमिका, एक दूसरे की ताकत और कमजोरी बखूबी पता है।'' उन्होंने कहा, '' जब मैं बड़े मौकों पर खेलता हूं तो मुझे लगता है कि अगर भगवान आपको यहां तक लाये हैं तो कोई कारण होगा और मुझे लगता है कि ये बड़े मौके मेरे लिये ही बने हैं।

## हाईलाइट

### प्रिया की शानदार जीत, जादूमणि हारे

उलानबटोर, एजेंसी। भारत की प्रिया ने एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को 5 .0 से जीत दर्ज की जबकि जादूमणि सिंह जुझारू प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। महिलाओं के 60 किलो वर्ग में प्रिया ने कजाखस्तान की रिम्मा वोलोस्सेंको को 5 .0 से हराया। अब उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की चेंग्यू यांग से होगा। जादूमणि को जापान के रिम्मा यामागुची ने 3 .2 से हराया। यामागुची ने अस्ताना में हुए टूर्नामेंट में रजत और मुक्केबाजी विश्व कप फाइनल्स में कांस्य पदक जीता था।

### फखर जमां पर लगा दो मैच का बैन

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को कन्फ़र्म किया कि टूर्नामेंट के कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 3 के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद फखर जमां को पीएसएल 2026 के दो मैचों के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। यह आरोप आर्टिकल 2.14 के उल्लंघन से जुड़ा है, जो 29 मार्च को गद्दाफी स्टेडियम में कराची किंग्स के खिलाफ लाहौर कलंदर्स के मैच के दौरान गेंद की हालत बदलने से जुड़ा है। यह घटना मैच के आखिरी समय में हुई जब ऑन-फील्ड अंपायरों ने लाहौर कलंदर्स पर पांच रन की पेनल्टी लगाई और कराची किंग्स की पारी के आखिरी ओवर से पहले गेंद बदलने का आदेश दिया। फखर पर ऑन-फील्ड अंपायर शाहिद सैकत और फैसल खान आफरीदी के साथ-साथ टीवी अंपायर आसिफ याकूब और चौथे अंपायर तारिक रशीद ने आरोप लगाए। उन्होंने गलती से इनकार किया और आरोप का विरोध करने का विकल्प चुना, जिसके कारण पूरी डिसिप्लिनरी सुनवाई हुई।

### चीन ने जीते 13 गोल्ड

तियानजिन, एजेंसी। 10वीं वर्ल्ड जूनियर वुशु चैंपियनशिप छह दिन के कॉम्पिटिशन के बाद यहां खत्म हुई, जिसमें चीन ने 13 गोल्ड और चार सिल्वर मेडल जीतकर मेडल स्टैंडिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। हांगकांग, 13 गोल्ड, सात सिल्वर और छह ब्रॉन्ज़ मेडल के साथ टेबल में टॉप पर रहा, जबकि इंडोनेशिया नौ गोल्ड, 11 सिल्वर और सात ब्रॉन्ज़ मेडल के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

# आईपीएल : युजवेंद्र चहल व विशाक ने गुजरात टाइटंस को 162 रनों पर रोका

## पंजाब किंग्स को जीत के लिए 163 रनों का लक्ष्य, गिल ने सर्वाधिक 39 रन बनाए

मुल्लांपुर, एजेंसी।

लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए मध्य के ओवरों में गुजरात टाइटंस पर दबाव बनाने में मदद की जिससे पंजाब किंग्स ने मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच पर उसे छह विकेट पर 162 रन के स्कोर पर रोक दिया। चहल ने चार ओवरों में 28 रन देकर दो विकेट झटके जबकि तेज गेंदबाज विजयकुमार विशाक ने 34 रन देकर तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी के इस फीके प्रदर्शन में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल (27 गेंदों में 39 रन) और जोस बटलर (33 गेंदों में 38 रन) ने योगदान दिया।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद गिल ने बेहतरीन लय में दिख रहे थे, उन्होंने चौकों-छक्कों की झड़ी लगा दी जिससे टीम तीन ओवरों में ही 35 रन तक पहुंच गई। इससे पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर को गेंदबाजी में बदलाव करना पड़ा और उन्होंने लंबे कद के मार्को यानसन (चार ओवर में 20 रन देकर एक विकेट) को आक्रमण पर लगाया। इसका उन्हें तुरंत फायदा मिला।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यानसन ने साई सुदर्शन (13) को एक गेंद पर ऐसा शॉट खेलने पर मजबूर किया जो सीधे मिड-ऑफ की तरफ़ गया जहां अय्यर ने आसानी से कैच लपक लिया। इससे पंजाब की टीम को चौथे ओवर में पहली सफलता मिल गई। फिर बटलर क्रीज़ पर आए। टी20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद वापसी कर रहे इंग्लैंड के इस बल्लेबाज़ ने विशाक पर चौका जड़कर शानदार अंदाज में अपना खाता खोला। बटलर ने यानसन की वाइड गेंद पर ‘कट शॉट’ से बैकवर्ड प्वाइंट की तरफ चौका जड़ा। इसके बाद उन्होंने मैच का पहला छक्का विशाक की गेंद को सीधे मैदान के ऊपर से उठाकर लगाया। गुजरात टाइटंस ने पावरप्ले में एक विकेट पर 54 रन बना लिए थे। पंजाब की टीम ने शुरुआती ओवरों में रन लुटाने के बाद बाद के ओवरों में नियंत्रण पा लिया था। चहल आठवें ओवर में गेंदबाजी करने आए। इस लेग स्पिनर का गिल के खिलाफ़ रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है, उन्होंने पिछले आईपीएल में गिल को तीन बार आउट किया था और इस बार भी उन्होंने इस सलामी बल्लेबाज को अपना शिकार बना लिया।

गिल ने डीप मिड-विकेट की तरफ शॉट खेला और कैच आउट हो गए। नए बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स ने चहल की गेंद पर लांग ऑन के ऊपर से जोरदार शॉट लगाकर छक्का जड़ा। इसके बाद बटलर ने जेवियर बार्टलेट कीगेंद को मिड-ऑन के ऊपर से मारकर एक और छक्का लगाया। इसके बाद पंजाब किंग्स ने वापसी करते हुए नियंत्रण बना लिया।



मुल्लांपुर : गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज का विकेट लेने के बाद खुशी मनाते पंजाब किंग्स के खिलाड़ी।

- **चहल ने चार ओवरों में 28 रन देकर दो विकेट और विशाक ने 34 रन देकर तीन विकेट झटके**
- **गुजरात टाइटंस ने पावरप्ले में एक विकेट पर बना लिए थे 54 रन**

### गुजरात टाइटंस

**162/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन का श्रेयस बो यानसन | 13 |
| शुभमन गिल का कोनोली बो चहल | 39 |
| जोस बटलर का बार्टलेट बो चहल | 38 |
| ग्लेन फिलिप्स का यानसन बो विशाक | 25 |
| सुंदर का अर्शदीप बो विशाक | 18 |
| शाहरूख खान का अर्शदीप बो विशाक | 04 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 11 |
| राशिद खान नाबाद | 00 |

- **अतिरिक्त** : 14, **कुल योग** : 20 ओवर में छह विकेट पर 162 रन
- **विकेट पतन** : 1-37, 2-83, 3-119, 4-129, 5-144, 6-150
- **गेंदबाजी** :

अर्शदीप सिंह 4-0-42-0
जेवियर बार्टलेट 4-0-36-0
मार्को यानसन 4-0-20-1
विजयकुमार विशाक 4-0-34-3
युजवेंद्र चहल 4-0-28-2

# सूर्यवंशी भारतीय टी 20 टीम में जगह बनाने के दावेदार : चावला

गुवाहाटी, एजेंसी।

रियान पराग, गुवाहाटी में वैभव सूर्यवंशी को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के ख़िलाफ़ बल्लेबाज़ी करते हुए देख रहे थे और बस यही सोच रहे थे, “वाह, ये कैसे करता है?” वहीं दूसरी ओर पीयूष चावला और अंबाती रायुडू मैच देखते हुए सोच रहे थे कि 15 साल के राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के इस बल्लेबाज़ के लिए भारतीय टीम का बुलावा अब ज़्यादा दूर नहीं है।

चावला ने कहा कि वह “सूर्यवंशी को जल्दी ही ऊपर के स्तर पर देखना चाहेंगे”, जबकि रायुडू थोड़ा सावधान रहे लेकिन बोले कि यह युवा “निश्चित रूप से दौड़ में शामिल है।” आईपीएल के बाद भारत को अफ़ग़ानिस्तान और आयरलैंड के ख़िलाफ़ टी20 सीरीज़ खेलना है। रायुडू ने कहा, “सूर्यवंशी, देश के कई युवा खिलाड़ियों से एक स्तर ऊपर दिखते हैं और ऐसी प्रतिभा हैं, जो भारतीय क्रिकेट के लिए जरूर कमाल करेगा। हालांकि कब करेगा, यह नहीं कहा जा सकता, लेकिन भविष्य में जरूर ऐसा होगा। “जिस तरह वह बल्लेबाज़ी कर रहे हैं और जिस आज़ादी के साथ खेल रहे हैं, यह इस बात का सबूत है कि आरआर मैनेजमेंट ने शानदार काम किया है और उनके लिए चीज़ों को जटिल नहीं बनाया है। उनकी शॉट-मेकिंग और जिस आसानी से वह गेंदबाज़ों पर आक्रमण करते हैं, इस उम्र में अविश्वसनीय है।” रायुडू ने कहा, “मेरे हिसाब से टी20 में उनका पहला बुलावा आ सकता है, बशर्ते अगर उनका आईपीएल बहुत अच्छा जाता है और वह दिखाते हैं कि वह दबाव में भी शांत रह सकते हैं। मत भूलिए, हमारी भारतीय टीम अभी विश्व चैंपियन है और हाल ही में टीम ने टी20 विश्व कप जीता है। इसलिए टीम में जगह बनाना आसान नहीं होगा। मेरे हिसाब से अभी कुछ खिलाड़ी उनसे आगे हैं, क्योंकि टीमें अगले आईसीसी टूर्नामेंट को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। कई खिलाड़ी हैं जो पिछले दो-तीन साल से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसलिए, अगर मैं चयनकर्ता होता, तो वह निश्चित रूप से रेस में होते। लेकिन अभी कई खिलाड़ी उनसे आगे हैं।” अगर सूर्यवंशी अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचते हैं, तो चावला मानते हैं कि वह आसानी से ढल जाएंगे। उन्होंने कहा, “यही आईपीएल की ख़ूबसूरती है। 15 साल की उम्र में वह विश्व स्तरीय गेंदबाज़ों का सामना कर रहे हैं। जब वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाएंगे, तो यह उनके लिए नया नहीं होगा। वह पहले ही 140 की गति वाली गेंदबाज़ी का सामना कर रहे हैं।” “और अगर वह ऐसे ही खेलते रहे, तो मैं उन्हें जल्दी ही ऊपर जाते हुए देखना चाहूंगा। पिछले एक साल में अंडर-19 हो या घरेलू क्रिकेट, जहां भी उन्होंने खेला, शतक लगाया है।



## खेल और राजनीति

भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने थामा तृणमूल कांग्रेस का हाथ

# भारत में राजनीति से जुड़ने वाले खिलाड़ियों पर एक नजर

नई दिल्ली,एजेंसी।

भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने तृणमूल कांग्रेस के साथ पांच साल के जुड़ाव के बाद मंगलवार को भाजपा में शामिल होने का फैसला किया जिसके बाद राजनीति में आने वाले खिलाड़ियों पर फिर सभी का ध्यान आकर्षित हुआ।

कुछ खिलाड़ी ऊंचे पदों पर पहुंचकर कैबिनेट मंत्री बन गए तो वहीं कुछ अन्य के चुनावों में मिलेजुले नतीजे रहे और वे अब भी अपना रास्ता तलाश रहे हैं। कुछ मशहूर खिलाड़ियों के नाम जिन्होंने अपने करियर में यह बदलाव किया।

### मोहम्मद अजहरुद्दीन



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान 2009 में कांग्रेस में शामिल हुए और उसी साल उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से लोकसभा सदस्य बने। लेकिन 2014 और 2023 में हुए अगले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। हैदराबाद क्रिकेट संघ के प्रमुख के तौर पर कुछ समय काम करने के बाद अजहर को तेलंगाना में रेवंत रेड्डी की सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया जहां उन्हें सार्वजनिक उद्यम और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया।

### नवजोत सिंह सिद्धू



भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कई पार्टियों भाजपा, कांग्रेस और उनकी अपनी पार्टी आवाज-ए-पंजाब के लिए काम किया। वह भाजपा के टिकट पर 2004 और 2009 के आम चुनाव जीते। लेकिन 2017 में कांग्रेस में शामिल हो गए और अमृतसर पूर्व विधानसभा सीट से चुनाव जीता। उन्हें 2022 के राज्य चुनावों में उसी सीट पर आप पार्टी के प्रतिद्वंद्वी ने हरा दिया। फिलहाल वह राजनीति से कुछ समय के लिए दूर हैं।

### बिरेन सिंह



बीएसएफ और मणिपुर के लिए खेल चुके इस फुटबॉलर ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत लोकतांत्रिक क्रांतिकारी जन पार्टी से की और राज्य चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे। बाद में उन्होंने कांग्रेस में शामिल होकर 2007 और 2012 में अपनी सीट बनाए रखी। लेकिन 2016 में वह भाजपा से जुड़े और 2017 के चुनाव में जीत हासिल कर मणिपुर के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने यह उपलब्धि 2022 में भी दोहराई। लेकिन 2025 में राज्य में हुई जातीय हिंसा के बाद उनका सफर समाप्त हो गया।



**चेतन चौहान :** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज खेल करियर के बाद भाजपा में शामिल हो गए। वह 1991 और 1998 में अमरोहा से सांसद रहे। लेकिन 1996, 1999 और 2004 में वे वहां से चुनाव हार गए। उन्होंने 2017 में राजनीति में वापसी की और नगावां सादात से उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव जीता। चौहान का निधन 2020 में हो गया।



**हरभजन सिंह :** भारत के पूर्व स्पिनर दो विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे और उनके नाम 400 से ज्यादा टेस्ट विकेट दर्ज हैं। वह 2022 में आम आदमी पार्टी के साथ राजनीति में शामिल हुए। बाद में आपने उन्हें राज्यसभा के लिए नामित किया।



**राज्यवर्धन सिंह राठौड़ :** इस शीर्ष निशानेबाज ने ओलंपिक में भारत के लिए निशानेबाजी का पहला रजत पदक जीता था। वह 2013 में भाजपा से जुड़े और 2014 के आम चुनावों में जयपुर से लोकसभा के लिए चुने गए। उन्होंने 2019 के चुनावों में भी जीत हासिल की। 2023 में उन्होंने राज्य की राजनीति का रुख किया और उसी साल चुनाव जीता जिसके बाद उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया।



**कीर्ति आजाद :** विश्व कप 1983 की विजेता टीम के सदस्य ने सबसे पहले भाजपा के जरिए राजनीति में कदम रखा और बिहार के दरभंगा से विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीता। लेकिन 2015 में आजाद को वरिष्ठ नेता अरुण जेटली के साथ अनबन के चलते भाजपा से निलंबित कर दिया गया और बाद में वह 2019 में कांग्रेस में शामिल हो गए। 2021 में वह तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए और पश्चिम बंगाल के बर्धमान-दुर्गापुर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल करके फिर से लोकसभा में पहुंचे।



**बाईचुंग भूटिया:** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान 2014 में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए लेकिन दार्जिलिंग से आम चुनाव हार गए। हालांकि 2021 के बंगाल विधानसभा चुनावों के दौरान उन्होंने वाम मोर्चा का समर्थन किया। बाद में उन्होंने अपनी खुद की पार्टी ‘हमारो सिक्किम’ बनाई, लेकिन चुनावों में कोई खास असर नहीं डाल पाए।



**दिलीप टिर्की :** भारत के पूर्व हॉकी कप्तान 2012 में बीजू जनता दल में शामिल हुए और उन्हें राज्यसभा के लिए नामित किया गया। लेकिन वह 2024 में सुंदरगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाए।



**साइना नेहवाल :** दुनिया की पूर्व नंबर एक और लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली बैडमिंटन की इस दिग्गज खिलाड़ी 2020 में अपनी बहन के साथ भाजपा से जुड़ी लेकिन उन्होंने अभी तक चुनावों में अपनी किस्मत नहीं आजमाई है।



**गौतम गंभीर :** दो बार की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और भारतीय टीम के मौजूदा कोच ने 2019 में भाजपा के जरिए राजनीति में कदम रखा। इसी साल उन्होंने पूर्वी दिल्ली से आम चुनाव जीता। लेकिन 2024 में उन्होंने एक क्रिकेट कोच के तौर पर अपने खेल करियर को फिर से शुरू करने के लिए सक्रिय राजनीति से दूरी बना ली।



**कर्णी सिंह :** बीकानेर के अंतिम महाराजा कर्णी सिंह 1962 में काहिरा में आयोजित विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत के पहले पदक विजेता थे जहां उन्होंने रजत पदक जीता था। बाद में उन्होंने 25 वर्षों तक लोकसभा में स्वतंत्र सांसद के रूप में काम किया और 1952 से 1977 तक बीकानेर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। 1988 में उनका निधन हुआ।

**विनेश फोगाट व बजरंग पूनिया :**



दोनों कामयाब और उतने ही विवादित पहलवान रहे, दोनों 2024 में कांग्रेस पार्टी में एक साथ शामिल हुए। इससे पहले उन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया था। बृज भूषण भाजपा के नेता थे और उन पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। फोगाट ने जहां जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल करके हरियाणा में विधायक का पद संभाला तो पार्टी ने पूनिया को अखिल भारतीय किसान कांग्रेस का प्रमुख नियुक्त किया।